सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 07 जुलाई , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 183, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## छह कंपनियों की पूंजी 70325 करोड़ घटी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 70,325 .5 करोड़ रुपये की गिरावट आई। } 14

## प्रौद्योगिकी को सहकारिता क्षेत्र की कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग बनायें

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सहकारिता क्षेत्र के नेताओं से अपील की कि वे सफलता प्राप्त करने के लिए पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी का उपयोग और सहकारी संगठनों के सदस्यों के हितों को अपनी कार्य संस्कृति में सर्वोच्च स्थान दें। } 16



### संक्षेप

## सेना के जवान ने दी गोली मारकर जान

राजौरी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले स्थित सेना के एक शिविर में अपनी सर्विस राइफल से गोली चल जाने पर एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात राजौरी से 40 किलोमीटर दूर सोलंकी गांव में 54वीं राष्ट्रीय राइफल्स का यह जवान कंपनी मुख्यालय में पहरा दे रहा था कि तभी यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनकर बाकी जवान घटनास्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने सैनिक को मृत अवस्था में पाया। अधिकारी ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सैनिक ने आत्महत्या की या फिर गोली दुर्घटनावश चली।

## अलीगढ़ में तनाव पुलिस बल तैनात

अलीगढ़ (उप्र)। अलीगढ़ जिले के जट्टारी कस्बे में रविवार सुबह अराजक तत्वों द्वारा एक मजार को कथित रूप से अपवित्र करने की कोशिश किये जाने की खबर से तनाव फैल गया। अधिकारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि जट्टारी कस्बे के मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित एक सूफी संत की मजार को अपवित्र किये जाने के प्रयास की खबर फैलने पर इलाके में भीड़ जमा होने लगी, तब वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत किया। सिंह के अनुसार अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया कि मजार और आसपास की धातु की रेलिंग को हुए नुकसान की तुरंत मरम्मत की जाएगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए दरगाह परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि दरगाह की प्रबंधन समिति की शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सिंह ने कहा, उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मंडी में बादल फटा पूरा परिवार लापता

शिमला। मंडी जिले के तलवारा गांव में बादल फटने की घटना में दस महीने की नितिका के परिवार के तीन सदस्य या तो बह गए या उनकी मृत्यु हो गई और वह संभवतः अपने परिवार की अकेली जीवित सदस्य रह गयी है। मंगलवार को जब गांव में बादल फटा तब बच्ची के 31 वर्षीय पिता रमेश कुमार अपने घर के अंदर घुस रहे पानी को रोकने की कोशिश कर रहे थे तभी बादल फटने से गांव में तबाही मच गई। उनका शव मलबे में मिला। नितिका की मां राधा देवी (24) और दादी पुर्णू देवी (59) रमेश की तलाश में निकल पड़ीं। दोनों महिलाओं का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पड़ोसी प्रेम सिंह ने बच्ची को अकेले रोते हुए देखा और उसे रमेश के चचेरे भाई बलवंत के पास ले गये। बलवंत पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एलन मस्क ने किया अमेरिका पार्टी का गठन

एजेंसी



न्यूयॉर्क। अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मतभेद के बाद अमेरिका के लोगों को उनकी आजादी वापस दिलाने के लिए एक नयी राजनीतिक पार्टी बनाई है। मस्क ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर घोषणा की कि उन्होंने देश में दो-पक्षीय प्रणाली को चुनौती देने के लिए अमेरिका पार्टी का गठन किया है।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आपको आपकी स्वतंत्रता वापस दिलाने के लिए आज अमेरिका पार्टी का गठन किया गया है। टेस्ला और स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा, जब हमारे देश को बर्बादी और भ्रष्टाचार से दिवालिया बनाने की बात आती है तो हम लोकतंत्र में नहीं, एक पार्टी प्रणाली होते में हैं। मस्क ने हालांकि यह नहीं बताया कि पार्टी कहां पंजीकृत हो सकती है। कानूनी रूप से पार्टी बनाने के लिए उसका संघीय चुनाव आयोग (एफईसी) में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वैश्विक कल्याण के लिए बड़ी ताकत बना ब्रिक्सः मोदी

एजेंसी



रियो डी जेनेरियो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि ब्रिक्स आर्थिक सहयोग और वैश्विक कल्याण के लिए एक बड़ी ताकत बना हुआ है। ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के कई शीर्ष नेता शिखर सम्मलेन के लिए ब्राजील के इस समुद्र तटीय शहर रियो डी जेनेरियो में एकत्र हुए हैं। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लिया। सम्मेलन का आयोजन समूह के वर्तमान अध्यक्ष ब्राजील ने किया है। ब्रिक्स एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है। इसमें दुनिया की 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देश शामिल हैं।

मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बने ब्रिक्स का 2024 में विस्तार किया गया, जिसके तहत मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को समूह में शामिल किया गया। इंडोनेशिया 2025 में ब्रिक्स में शामिल हुआ। मोदी पांच देशों के दौरे के चौथे चरण में कल रात यहां पहुंचे थे। इससे पहले वह घाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो और अर्जेंटीना का दौरा कर चुके हैं। पश्चिम एशिया की स्थिति, रूस-यूक्रेन संघर्ष और ग्लोबल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत और अर्जेंटीना व्यापार में विविधता लाने पर सहमत

ब्यूनस आयर्स। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ने भारत-अर्जेंटीना व्यापार में विविधता लाने पर सहमति जतायी तथा रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा और खनिज जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। दोनों नेताओं ने अपनी व्यापक वार्ता में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, क्योंकि इससे एक-दूसरे के सामरिक हितों को पूरा किया जा सके। मोदी पांच देशों की अपनी यात्रा के तीसरे चरण में शुक्रवार को दो-दिवसीय यात्रा पर ब्यूनस आयर्स पहुंचे। वैसे तो मोदी ने 2018 में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अर्जेंटीना की यात्रा की थी, लेकिन 57 साल के अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह दक्षिण अमेरिकी देश की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि उन्होंने और राष्ट्रपति मिलेई ने व्यापार संबंधों में विविधता लाने तथा कृषि, रक्षा, सुरक्षा और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि फार्मास्यूटिकल्स और खेल जैसे क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने मिलेई के साथ अपनी बैठक को उत्कृष्टै बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, हम भारत-अर्जेंटीना राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने और अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने के पांच वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन हम इस बात पर सहमत हैं कि आगे की यात्रा और भी अधिक आशाजनक है। विदेश मंत्रालय में ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत की एकता को समर्पित रहे श्यामा प्रसाद

### मुखर्जी एक प्रखर वक्ता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान शिक्षाविद थे: योगी

एजेंसी



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने मुखर्जी को श्रद्धांजलि देने के बाद अपने संबोधन में कहा कि मुखर्जी एक प्रखर वक्ता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान शिक्षाविद थे।

उनका पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। उन्होंने दावा किया कि पंडित जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में बनी देश की पहली सरकार में खाद्य एवं उद्योग मंत्री रहे मुखर्जी ने नेहरू सरकार की तुष्टीकरण के नीति के विरोध में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। योगी ने कहा कि जब नेहरू सरकार ने संविधान में कश्मीर को अनुच्छेद 370 के जरिये अलग दर्जा देने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सबसे पहले मुखर्जी ने ही आवाज उठाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुखर्जी ने उस समय एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा दिया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करके कश्मीर को भारत के संविधान के अनुरूप शेष भारत के साथ जोड़ते हुए एक विधान, एक प्रधान और एक निशान के साथ देश लोकतांत्रिक धारा के साथ जोड़ने का अभिनव प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जम्मू-कश्मीर तेजी के साथ विकास कर रहा है और यह डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संकल्पों की विजय है।

## अब गोवंश को गोद ले सकेंगे यूपी के किसान

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के किसान गोवंश को गोद ले सकेंगे, जिससे न केवल उसका (गोवंश मवेशियों का) संरक्षण होगा, बल्कि गो आधारित अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत किसानों को एक से चार तक गोवंश मवेशी सौंपे जाएंगे, जिनके माध्यम से वे आत्मनिर्भर बनेंगे।

इस योजना के तहत जिन किसानों को गोवंश मवेशी मिलेगा, उनके आवासीय परिसर में ही मनरेगा के अंतर्गत व्यक्तिगत कैटल शेड (एक ऐसा स्थान विशेषकर गाय, भैंस आदि के लिए उपयोगी) बनाए जाएंगे। इससे किसानों को अपने पशुओं के रखरखाव के लिए अलग से स्थान उपलब्ध होगा। साथ ही, छोटी बायोगैस इकाई भी लगाई जाएंगी। बयान के मुताबिक गो सेवा के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस नई पहल से बड़े पैमाने पर स्थानीय लोगों को आर्थिक लाभ होगा और राज्य की अर्थव्यवस्था भी रफ्तार पकड़ेगी। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के विशेष कार्याधिकारी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया, इस योजना का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। जल्द ही महिला स्वयं सहायता समूहों और नवयुवकों को विशेष तौर पर इस अभियान में शामिल किया जाएगा, जिससे उनके स्वावलंबन को नई दिशा मिलेगी। हर गोवंश पालक को छोटी लघु बायोगैस इकाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि गोबर से स्वच्छ ईंधन तैयार किया जा सके। यह किसानों के रसोई ईंधन की जरूरत को भी पूरा करेगा और पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा। श्रीवास्तव ने बताया कि इस योजना को एकीकृत ग्रामीण विकास मॉडल के रूप में लागू किया जा रहा है, जिसमें गोवंश संरक्षण, जैविक खेती, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इजराइली हवाई हमलों में 38 फलस्तीनी मारे गये



एजेंसी

दीर अल-बला (गाजा पट्टी)। गाजा में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 38 फलस्तीनी मारे गए। अस्पताल अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने कहा कि उसने पिछले दिन संघर्षग्रस्त क्षेत्र में 100 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्ध विराम प्रयासों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से व्हाइट हाउस में वार्ता के लिए वाशिंगटन जाने की तैयारी कर रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुरुआती 60 दिन के युद्ध विराम की योजना पेश की है, जिसमें गाजा में मानवीय आपूर्ति में वृद्धि के बदले हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की आंशिक रूप से रिहाई शामिल है। प्रस्तावित युद्ध विराम में 21 महीने से जारी युद्ध को पूरी तरह समाप्त करने के लिए वार्ता की बात कही गई है। गाजा शहर में सेवा प्रदान करने वाले शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेलमिया के अनुसार, इजराइली हमलों में गाजा शहर के दो मकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 20 लोग मारे गए और 25 घायल हो गए। दक्षिणी गाजा में, निकटवर्ती खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल के अधिकारियों ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि मुवासी नामक क्षेत्र में हुए हमलों में 13 फलस्तीनी मारे गए। मुवासी गाजा के भूमध्य सागर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 'जंगल सफारी' बना उत्तराखंड पर्यटन का नया आकर्षण

### सीएम ने कार्बेट पार्क में 'जंगल सफारी' का किया रोमांचकारी अनुभव

प्रमुख संवाददाता



रामनगर (उत्तराखंड)। राज्य सरकार की योजनाबद्ध नीतियों और निरंतर प्रयासों से जंगल सफारी अब उत्तराखंड पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन गया है। कार्बेट पार्क जैसे प्राकृतिक स्थलों में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को नया बल मिला है और स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार एवं जीवन यापन के नए अवसर पैदा हुए हैं।

उक्त विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कार्बेट नेशनल पार्क में 'जंगल सफारी' के रोमांचकारी अनुभव के उपरांत व्यक्त किए। इस अवसर पर धामी जी ने कहा कि 'जंगल सफारी' केवल एक पर्यटक गतिविधि नहीं, बल्कि प्रकृति की अनुपम धरोहर से आत्मिक जुड़ाव का अवसर है। जंगल सफारी मनोरम छटा और जीवंत वन्यजीवन का सजीव दर्शन करते हुए कहा कि जंगल सफारी के जरिए लोगों को न केवल प्रकृति के निकट आने का मौका मिलता है, बल्कि यह जैव विविधता के प्रति जागरूकता का माध्यम भी बनती है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वन विभाग, स्थानीय नागरिकों तथा पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से 1000 से अधिक पौधों का सामूहिक रूप से रोपण भी किया। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मातृत्व, प्रकृति और भावनात्मक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत की इंग्लैंड में सबसे बड़ी जीत

एजेंसी



बर्मिंघम। भारत ने इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट मैच में 336 रनों से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है। भारत ने बर्मिंघम में पहली बार जीत दर्ज की है।

भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए थे और इंग्लैंड को 407 रन पर आउट कर 180 रनों की बड़ी बढ़त हासिल कर ली थी। भारत ने शुभमन गिल के शतक की मदद से दूसरी पारी छह विकेट पर 427 रन बनाकर घोषित की थी और कुल 607 रनों की बढ़त हासिल कर इंग्लैंड के सामने 608 रनों का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड की दूसरी पारी पांचवें दिन 271 रन पर ऑलआउट हुई और भारत ने जीत हासिल की। बारिश के कारण पांचवें दिन का खेल देरी से शुरू हुआ, लेकिन आकाश दीप ने इंग्लैंड को शुरूआत में ही दो झटके दिए। इसके बाद बेन स्टोक्स ने जैमी स्मिथ के साथ मिलकर पारी को संभाला और छठे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी कर डाली। इस साझेदारी को वॉशिंगटन सुंदर ने स्टोक्स को आउट कर तोड़ा। (विस्तृत खबर खेल पेज पर)



**आज का मौसम**

अधिकतम : 34.06 डिसे.
न्यूनतम : 28.04 डिसे.

**भीतर पढ़ें**


- हरित आवरण वृद्धि में यूपी देश में दूसरे स्थान पर (पृष्ठ-02)
- भाजपा सरकार की नीतियां शिक्षा विरोधी (पृष्ठ-02)
- दिवाला कानून पीएमएलए को नजर अंदाज नहीं कर सकता (पृष्ठ-14)
- सरसों, सोयाबीन, मूंगफली तेल में सुधार (पृष्ठ-14)
- कंपनियों के नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** चिपचिपाहट वाली गर्मी ने लोगों को खूब परेशान किया

# यूपी के कुछ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मानसून एक बार फिर पश्चिमी हिस्सों की ओर रुख करता दिख रहा है। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए राज्य के 16 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इनमें सहारनपुर, शामली, बरेली, पीलीभीत जैसे तराई क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा कुल 47 जिलों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।

लखनऊ में रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहे। कहीं धूप तो कहीं छांव रही और चिपचिपाती गर्मी ने लोगों को खूब परेशान किया। दिन में अधिकतम तापमान 36 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं रात का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहने का अनुमान है। हवा में 80 से 50 फीसद नमी दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के पूर्वी हिस्से में अगले तीन चार दिन फिलहाल मानसूनी बारिश के मध्यम पड़ने के संकेत हैं। इस दौरान पूर्वांचल के इलाकों में बादलों की आवाजाही के साथ छिटपुट बूंदाबांदी के ही आसार हैं। फिलहाल यहां अच्छी बारिश की संभावना न के बराबर है। रविवार को दक्षिणी यूपी और मध्य प्रदेश से सटे जिलों प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट, सोनभद्र आदि में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश देखने को मिली। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती परिसंचरण की वजह से मानसूनी नमी उड़ीसा और मध्य प्रदेश तक सीमित होकर रह गई है। जिसके परिणाम स्वरूप रविवार को दक्षिणी यूपी और मध्य प्रदेश से सटे जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। रविवार को दक्षिणी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट और सोनभद्र जैसे जिलों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार से आगामी कुछ दिनों तक पश्चिमी यूपी और मध्य यूपी के जिलों में बारिश की सक्रियता बनी रहेगी। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, महोबा, झांसी और ललितपुर में आने वाले 24 से 36 घंटे में बारिश हो सकती है। सोमवार से अगले ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अपराध नियंत्रण में इस्तेमाल करें नैटग्रिड का डेटाबेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ खुफिया सेवाओं और जांच के लिए वास्तविक समय की जानकारी साझा करने वाले नैटग्रिड ने सभी राज्य पुलिस बलों से उसके साथ संपर्क बढ़ाने, अपराध नियंत्रण तथा आपराधिक गतिविधियों की जांच के लिए उसके डेटाबेस का सक्रिय रूप से इस्तेमाल करने को कहा है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के सीधे अधीन कार्यरत नैटग्रिड अन्य जानकारी के अलावा, आतंकवादी गतिविधियों, संगठित आपराधिक गिरोहों, वित्तीय लेनदेन, आव्रजन, जाली मुद्रा और मादक पदार्थों के प्रचलन पर अपने डेटाबेस से वास्तविक समय की जानकारी 11 केंद्रीय एजेंसियों और सभी राज्य पुलिस बलों के साथ साझा करता है। नैटग्रिड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीयूष गोयल ने सभी राज्यों के पुलिस प्रमुखों को लिखे पत्र में अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने बलों में नैटग्रिड के उपयोग को बढ़ाएं, ताकि सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि हो सके तथा उन्हें समाधान का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। पत्र में विशेष रूप से जिला पुलिस अधीक्षकों को अपराध नियंत्रण और कानून प्रवर्तन पहलों में नैटग्रिड डेटाबेस के व्यापक उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# हरित आवरण वृद्धि में यूपी देश में दूसरे स्थान पर : योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण महा अभियान-2025 के सफल क्रियान्वयन के लिए नगर निकाय एवं पंचायत निकाय के जनप्रतिनिधियों से किया संवाद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ₹एक पेड़ मां के नाम₹ वृक्षारोपण महा अभियान-2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रदेश के सभी महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक पंचायत सदस्य, पार्षद, सभासद एवं ग्राम प्रधानों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप पांच जून यानी विश्व पर्यावरण दिवस के दिन शुरू हुआ एक पेड़ मां के नाम अभियान सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

- सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है एक पेड़ मां के नाम अभियान: योगी
- बोले– कार्बन क्रेडिट के तहत सात मंडलों के हजारों किसानों को किया जायेगा 42 लाख 20 हजार रुपये का भुगतान
- मुख्यमंत्री ने कहा– 2017 से 2024 के बीच हरित आवरण में 5 लाख एकड़ की वृद्धि हुई है

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश का वन आच्छादन नीचे जा रहा था। विगत आठ वर्ष में नियोजित प्रयासों के माध्यम से प्रदेश का वन आच्छादन 9 प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत हो गया है। आज हरित आवरण वृद्धि में उत्तर प्रदेश, देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से 2024 के बीच हरित आवरण में 5 लाख एकड़ की वृद्धि हुई है। वहीं वर्ष 2021 से 2023 के बीच वनावरण एवं वृक्षावरण में 1 लाख 38 हजार एकड़ की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 से 2023 तक हरित आवरण में कुल 3.38 लाख एकड़ की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग भविष्य में जीव जंतु ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानवजाति के लिए बड़ी समस्या बन सकता है। इससे भविष्य में भूस्खलन, अत्यधिक वर्षा, बाढ़ आदि की समस्याएं देखने को मिलेंगी। इसके लिए आवश्यक है कि जलवायु का संतुलन बना रहे। उन्होंने कहा कि आने पीढ़ी को हम कैसी पृथ्वी देकर जाएंगे, इसके दृष्टिगत पौधरोपण के इस अभियान से सभी का जुड़ना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को जन आंदोलन बनाकर ही सफल बनाया जा सकता है। इसके लिए लोगों को जागरूक करें।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कार्बन उत्सर्जन को 2070 तक नेट जीरो तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए व्यापक वन आच्छादन आवश्यक है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसानों को प्रेरित करें वह अपने खेत की मेड़ पौधरोपण करें। इससे कार्बन क्रेडिट के अंतर्गत सर्वे के बाद उन्हें पांच डॉलर का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्बन क्रेडिट के तहत पिछले वर्ष किसानों को 32 लाख 80 हजार रुपए का भुगतान किया गया था। इस वर्ष सात मंडलों- देवीपाटन, अयोध्या, झांसी, मीरजापुर, कानपुर, वाराणसी और अलीगढ़ के हजारों किसानों को 42 लाख 20 हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने नदियों के पुनरोद्धार पर जोर देते हुए कहा जैसे हमारे शरीर में धमनियां है, वैसे धरती मां के लिए नदियां हैं। जब धरती मां सुरक्षित रहेंगी तो हम सुरक्षित रहेंगे। इसके दृष्टिगत नदियों का पुनरोद्धार आवश्यक है। इस दिशा में भी जनप्रतिनिधियों को अभियान बनाकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सहजन में प्रोटीन एवं विटामिन का भंडार है। पौधरोपण अभियान के तहत कुपोषित परिवारों को सहजन का पौध दिया जा रहा है। इससे राष्ट्रीय पोषण अभियान को भी बल मिलेगा।



**प्रदेश के सभी किसान खेत की मेड़ पर करें पौधरोपण :** पर्यावरण एवं वन मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण दुनिया का तापमान बढ़ता जा रहा है। आज गर्मी में नौतपा की बजाय पूरे माह में गर्मी पड़ रही है। इसका कारण कार्बन डाइऑक्साइड में वृद्धि होना है। इससे वर्षा ,बाढ़ में वृद्धि देखने को मिल रही है। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि देश के सभी नागरिकों को इस पर नियंत्रण के लिए इस अभियान में हिस्सा लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पौधरोपण के साथ ही उसकी सुरक्षा पर भी ध्यान देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग अपने घरों में फल के पेड़ जरूर लगाए। सभी नागरिक, सरकारी कर्मचारी, एक पेड़ के मां के नाम पर अवश्य लगाए और इसकी सुरक्षा और संरक्षण पर ध्यान दें। प्रदेश के सभी किसान खेत में मेड़, मेड़ पर पेड़, योजना की तर्ज पर पेड़ अवश्य लगाए। इससे उनके कृषि उत्पादकता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। किसानों को मेड़ पर पेड़ लगाने पर 5 वर्ष पूर्ण होने पर किसानों को कार्बन सीक्वेंसिंग के लिए प्रोत्साहन की धनराशि प्राप्त होगी। नदियों तालाब के किनारे वृक्षारोपण करे। नगर निगम के पार्क के साथ ही अन्य स्थान पर पेड़ लगाए।

**उत्तर प्रदेश के इतिहास में अभी तक सर्वाधिक पौधारोपण: मुख्य सचिव :** मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनप्रतिनिधियों से कहा कि वृक्षारोपण महा अभियान 2025 का शुभारंभ 9 जुलाई से होगा। वर्ष 2017 से वर्ष 2024 तक लगभग 204 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश के इतिहास में अभी तक सर्वाधिक पौधारोपण है। वन विभाग द्वारा लगभग 45 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं।

**जन प्रतिनिधियों ने कहा तैयारियां पूरी :** कार्यक्रम के दौरान आगरा की महापौर हेमलता दिवाकर, वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी, संभल के बबराला नगर पंचायत के अध्यक्ष हर्ष वर्धन, जालौन के जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी एवं अन्य जन प्रतिनिधियों से उनकी तैयारीयों का हाल जाना। सभी ने कहा उनकी तैयारियां पूरी हैं। यह अभियान सफलता की नई ऊंचाइयों को छूएगा।

## योगी सरकार लेगी सबका साथ, रचेगी इतिहास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 9 जुलाई को होने वाले पौधरोपण महाभियान-2025 में समाज के सभी वर्गों का साथ लेकर नया इतिहास रचा जाएगा। सिर्फ एक दिन में इस बार 37 करोड़ पौधरोपण होंगे।

योगी की वन नीति से साल दर साल नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा उत्तर प्रदेश इस बार भी अभूतपूर्व इतिहास रचेगा। सीएम योगी के आह्वान पर जनप्रतिनिधि, राजकीय कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाएं, अधिवक्ता, चिकित्सक समेत समाज का हर तबका जुड़ेगा। योगी सरकार ने सभी से अपील की है कि पौध लगाएं, फोटो अपलोड करें और पौधे का संरक्षण भी करें।

- 9 जुलाई को एक दिन में लगाये जायेंगे 37 करोड़ पौधे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभियान को लेकर कई बैठकें भी कीं। सीएम ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया था कि महाभियान में जनसहभागिता अवश्य हो। इसके बाद

### इनकी रहेगी सहभागिता

जनप्रतिनिधि – 60,182
विद्यार्थी– 3,40,00,000
किसान– 2,24,00,000
सरकारी कर्मचारी– 13,44,558
अधिवक्ता– 4,69,900
स्वयंसेवी संस्थाएं– 27,270
किसान उत्पादक संगठन– 15,000

शासनिक व विभागीय अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों, किसानों समेत समाज के हर तबके से संवाद स्थापित करते हुए सभी को इससे जोड़ा।

**अभियान से जुड़ेंगे 3.40 करोड़ विद्यार्थी और 2.24 करोड़ किसान** : अभियान में समाज के हर तबके के लोग जुड़ेंगे। इसमें 25 करोड़ नागरिकों और 26 राजकीय विभागों की सहभागिता से एक ही दिन में होने वाले इस अभियान को नऊ ऊंचाई मिलेगी।

दीपक कुमार मिशन निदेशक पौधरोपण महाभियान ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर पौधरोपण महाभियान-2025 को जनसहभागिता के साथ अभूतपूर्व बनाने के लिए विभाग ने सारी तैयारी पूरी कर ली है। महाभियान में माननीय जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, किसानों, अधिवक्ताओं, डॉक्टर, राजकीय कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं समेत सभी की भागीदारी सुनिश्चित होगी। इन सभी के सहयोग से 9 जुलाई को 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य हासिल करेंगे। सभी से अपील की गई है कि वे पौधरोपण कर अपनी फोटो भी अपलोड करें और पौधों का संरक्षण करें।

# हर मुद्दे को आतंकवाद से न जोड़ें : सलमान खुर्शीद

विशेष संवाददाता (vol)

**मुजफ्फरनगर/ लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने रविवार को यहां कांवड़ यात्रा मार्ग पर एक होटल कर्मचारी के साथ कथित दुर्व्यवहार की घटना को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा होने के बीच कहा कि हर आपत्तिजनक घटना को आतंकवाद से नहीं जोड़ा जाना चाहिये।

खुर्शीद ने यहां संवाददाताओं से कहा, हर निंदनीय कृत्य को आतंकवाद के बराबर नहीं माना जाना चाहिए। आप किसी कृत्य की आलोचना कर सकते हैं लेकिन इससे वह आतंकवाद नहीं बन जाता। ये हमारे समाज के आंतरिक मामले हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम एक-दूसरे को ठेस न पहुंचाएं।

समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद एस टी हसन ने बुधवार को कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों की धार्मिक पहचान कर रहे कुछ कथित हिंदूवादी संगठनों की हरकतों की कड़ी निंदा की थी और ऐसे कृत्यों को आतंकवाद के बराबर बताया था। हसन ने कहा था, होटल कर्मचारियों और स्थानीय विक्रेताओं से उनके नाम पूछना और उनके धर्म की पहचान के लिए कपड़े उतारने के लिए मजबूर करना दरअसल पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए काम से अलग नहीं है। यह भी आतंकवाद का ही एक रूप है।



घटना के दौरान होटल कर्मचारी की पैंट जबरन उतारे जाने के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर खुर्शीद ने जवाब दिया, जिसने भी ऐसा किया, वह गलत था। यह हमारी गंगा-जमुनी संस्कृति के खिलाफ है। हम साथ रहते हैं। हमारी साझा राष्ट्रीय पहचान है और यह हमारी अपनी-अपनी आस्थाओं में निहित है। कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों पर नामपट्टिका लगाने की मांग के बारे में खुर्शीद ने कहा, हमें सभी का सम्मान करना चाहिए। इस देश में विभिन्न समुदायों और आस्थाओं के लोग रहते हैं। हम अलग-अलग धर्मों से संबंधित हो सकते हैं, लेकिन हमारे अंदर कोई विभाजन नहीं हैं। एक-दूसरे की आस्थाओं का सम्मान जरूरी है। उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए खुर्शीद ने कहा, हमारा गठबंधन टूटा नहीं है। पार्टी के वरिष्ठ नेता समय-समय पर गठबंधन पर चर्चा करते रहते हैं। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की मौजूदा स्थिति पर खुर्शीद ने संगठनात्मक ताकत और चुनावी सफलता के बीच अंतर को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, हमारी जड़ें मजबूत हैं, लेकिन कभी-कभी फसल अच्छी नहीं होती। मौसम सही होना चाहिए। हम इस बात पर विचार कर रहे हैं कि नतीजे सुनिश्चित करने के लिए क्या किया जाना चाहिए। खुर्शीद ने कहा कि वह कांग्रेस की नवनियुक्त जिला और शहर समितियों का उत्साहवर्धन करने के लिए मुजफ्फरनगर आए हैं।

# मेरी छवि खराब करने के लिए वायरल हो रहा पुराना वीडियो : हेमा मालिनी

विशेष संवाददाता (vol)

**मथुरा/ लखनऊ।** प्रस्तावित बांके बिहारी कॉरिडोर के बारे में अपनी कथित टिप्पणी पर स्थानीय निवासियों और पुजारियों द्वारा नाराजगी जताये जाने के एक दिन बाद मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने रविवार को कहा कि उनकी छवि खराब करने के लिए जानबूझकर एक पुराना वीडियो वायरल किया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में हेमा मालिनी को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना जा सकता है, हम कॉरिडोर बनाएंगे और जो इसका विरोध कर रहे हैं, हमें उन्हें कहीं और जाने के लिए कहना पड़ सकता है। इस कथित बयान पर यहां समुदाय के विभिन्न वर्गों ने नाराजगी जताई है। हेमा मालिनी ने इस वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रविवार को टेलीफोन पर से कहा, यह वीडियो 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले का है। लोगों में मतभेद पैदा करने के लिए जानबूझकर गलत सूचना फैलायी जा रही है। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद ही बनाया जाएगा और सभी पक्षों के हितों की रक्षा की जाएगी।



भाजपा सांसद ने कहा, मथुरा मेरी कर्मभूमि है। मैं इस शहर को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही हूं। हमने जो भी परियोजनाएं जमीन पर उतारी हैं वे स्थानीय लोगों के हितों की रक्षा के लिए ही बनायी गयी थीं। उन्होंने कहा, मैं भगवान कृष्ण की सेवा में यहां आई हूं और बृजवासी मेरे परिवार का हिस्सा हैं। प्रस्तावित बांके बिहारी कॉरिडोर का उद्देश्य भीड़ के दबाव को कम करना और भक्तों के लिए सुविधाओं में सुधार करना है। हालांकि, गोस्वामी समुदाय और दुकानदारों समेत स्थानीय लोगों को विस्थापन, विरासत के नुकसान और वृंदावन के पारंपरिक चरित्र में बदलाव का डर है। बांके बिहारी मंदिर के पुजारी ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी ने कहा, भगवान कृष्ण के पास लोगों को सबक देने का अपना तरीका है। उन्होंने भगवान कृष्ण द्वारा देवराज इंद्र के अभिमान को कुचलने की कहानी का हवाला देते हुए कहा, हेमा को हमें बृजभूमि छोड़ने के लिए कहते समय यह बात ध्यान में रखनी चाहिए।

शनिवार को एक अन्य पुजारी रसिक बिहारी गोस्वामी ने सांसद हेमा मालिनी की कथित टिप्पणी पर निराशा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा, वह बांके बिहारी कॉरिडोर बनाने की योजना से प्रभावित लोगों से बात करने के लिए कभी नहीं आईं, लेकिन इतनी अहंकारपूर्ण तरीके से हमें जाने के लिए कह रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया, वह (हेमा मालिनी) कुछ खास अमीर लोगों के लाभ के लिए कॉरिडोर बनाना चाहती हैं। स्थानीय व्यवसायी अनिल गौतम ने भी निराशा व्यक्त करते हुए कहा, हमने उन्हें मथुरा और वृंदावन से तीन बार इस उम्मीद के साथ चुना कि वह शहर के लोगों के लाभ के लिए काम करेंगी मगर वह तो हमें ही यहां से जाने के लिए कह रही हैं।

# मलिहाबाद का दशहरी आम विश्व में प्रसिद्ध

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के महासचिव अनिल दुबे ने रविवार को मलिहाबाद के युवा नेता नरेंद्र यादव काटू के आवास पर आयोजित आम दावत में शिरकत की। इस दौरान सैकड़ों महिलाओं और बुजुर्गों ने उनका भव्य स्वागत किया, जहां नरेंद्र यादव ने पुष्पगुच्छ, पटका और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया।

- रालोद महासचिव अनिल दुबे ने चखा दशहरी आम का स्वाद

विभिन्न प्रकार के आमों का स्वाद लेते हुए अनिल दुबे ने मलिहाबाद के विश्व प्रसिद्ध दशहरी आम की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, मलिहाबाद का दशहरी आम अपने स्वाद, रंग और रूप को लेकर पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। दुबे ने मलिहाबाद की जनता के व्यवहार की भी सराहना करते हुए कहा कि यहां की जनता के व्यवहार में आम सी मिठास और अपनापन है। अनिल दुबे ने कहा यह देखकर अत्यंत हर्ष होता है कि हमारे किसान भाई-बहन कितनी लगन और मेहनत से इन मीठे और रसीले आमों का उत्पादन करते हैं। आम्रपाली की मिठास हो, दशहरी की खास खुशबू हो या चौसा का अनूठा स्वाद इन सभी के पीछे किसानों का पसीना और समर्पण छिपा है। किसानों की कड़ी मेहनत ही हमें गर्मियों में इस स्वादिष्ट फल का आनंद लेने का अवसर देती है। दुबे ने सभी उपस्थित लोगों से किसानों के प्रयासों की सराहना करने और उन्हें समर्थन देने का आग्रह किया। इस अवसर पर अपर शासकीय अधिवक्ता अरुण कुमार पांडे नरेंद्र यादव काटू, विजय यादव, इंद्रजीत बीडीसी, कपिल यादव सभासद, विनय प्रताप सिंह, शैलेंद्र सिंह सहित सैकड़ों महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।



# भाजपा सरकार की नीतियां शिक्षा विरोधी : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार आने वाली पीढ़ी से शिक्षा का अधिकार छीनना चाहती है। इसलिए उसने जानबूझकर शिक्षा को महंगी करने की साजिश की है। गरीबों के सामने रोटी-रोजगार के अभाव के कारण बच्चों को पढ़ाना मुश्किल हो रहा है। पढ़ाई से वंचित बच्चों की संख्या लाखों में है। भाजपा सरकार की कारगुजारियों पर पर्दा पड़ा रहे, इसलिए उनके लिए शिक्षा का अंधकारमय होना जरूरी है। अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में विभिन्न जिलों से आये नेताओं, कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे।

- सपा उन गांवों जाकर स्वतंत्रता दिवस मनायेंगे जहां स्कूल बंद किये जा रहे हैं



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की शिक्षा विरोधी नीति के खिलाफ 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर समाजवादी पार्टी के विधायक, नेता और पदाधिकारी ऐसे गांवों में जाकर स्वतंत्रता दिवस मनाएंगे जहां स्कूलों को बंद किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में लगभग पांच हजार प्राइमरी स्कूलों को बंद करने का निर्णय है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा का एजेंडा सामाजिक न्याय के विरुद्ध है। समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय के राज्य की स्थापना करने को संकल्पित है। जातीय जनगणना से सभी को समानुपातिक भागीदारी मिलनी है। भाजपा सरकार विपक्ष के बहुत दबाव के बाद इस पर आधे-अधूरे मन से राजी हुई है। भाजपा गरीब, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों का उनके हक नहीं देना चाहती है। वह आरक्षण खत्म करने का षडयंत्र कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा विकास और बच्चों की शिक्षा की विरोधी इसलिए है क्योंकि लोग शिक्षित और जागरूक होंगे तो उसकी नाकारात्मक और पीडीए विरोधी रीति नीति से सभी लोग परिचित हो जाएंगे। भाजपा की नफरती और अलगाववादी सोच से सावधान रहने की जरूरत है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा अपनी तिकड़म से चुनाव जीतती है। बिहार में चुनाव आयोग मतदाताओं की मनमानी छंटनी की तैयारी में है। वहां बहुत विरोध हो रहा है। कल उत्तर प्रदेश की बारी आएगी। इसलिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को वोट बढ़ाने और अवांछित मतदाताओं के नाम हटवाने पर निगाह रखनी होगी। जनता समाजवादी पार्टी के साथ है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लूट मचा रही है। पूर्वांचल और बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे में घटिया सामग्री लगी है। जगह-जगह सड़कें धंसने लगी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर उन्हें दुबारा मानक के अनुसार बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के समय हुए विकास कार्यों की गुणवत्ता प्रमाणित है। भाजपा सरकार में एक भी ऐसा काम नहीं हुआ जो उल्लेखनीय हो। भाजपा सरकार में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ा। अभी जहां आम महोत्सव का आयोजन हुआ, वह अवध शिल्प ग्राम समाजवादी सरकार में बनाया गया था। भाजपा सरकार में जो भी निर्माण कार्य हुए उनकी गुणवत्ता पर उंगलिया उठती रही है। भाजपा असल में धोखा ही देती आई है। इस अवसर पर राजेन्द्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री, सांसद सनातन पाण्डेय, विधायक राहुल लोधी, पूर्व सांसद बालकुमार पटेल, अरविन्द कुमार सिंह और लल्लन यादव, काशीनाथ यादव, रामवृक्ष सिंह, वासुदेव यादव, पूर्व विधायकगण सहित प्रवक्ता अमीक जामेई, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा विकास यादव आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र प्रथम मंत्र भाजपा की आत्मा है : डॉ. राजेश्वर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राष्ट्रवादी विचारक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती के अवसर पर सरोजनीनगर

- डॉ. राजेश्वर सिंह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर उनके कृतित्व एवं राष्ट्रनिष्ठ योगदान को किया नमन



विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने रविवार को बक्शी का तालाब स्थित श्रीपति लॉन में आयोजित संगोष्ठी में भाग लेकर उनकी पावन स्मृतियों को नमन किया।

इस संगोष्ठी का आयोजन डॉ. मुखर्जी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केंद्रित था, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस अवसर पर कहा, राष्ट्रीय एकता के धरातल पर ही सुनहरे भविष्य की नींव रखी जा सकती है। अपने संबोधन में सरोजनीनगर विधायक ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने राष्ट्र प्रथम की जो विचारधारा दी, वही आज भारतीय जनता पार्टी की मूल आत्मा है। प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता इस राष्ट्रनिष्ठ सोच का संवाहक है और इसी विचारधारा के बल पर भाजपा आज 14 करोड़ कार्यकर्ताओं के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित है। डॉ. सिंह ने डॉ. मुखर्जी जी को अद्वितीय प्रतिभा का धनी और महान शिक्षाविद बताया। उन्होंने कहा कि मात्र 33 वर्ष की आयु में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने। बंगाल के वित्त मंत्री के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने हिंदू अस्मिता की रक्षा के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। मुस्लिम लीग की साम्प्रदायिक नीतियों के विरुद्ध मुखर रहते हुए, उन्होंने बंगाल को पाकिस्तान में शामिल होने से बचाने का निर्णायक कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज पश्चिम बंगाल भारत का अभिन्न हिस्सा है तो यह भी डॉ. मुखर्जी जी की दूरदर्शिता और राष्ट्रनिष्ठ प्रयासों का परिणाम है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश के औद्योगिक मंत्री रहते हुए, डॉ. मुखर्जी जी ने चितरंजन रेल कारखाना, सिंदरी फर्टिलाइजर और एचएएल जैसे सार्वजनिक उपक्रमों की स्थापना की। जब उन्हें लियाकत-नेहरू समझौते में राष्ट्रहित की अनदेखी दिखी, तो उन्होंने नेहरू सरकार से त्यागपत्र दे दिया। यह उनका सिद्धांतवादी चरित्र और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना थी। डॉ. सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही भारतीय जनसंघ की स्थापना की और दो निशान, दो प्रधान, दो विधान नहीं चलेंगे का नारा देकर कश्मीर को भारत से पूर्णतः जोड़ने की मांग की। उन्होंने कश्मीर के विशेष दर्जे और परमिट व्यवस्था का विरोध किया और इसी संघर्ष में अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उन्होंने कहाः डॉ. मुखर्जी जी की दूरदर्शिता आज सिद्ध हुई है। धारा 370 और 35अ के रहते देश ने 75 वर्षों तक अलगाववाद और आतंकवाद का सामना किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए धारा 370 समाप्त की और कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संदीप यादव, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अंजू रस्तोगी, जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा कामता प्रसाद, पूर्व जिला मंत्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष के.के. अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार ने मुस्लिमों के विकास में कमी नही की : नकवी

**प्रयागराज / लखनऊ** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने रविवार को कहा कि मोदी-योगी या किसी भी राज्य की भाजपा सरकार ने मुसलमानों के विकास में कमी नहीं की, भले पार्टी को वोट देने में कंजूसी की गई हो।

यहां भदारी गांव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुहर्म कार्यक्रम में शामिल होने आए नकवी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, अब हमें (मुस्लिमों) भाजपा से राजनीतिक दूरी को खत्म करना होगा। उन्होंने कहा, भाजपा मुल्क की हकीकत है। इसे नजरअंदाज करना मुल्क और मुसलमानों के लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है। भाजपा के प्रति पैदा किए गए भय-भ्रम के गटर पर भरोसे का शटर लगाना होगा। नकवी ने कहा कि आजादी के बाद पहली गैर-कांग्रेस सरकार है जो एक परिवार के सहारे और कांग्रेस के रिमोट के बगैर सुशासन, सफलता के कीर्तिमान स्थापित करती हुई काम कर रही है।

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव



पर उन्होंने कहा कि जनगणना से पहले मतगणना पर सवाल और बवाल करने वाले समझ चुके हैं कि इस बार फिर उनका जुगाड़ का जमघट चारों खाने चित होने वाला है। वक्फ कानून को लेकर नकवी ने कहा कि वक्फ और अन्य सुधारों पर सांप्रदायिक प्रहार इस बात का प्रमाण है कि विपक्ष संवैधानिक कानून पर भ्रम के जरिए लूट पर छूट का लीगल लाइसेंस चाहता है। उन्होंने कहा कि वक्फ कानून, धार्मिक आस्था के संवैधानिक संरक्षण, प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार की गारंटी है। उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद जहां पाकिस्तान ने इस्लामी झंडा फहराया, वहीं भारत ने सर्वधर्म समभाव का रास्ता चुना, यह भारत के बहुसंख्यकों के संस्कार, संस्कृति व सोच का प्रमाण है।

नकवी ने संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद शब्द के उल्लेख को लेकर छिड़ी बहस पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, संविधान के मूल ढांचे में न तो धर्मनिरपेक्षता और न ही समाजवाद शब्द थे। इसके बावजूद हिंदुस्तान हमेशा पंथनिरपेक्ष और समाजवादी रहा है।

# प्रदेश में होटल, अस्पताल व नर्सिंग होम निर्माण में बढ़ेंगे निवेश

## शहरीकरण और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा, 3000 वर्ग मीटर भूमि पर खुल सकेंगे अस्पताल व नर्सिंग होम,20 हजार वर्ग मीटर भूमि की अनिवार्यता खत्म, 10 हजार करोड़ के निवेश की उम्मीद

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रदेश में भवन निर्माण और आवासीय परिसरों में व्यवसाय संचालन के लिए अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध होंगी, साथ ही शहरीकरण और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। यह सब भवन निर्माण एंव विकास उपविधि-2025 के लागू होने से संभव हो सकेगा। प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में भवन निर्माण और व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए नई भवन निर्माण एवं उपविधि में प्रावधान किया गया है। इसमें ग्रीन बेल्ट को छोड़कर किसी भी प्रकार के भू-उपयोग वाली जमीन पर होटल बनाना आसान होगा। प्रदेश में अब 3000 वर्ग मीटर भूमि पर अस्पताल और नर्सिंग होम खोल सकेंगे। अभी तक 20 हजार वर्ग मीटर भूमि की अनिवार्यता है। शहरी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध निमार्णों पर अंकुश लग सकेगी। वहीं, शहरवासियों को आवासीय से लेकर अन्य भवनों के निर्माण में तमाम तरह की राहत मिलगी।

नए नियमों के तहत कम से कम नौ मीटर चौड़ी सड़क के किनारे 20 कमरों तक के होटल बनाए जा सकेंगे। 20 कमरों से अधिक वाले होटल 12 मीटर चौड़ी सड़क पर भी बनाए जा सकेंगे। सरकार ने छोटे निवेशकों और घरेलू उद्यमियों को भी राहत दी है। छह कमरों तक के हेरिटेज होटल निर्माण के लिए अब किसी प्रकार की सरकारी मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी। इससे छोटे शहरों, कस्बों और धार्मिक नगरी में स्थानीय स्तर पर होटल निर्माण को बल मिलेगा। होम स्टे के लिए भी मंजूरी की जरूरत नहीं होगी। इस उपविधि के लागू होने से पर्यटन वाले शहरों में सुविधाएं मिल सकेंगी। अयोध्या, काशी, मथुरा, वृंदावन, प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, गाजियाबाद जैसे धार्मिक और पर्यटक स्थलों पर होटल की मांग लगातार बढ़ रही है, लेकिन सख्त नियमों के चलते निर्माण सीमित था। अब निवेशकों के लिए रास्ते खुल गए हैं। नए बायलाज के अनुसार, अस्पताल के लिए 3000 वर्ग मीटर पर नक्शा पास हो सकेगा। गैर बिस्तर वाले मेडिकल प्रतिष्ठानों के लिए अब 300 के स्थान पर 100 वर्ग मीटर भूमि होने पर ही नक्शा पास किया जाएगा। नर्सिंग होम की क्षमता 10 बिस्तार से बढ़ाकर 50 कर दी गई है। इसके साथ ही सड़कों की चौड़ाई का मानक 18 मीटर से घटाकर 12 मीटर और नौ मीटर कर दिया गया है। इतनी चौड़ी सड़क होने पर भी नक्शा अब पास कर दिया जाएगा। ग्राउंड कवरेज पर प्रतिबंध हटा दिया गया है। मौजूदा प्रावधानों के अनुसार 20 से 40 प्रतिशत अतिरिक्त निर्माण की सुविधा दी जा रही है। सेटबैक को युक्तिसंगत बनाने के लिए अधिकतम 15 मीटर आगे और अन्य सभी तरफ 12 मीटर कराने होंगे। भूमि के मुख्य उपयोग के अनुरूप सहायक गतिविधियों के लिए 10 प्रतिशत ग्राउंड कवरेज के साथ अलग पार्किंग ब्लाक बनाने की सुविधा दी गई है। एंबुलेंस के लिए अतिरिक्त पार्किंग की व्यवस्था करने की अनिवार्यता होगी। बेसमेंट में डायग्नोस्टिक सेवाएं, शौचालय आदि निर्माण की अनुमति दी जाएगी। 45 मीटर और उससे अधिक चौड़ाई वाले सड़कों पर एफएआर का प्रतिबंध समाप्त किया जा रहा है। इसके साथ ही भवनों की ऊंचाई के प्रतिबंध में भी ढील दी जा रही है। इस फैसले से स्वास्थ्य क्षेत्र में 10 हजार करोड़ के निवेश की उम्मीद है। जैसे-जैसे होटलों की संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे कमरों का किराया घटेगा। इससे पर्यटकों को सीधा फायदा मिलेगा। इसके अलावा डेस्टिनेशन वेडिंग और कॉर्पोरेट इवेंट्स के लिए बेहतर विकल्प उपलब्ध होंगे। लखनऊ, वाराणसी, आगरा जैसे शहरों में होटल निर्माण आसान होने से डेस्टिनेशन वेडिंग इंडस्ट्री को भी नई उड़ान मिलेगी। बड़ी-बड़ी शादी पार्टियों और आयोजनों के लिए अब बेहतर और सस्ती जगह मिल सकेगी। नई नीति के लागू होने से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। साथ ही होटल निर्माण और संचालन से राज्य सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी भी होगी। शहरी विकास और टूरिज्म सेक्टर के विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय यूपी को राष्ट्रीय स्तर पर हॉस्पिटैलिटी हब बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

**500 व 200 वर्ग मीटर के भवन का पास कराना होगा नक्शा :** नियोजित कालोनियों में 500 वर्ग मीटर तक के भूखंड पर आवासीय भवन व 200 वर्ग मीटर पर कामर्शियल भवन बनाने के लिए नक्शा पास कराना होगा। लेकिन नर्सरी, क्रेच, होमस्टे, आर्किटेक्ट, सीए, चिकित्सक, अधिवक्ता जैसे सेवा प्राफेशनल्स के कार्यालय उपयोग के लिए अपने घर का 25 प्रतिशत तक एफएआर का उपयोग किया जा सकेगा। हालांकि पार्किंग की व्यवस्था करनी होगी।

### एनओसी लेने की समय सीमा तय

नक्शा पास कराने के लिए विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना जरूरी होता है। वर्तमान में कई महीने लग जाते हैं साथ ही आवेदकों को परेशानी उठानी पड़ती है। इसे सरलीकरण करते हुए नई प्रणाली विकसित की गई है। इसके अंतर्गत सम्बंधित विभागों से आवश्यक एनओसी सर्टिफिकेट तथा उसे जारी करने की समय सीमा निर्धारित की गई है।

### 15 मीटर तक ऊंचे भवनों में सुविधाजनक सेटबैक

15 मीटर तक ऊंचाई वाले भवनों के लिए सेटबैक को चारों ओर से 5 मीटर तक सुविधाजनक बनाया गया है। 51 मीटर से अधिक ऊंचे भवनों के लिए सेटबैक को सभी ओर से 16 मीटर से घटाकर आगे के सेटबैक के लिए 15 मीटर तथा शेष ओर 12 मीटर तक कर दिया गया है।

### बड़ी संख्या में बनेंगे फ्लैट, सस्ते मिलेंगे आवास

एलडीए के नगर नियोजक केके गौतम का कहना है कि एफएआर बढ़ाने, बिल्टअप एरिया बढ़ाने तथा भवनों की ऊंचाई के प्रतिबंध हटाने से बड़ी संख्या में आवासीय भवन बन सकेंगे। इससे दामों में कमी होगी तथा लोगों को सस्ते दामों पर आवास मिल सकेंगे।

# कूड़ा कलेक्शन की निगरानी करेगी थर्ड पार्टी, फिर होगा भुगतान

विशेष संवाददाता (vol)

- एडमिनिस्ट्रेशन स्टाफ कालेज ऑफ इंडिया के नाम पर मंथन

**लखनऊ।** नगर निगम शहर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और सफाई कार्य की निगरानी के लिए थर्ड पार्टी एजेंसी लगाएगा। यह एजेंसी निजी कंपनियों के कामकाज की निगरानी करेगी और उसकी रिपोर्ट नगर निगम को देगी। ठेके पर सफाई व्यवस्था दिए जाने में थर्ड पार्टी जांच का प्रावधान है। जिसको लेकर कंपनी तय की जा रही हैं और एक सप्ताह में इसको लेकर आदेश भी जारी हो जाएगा।

सफाई में सुधार को लेकर निजी कंपनी के काम की निगरानी की जानी है। जिसमें यह देखा जाना है कि कंपनी कितने टन कूड़ा घरों से ले रही है और कितना कूड़ा शिवरी प्लांट तक पहुंचा रही है।

इसको लेकर घरों से कलेक्शन और प्लांट पर पहुंचाए जाए जाने वाले कूड़े की मात्रा का जांच की जाएगी। इसी तरह कंपनी के अन्य कामों की जांच होगी। इसके लिए थर्ड पार्टी एजेंसी के तौर पर एक प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमसी) गठित की जानी है। इसके लिए कंपनी चयन को नगर निगम की ओर से ऑफर निकाला गया था जिसमें एडमिनिस्ट्रेशन स्टाफ कालेज ऑफ इंडिया का चयन किया गया है।

स्टाफ कालेज की ओर से काम के एवज में नगर निगम के तय बजट से अधिक की मांग की जा रही है जिसको लेकर नगर निगम और कंपनी के निगोसिएशन चल रहा है। पीएमसी की रिपोर्ट के आधार पर उसका हर महीने भुगतान और इंसेंटिव तय होगा। साथ ही जिस जोन का काम नगर निगम को मिला है उसे निजी कंपनी के काम से मिलान किया जाएगा। नगर निगम अपनी निगरानी के लिए कंट्रोल रूम को और अपडेट करेगा।

# गोमती नगर जनकल्याण महासमिति ने उठाया पेयजल, स्ट्रीट लाइट का मुद्दा

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की प्रबंध समिति, वार्ड समिति एवं महिला प्रभारी की संयुक्त बैठक रविवार को खरगापुर में हुई। रंग कल्याण मंडप, कौशलपुरी में हुई बैठक में क्षेत्रीय विकास, जनसमस्याओं और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि महासमिति की 11 सूत्रीय मांगों को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूरा कर दिया है, जिसके लिए सभा में आभार व्यक्त किया गया। इन मांगों में लखनऊ को स्टेट कैपिटल रीजन घोषित करना, मिठाई वालाझलोहिया चौराहा अंडरपास, जुगौली क्रॉसिंग पर आरओबी, 41 ओपन जिम और 38 सोलर लाइटें शामिल हैं। बैठक में नीलम सिंह, अमित मिश्रा और बाबू सिंह सिसोदिया को प्रबंध समिति सदस्य तथा मनोज मिश्रा को धर्म जागरण प्रमुख मनोनीत किया गया। बैठक में क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने सफाई, सीवर, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, हाई वोल्टेज तार, अतिक्रमण, पार्कों की दुर्दशा, टैक्स विसंगतियां, और झूलते इंटरनेट केबल जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। महासचिव ने बताया कि शिकायतें व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जा सकती हैं। सभी पदाधिकारियों को संपर्क डायरेक्टरी भी प्रदान की गई, ताकि समाधान में तेजी लाई जा सके। बैठक में कर्नल एएन पांडे, सीजी नायर, पीआर पांडे, राजेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। कोषाध्यक्ष की ओर से प्रस्तुत आय-व्यय विवरण सर्वसम्मति से पारित हुआ। अंत में अध्यक्ष डॉ. बीएन सिंह ने एकजुटता का आह्वान करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

## मानस एन्क्लेव में पानी के बिल पर जताया गुस्सा

**लखनऊ।** मानस एन्क्लेव आवासीय कल्याण समिति की आम सभा में कॉलोनीवासियों ने 25 वर्षों से लंबित नियमितीकरण और अवैध जल शुल्क के खिलाफ गुस्सा जताया है। समिति के महासचिव प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि कॉलोनी का नियमितीकरण वर्ष 2000 से लंबित, जबकि अन्य कॉलोनियों को वर्ष 2008-09 में वैध किया जा चुका है। जल निगम की कोई योजना स्वीकृत नहीं, फिर भी पानी टंकी के नाम पर शुल्क लिया जा रहा है। जब तक कालोनी नियमितीकरण नहीं होता, कोई पानी बिल जमा नहीं होगा। शुल्क पर छूट, किस्त सुविधा की मांग की है।

# इंटीग्रल विश्वविद्यालय में साप्ताहिक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ के ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सेंटर (एचआरडीसी) द्वारा 5 जुलाई से 10 जुलाई तक चलने वाले एक सप्ताहीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के शिक्षण-प्रशिक्षण कौशल, अनुसंधान क्षमता और व्यावसायिक संप्रेषण दक्षता को सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक और विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं चांसलर प्रो. सैयद वसीम अख्तर ने उद्घाटन सत्र में कहा कि शिक्षकों की भूमिका केवल ज्ञान का संप्रेषण नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार और नैतिक नागरिक बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आईआईएम लखनऊ के निदेशक प्रो. एम.पी. गुप्ता ने शोध में नैतिकता और कठोरता की आवश्यकता पर बल देते हुए इसे राष्ट्र-निर्माण और समस्या समाधान की कुंजी बताया। की-नोट भाषण में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जावेद मुसर्रत ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रियान्वयन की रणनीतियों पर चर्चा करते हुए समावेशी और समग्र शिक्षा के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं चांसलर के प्रमुख सलाहकार प्रो. फुरकान कमर ने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रणाली की स्थापना हेतु मजबूत शिक्षण, अधिगम और मूल्यांकन प्रणाली की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम के सह-संरक्षकों सैयद फौजान अख्तर (क ा र् य ा क ा र ी निदेशक आईआईएएसआर), अदनान अख्तर (कार्यकारी निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय विभाग) एवं विशिष्ट अतिथि सैयद महमूद अख्तर (पूर्व क्रप्र अधिकारी) की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। लफ्फ्ळ निदेशक प्रो. सैयद अकील अहमद ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के पहले दिन पेडागॉजिकल इनोवेशन और मॉडर्न असेसमेंट प्रैक्टिसेस जैसे फ्लिप्ड लर्निंग, हीयूटैगॉजी, प्रोजेक्ट-आधारित अधिगम और रूब्रिक मूल्यांकन जैसे व्यावहारिक उपायों पर प्रकाश डाला गया।

एफडीपी के दौरान प्रतिभागी आउटकम-बेस्ड एजुकेशन (ओवीई), कक्षा सहभागिता रणनीतियाँ, पाठ्यक्रम डिजाइन, शैक्षणिक पर्यवेक्षण, तथा प्रोजेक्ट मूल्यांकन जैसे विषयों पर गहराई से अध्ययन करेंगे। साथ ही, उन्नत सत्रों में शोध प्रस्ताव निर्माण, सांख्यिकीय विश्लेषण उपकरण, एआई आधारित शोध अभ्यास, नैतिक प्रकाशन मानदंड, तथा प्रभावी अकादमिक संप्रेषण जैसे विषय शामिल होंगे—जो शिक्षकों को नेतृत्व कौशल से भी सुसज्जित करेंगे। इस कार्यक्रम में लेडी श्रीराम कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय), अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, बीबीएयू, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, और एल्सेवियर रिसर्च जर्नल्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विद्वान और विशेषज्ञ सहभागिता कर रहे हैं।

इंटीग्रल विश्वविद्यालय अपने शिक्षकों के सतत एवं संरचित व्यावसायिक विकास के माध्यम से शैक्षणिक उत्कृष्टता और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित कर रहा है।

# शहर में एक दिन में 1.37 लाख पौधे लगायेगा नगर निगम

## वृहद पौधरोपण अभियान की तैयारियों को दी अंतिम रूपरेखा

विशेष संवाददाता (vol)



**इस प्रकार होगा पौधरोपण**

- नगर निगम के पार्कों में: 40,598 पौधे
- रसूलपुर कायस्थ (पार्ट-सी): 37,600 पौधे
- रसूलपुर कायस्थ (पार्ट-डी): 44,800 पौधे
- बरावन कलां गांव: 14,314 पौधे

जोनल अफसर करेंगे अभियान की प्रभावी निगरानी

लखनऊ। नगर निगम की ओर स े09 जुलाई को प्रस्तावित वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत एक दिन में कुल 1,37,312 पौधे लगाने लगाने की तैयारी है। यह वृक्षारोपण नगर के विभिन्न हिस्सों में चरणबद्ध रूप से संपन्न किया जाएगा। तैयारियों को अंतिम रूप देने के क्रम में रविवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में एक विशेष वेबिनार आयोजित किया गया, जिसमें सीएम की ओर से प्रदेश भर के नगरीय निकायों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में व्यापक पहल के लिए प्रेरित किया गया। इस वेबिनार में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह एवं नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण सम्मिलित हुए। सभी ने मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों को आत्मसात करते हुए अभियान की रूपरेखा साझा की और इसे जनसहभागिता से सफल बनाने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण करने की भावनात्मक अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने इसे जनआंदोलन बनाने की जरूरत पर बल दिया। उद्यान अधीक्षक गंगाराम गौतम ने बताया कि इस वृक्षारोपण अभियान के तहत पूरे शहर में एक लाख से अधिक पौधे रोपे जाएंगे। जिसमें पौधों में आम, सिंदूर बेल, आंवला, पीपल, नीम, बॉटल ब्रश, जामुन, कचनार, इमली, पाकड़, बरगद, रुद्राक्ष, पारिजात और अर्जुन के पौधे शामिल रहेंगे। इस दौरान नागरिकों से यह भी अपील भी की जाएंगी कि वे इन पौधों को अपनाएं और उनकी देखरेख करें ताकि यह वृक्ष भविष्य में छाया, फल और स्वच्छ वातावरण प्रदान कर सकें।

इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि, यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व हरित वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। लखनऊवासियों से आग्रह है कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और एक वृक्ष अपने मां के नाम पर जरूर लगाएं। नगर निगम की ओर से सभी जोनल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने और स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं स्कूल-कॉलेजों के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

**जियो-टैगिंग एवं सतत मॉनिटरिंग की भी व्यवस्था :** अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने बताया कि सभी लगाए गए पौधों के जियो-टैगिंग एवं सतत मॉनिटरिंग की भी व्यवस्था की गई है ताकि इनकी दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह वृहद वृक्षारोपण अभियान न केवल लखनऊ को हरित बनाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण भी प्रस्तुत करेगा।

# एयर फोर्स स्टेशन के रेड जोन के दायरे में आ रही बीकेटी योजना

विशेष संवाददाता (vol)

- एलडीए ने टाउनशिप के लिए वायुसेना से मांगी एनओसी
- अनुमति मिलने के बाद योजना पर फोकस करेगा प्राधिकरण

**लखनऊ।** बक्शी का तालाब में नैमिष नगर आवासीय योजना विकसित करने के लिए एलडीए ने एयरफोर्स अथॉरिटी से एनओसी मांगी है। एयरफोर्स अथॉरिटी को पत्र भेज करके 17.5 मीटर ऊंचाई तक बिल्डिंग बनाने की अनुमति मांगी है। मंत्रालय से अनापत्ति मिलने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू होगी। फिलहाल, एयर फोर्स स्टेशन का रेड जोन दायरा करीब चार किलोमीटर का है जबकि एलडीए ने डेढ़ किलोमीटर मानकर योजना प्रस्तावित की थी। ऐसे में योजना के शुरू होने से पहले ही समस्या आ गई है। यही वजह है कि प्राधिकरण ने एयरफोर्स से एनओसी मांगी है।

बीकेटी में सीतापुर, रैथा रोड पर लगभग 2504 एकड़ क्षेत्रफल में नैमिष नगर विकसित किया जाएगा। जिसके लिए बीकेटी तहसील के ग्राम-भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फरूखाबाद, कोड़री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा व सैदापुर की भूमि चिन्हित की गयी है। इसको लेकर एलडीए बोर्ड बैठक में प्रस्ताव भी पास हो चुका है। शासन को मंजूरी के लिए योजना भेजी गई थी। लेकिन शासन ने यह कहकर प्रस्ताव वापस कर दिया था कि पहले एयर फोर्स से अनापत्ति हासिल कर ली जाए। इसको लेकर अभी जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू नहीं हुई है। इसमें बीकेटी एयरपोर्ट स्टेशन के रेड जोन दायरे का पेंच फंस गया। ऐसे में योजना काम रुक गया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार का कहना है कि बीकेटी एयर फोर्स स्टेशन के रेड जोन का दायरा करीब चार किमी का है। ऐसे में इस दायरे में निमाणों पर प्रतिबंध होगा। सामान्यता रेट जोन का दायरा डेढ़ किमी होता है ऐसे में एनओसी मांगी गई है। उसके साफ हो जाएगा कि कितने किमी के दायरे में कितना निर्माण किया जा सकेगा।

# फार्मेसिस्टों ने स्व. राम उजागिर पांडेय के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक महामंत्री 'फामेर्सी रत्न' स्व राम उजागिर पांडेय की 22वी पुण्यतिथि पर आज प्रदेश के फार्मेसिस्टों ने उनके बताए सिद्धांतो पर चलने का संकल्प लिया। फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि देश में फामेर्सी को लगातार अपग्रेड करने की जरूरत है, हम मरीज केंद्रित फार्मास्यूटिकल सेवाएं देकर रोगों से बचाव, पहचान और इलाज के क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने का संकल्प लेते हैं। स्व राम उजागिर पांडे जी ने विकासशील भारत में विकसित फामेर्सी का सपना देखा था, जिसे पूरा करना हम सभी का कर्तव्य है। फेडरेशन लगातार विभिन्न वैज्ञानिक कार्यक्रमों, गोष्ठियों के माध्यम से फार्मेसिस्टो को फामेर्सी की नई जानकारियों से अपडेट कर रहा है, वहीं विभिन्न विधाओं, संस्थानों के फार्मेसिस्टो के मध्य बॉन्डिंग (एकता) स्थापित करने का सतत प्रयास कर रहा है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में प्रभारी अधिकारी फामेर्सी दया शंकर पांडेय, वरिष्ठ फार्मेसिस्ट एस के त्रिपाठी, ने स्व पांडे जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें याद किया। चीफ फार्मेसिस्ट, फार्मेसिस्ट, फामेर्सी प्रशिक्षुओं और चिकित्सालय के अन्य संवर्गों के पदाधिकारियों ने भी पुष्पांजलि दी।

# सफाई कर्मियों की बदौलत वैश्विक बनने की ओर अग्रसर निकाय

## किसी भी रूप में सफाई कर्मियों का नहीं किया जायेगा शोषण बर्दाश्त

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। प्रदेश के सभी 762 नगरीय निकाय सफाई कर्मियों की बदौलत वैश्विक नगर बनने की ओर अग्रसर है। प्रदेश में जी 20 सम्मेलन तथा प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन के दौरान नगरों की सफाई व्यवस्था की प्रशंसा पूरे देश एवं दुनिया ने की। अब सफाई कर्मियों के कार्यों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। स्वच्छ भारत अभियान के कारण उनके कार्यो की जटिलताओं को आसान बनाया गया और सफाई कार्यो में आधुनिक मशीनों, उपकरणों, डस्टबिन, कॉम्पैक्टर के साथ उन्हें सुरक्षा किट भी प्रदान की जा रही। यह विचार नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने रविवार को पहली बार आयोजित दलित समाज चिंतन सम्मेलन में व्यक्त किए।

रविंद्रालय सभागार, चारबाग में दलित समाज के सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक समस्याओं पर गहन चिंतन एवं परिचर्चा करने के लिए आयोजित इस सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में मेरे नगर विकास मंत्री बनने के साथ ही सफाई मित्रों के कार्यो को देखते हुए तमाम सुविधाएं प्रदान की गई। इनका जीवन खुशहाल बनाने के लिए उनके सामने आ रही विभिन्न समस्याओं में सुधार किया गया। सफाई कर्मियों को पारिश्रमिक आसानी से मिले इसके लिए भी उचित निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि नगर विकास मंत्री के रूप में मैं अपने प्रदेश का सबसे बड़ा सफाई कर्मी हूं, इसलिए सफाई कर्मियों का शोषण किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इनका शोषण करने उन्हें आर्थिक हानि पहुंचाने पर संबंधित कार्मिकों व ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब किसी सफाई कर्मी को में मेनहोल में सीवर सफाई के लिए नहीं उतरना पड़ता, मशीनों की मदद से सफाई की जा रही। मेनहोल को अब मशीनहोल बना दिया गया है। उन्होंने प्रदेश के सभी सफाई कर्मियों से अपील की है कि बिना सेफ्टी किट के सीवर व नालों की सफाई न करें, ऐसे खतरनाक कार्यों के लिए अपनी जान जोखिम में न डाले, आधुनिक मशीनों, इसके लिए उपयोगी उपकरणों का प्रयोग करें। कहा कि दलित समाज, स्वच्छकार, मुसहर, धनुक व वाल्मीक समाज मेरे परिवार हैं और मेरे दिल में बसते हैं। मुझे जब कभी भी अवसर मिलता है मैं सफाई कार्मिकों के कार्यों की सराहना करता हूं और उनके बीच जाकर उनके कार्यों को सम्मान देता हूं। नगर विकास मंत्री ने कहा कि पहले समाज के सभी वर्गों को बराबर का अधिकार मिला था, सभी को अपने कार्यों को करते हुए सम्मान मिलता था।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर लखनऊ महानगर में सभी 25 मंडलों में संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में डॉ. मुखर्जी के देश के लिए बलिदान और योगदान को याद करके उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने डॉ मूर्खजी के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक नोएडा पंकज सिंह ने पूर्व मंडल 3 में सेलिब्रेशन लॉन में आयोजित संगोष्ठी में कहा कि भारतीय जनता पार्टी 1980 में बनी लेकिन उसकी यात्रा 1951 में जनसंघ की स्थापना के साथ ही आरंभ हुई थी जब डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अन्य दो सदस्यों के साथ जनसंघ की स्थापना करी। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और संप्रभुता के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

डॉ. मुखर्जी का नारा था - ₹एक देश में दो निशान, दो प्रधान और दो संविधान नहीं चलेंगे। यह विचार जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने की प्रेरणा बना। जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने और वहां जाने के लिए परमिट व्यवस्था का डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने विरोध किया।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, दो दोस्तों की मौत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहीद पथ पर लुलु मॉल के पास रविवार तड़के तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। वहीं, एक साथी घायल हो गया। तीनों दोस्त कैंट स्थित दोस्त के घर पार्टी कर महोबा लौट रहे थे। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महोबा के खन्ना गांव निवासी दीपेश (22) व मध्यप्रदेश के टिकरी गांव निवासी अंकित (25) एक साथ मार्केटिंग का काम करते थे। शनिवार को दीपेश और अंकित कार से कैंट स्थित दिलकुशा में रहने वाले दोस्त रुद्र के साथ आये थे। रात में पार्टी करने के बाद रविवार तड़के तीनों दोस्त कार से महोबा जा रहे थे। करीब पांच बजे वह शहीद पथ पर लुलु मॉल के पास पहुंचे थे तभी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई। तीनों दोस्त कार में ही फंस गए। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने किसी तरह तीनों को कार से निकलवार गंभीर हालत में एपेक्स ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने अमित व दीपेश को मृत घोषित कर दिया। दीपेश के पिता दिनेश किराना व्यापारी हैं। परिवार में मां गीता व भाई नीलेश व शैलेश हैं। वहीं, अमित के परिवार में पिता किसान जयराम साहू, मां रमावती व भाई आशीष है। रुद्र भी कुछ दिन पहले ही मध्यप्रदेश से लखनऊ आया था। दो घंटे शहीद पथ पर यातायात बाधित रहा हादसे के बाद शहीद पथ पर वाहनों की कतार लग गई। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने क्रेन की मदद से कार सड़क किनारे करवाई। इसके बाद यातायात सुचारु रूप से चल सका। इस दौरान करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा।

**नहर में उतराता मिला तीन दिन पुराना शव, नहीं हुई पहचान:** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित वीआईपी रोड स्थित संत आशुदाराम आश्रम के सामने नहर में शनिवार रात्रि एक शव उतराया देख राहगीरों में हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस ने शव को काफी मशक्कत से नहर से निकलवा शिनाख्त करवाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक ने लाल व नीली रंग की टी शर्ट व नीले रंग की पैंट पहन रखा था। मृतक का शव लगभग तीन से चार दिन पुराना लग रहा था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

**कार ने साइकिल में मारी टक्कर, पिता की मौत, बेटा घायल:** आशियाना स्थित पकरी पुल पर शनिवार को तेज रफ्तार कार ने साइकिल में टक्कर मार दी। इससे साइकिल सवार पिता की मौत हो गई और बेटा घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आशियाना के किला गांव निवासी शंकर कुमार शाह (45) जनेश्वर मिश्र पार्क में सफाई का काम करते थे। मूलरूप से वह बलिया मधुबनी के रहने वाले थे। शनिवार सुबह शंकर साइकिल से बेटे अरविंद के साथ ड्यूटी पर जा रहे थे। साइकिल बेटा अरविंद चला रहा था। सुबह 5:30 बजे वह पकरी पुल पर पहुंचे ही थे तभी पीछे से आई तेज रफ्कार कार ने साइकिल मेंटक्कर मार दी। टक्कर से साइकिल पर पीछे बैठे शंकर सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद भी कार सवार रे रफ्तार कम नहीं की। कार ड्राइवर शंकर को रौंदते हुए निकल गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर आशियाना के मुताबिक तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आम बीनने गयी वृद्धा का झाड़ियों में मिला शव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माल क्षेत्र के रैपुरवा नई बस्ती गांव में अपनी बाग में आम बीनने गई वृद्धा रामदी (62) पत्नी हेमराज यादव का शव दूसरे दिन रविवार को झाड़ियों पड़ा मिला। उनके शरीर से जेवर गायब थे।

सूंचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए मच्युर्री भेज दिया। रविवार को शव वापस आने पर परिजन ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की शाम रामदी गांव से दूर स्थित अपने बाग में आम बीनने गई थीं। जब शाम तक वह घर नहीं लौटीं तो परिजन ने तलाश करना शुरू कर दिया ।लेकिन कुछ पता नहीं चल सका ।सुबह ग्रामीणों संग परिजन ने उन्हें फिर तलाश करना शुरू किया।

तलाश में जुटे गांव के मुकेश ने साढ़े 9 बजे उनका शव उनके बाग से कुछ दूरी पर पप्पू सिंह की बाग की झाड़ियों में औंधे मुंह पड़ा देखा। उनके कान से सोने के टॉप्स, गले से चांदी की जंजीर तथा पैरों से चांदी के लच्छे गायब थे। नाक,कान आदि से खून रिस रहा था ।चेहरे पर चोट तथा सूजन के निशान थे। उसी जगह मृतका के पैर का एक चप्पल तथा कुछ आम बिखरे पड़े थे ।कुछ दूर तक शव को घसीट कर झाड़ियों में ले जाने के निशान मौजूद थे। पति हेमराज द्वारा दी गई लिखित सूंचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मच्युर्री भेज दिया है ।गांव में लोगों को शक है कि नशे के आदी अपराधियों द्वारा हत्या कर जेवर लूटने के बाद शव को घसीट कर झाड़ियों में छुपा दिया गया है। मृतका के शिवरतन तथा रामरतन नामक दो बेटे तथा तीन व्याहता बेटियां हैं। गांव में शोक का माहौल है। खबर लिखे जाने तक परिजन ने तहरीर नहीं दी है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि परिजन द्वारा अभी तहरीर नहीं दी गई है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमला करने का लगाया आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमले करने का आरोप लगाया गया। बिजनौर थाना क्षेत्र के माती निवासी आकाश का कहना है कि वह रात करीब 9:30 बजे अपनी पत्नी के साथ अशरफ नगर से घर जा रहे थे, गांव में घुसने से पहले ही घात लगा कर बैठे करन, अजय, बृजकुमार और शनी ने पुरानी रंजीस के कारण उन पर और उनकी पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिए ।पीड़ित का कहना है कि इस हमले में उसको और उनकी पत्नी मधु को गंभीर चोटे आई हैं और उनका वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। पीड़ित का कहना है कि मारपीट से बचाने के लिये आये पुष्पेंद्र को भी गंभीर चोटे आई है और वह लोग बचाने आयी महिला नीलू पत्नी श्यामू जो की गर्भवती थी। उस पर भी उन लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। उसे मारा पीटा और गाली गलौज भी किये। पीड़ित का कहना है कि गर्भवती नीलू की तबीयत नाजुक है। जिसको लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है ,जहां पर उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित ने इसकी शिकायत बिजनौर थाने में की। बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

**बंद पड़े मकान से सामान चोरी** :बिजनौर थाना क्षेत्र में बंद मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर थाना क्षेत्र के नटकुर स्थित मुल्लाहीखेड़ा निवासी अनिल तिवारी का कहना है कि वह निजी काम से रेवाड़ी, हरियाणा गए हुए थे। पीडित का कहना है कि 4 जुलाई 2025 को घर पर लगे कैमरे न चलने पर वह 4:30 बजे अपने पड़ोसी अरुण प्रकाश मिश्रा को घर पर जाकर देखने के लिए बोले। जब वह उनके घर गए तो उनके घर का सारा सामान चोरी हो गया था और ताले टूटे थे, घर में लगे कैमरे चोरी हो गए थे। पीड़ित का कहना है कि उनके पड़ोसी अरुण प्रकाश मिश्रा ने इसकी सूचना 112 नंबर पर दिये। मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान की जांच पड़ताल करने के बाद रिपोर्ट देने की बात कहकर वहां से चले गए।

## सौ किलोवाट ट्रांसफार्मर का तेल चोरी

लखनऊ। गहरू के गंगादीन खेड़ा में कृषि फीडर के लिए लगाए गए 100 किलोवॉट ट्रांसफॉर्मर का तेल बीती 29 जून को अज्ञात चोर ट्रांसफार्मर का नीचे का हिस्सा काटकर चुरा ले गए। बताते हैं कि 240 लीटर तेल चोर चुरा ले गए और यह घटना इसी महीने दूसरी बार हो गई। इसके पहले 3 तारीख को भी चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था, बावजूद जिम्मेदारों द्वारा किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई न करने के चलते चोरी की दोबारा घटना घटित हुई। फिलहाल अवर अभियंता गहरू विनय कुमार द्वारा शनिवार को सरोजिनी नगर थाने पर चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अवर अभियंता के अनुसार चोरी की यह घटना दूसरी बार हुई है जिसमें विभाग को 20 हजार रुपए के राजस्व की हानि हुई है। ट्रांसफार्मर का तेल चोरी हो जाने के चलते कृषि फीडर के समस्त आठ ट्यूबवेलों की सिंचाई बाधित हुई जिससे किसानों की फसलों को नुकसान होने की संभावना है। अवर अभियंता ने पुलिस से चोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## आशियाना में बंद मकान में चोरी, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में घूम रहे चोरो ने बीते दो सप्ताह पूर्व एक बंद मकान को निशाना बना अलमारी के लाकर से कीमती जेवरात चोरी कर फरार हो गए। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एम निवासी संध्या निरंजन के अनुसार वह बीते 17 जून को परिवार संग बाहर गई थी। उस दौरान चोरों ने उनके घर में घुस कर अलमारी के लाकर मे रखे कीमती पैत्रिक जेवरात पार कर दिया और मौके से फरार हो गए। जिसकी जानकारी उन्हें घर लौटने पर हुई। लूट होने की शिकायत उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर घटना के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल शातिर चोरों की तलाश की जा रही है।

## सूर्यनमस्कार फिटनेस चैलेन्ज का किया गया आयोजन

लखनऊ। सरोजनीनगर स्थित ऋषिकुल योगपीठ के तत्वावधान में योगासन स्पोर्ट फेडरेशन ऑफ भारत ने 51 सूर्यनमस्कार फिटनेस चैलेन्ज का आयोजन किया ,जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्रतीक चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि डा देवनाथ शुक्ला ( संस्थापक- ऋषिकुल योगपीठ ), अजय कुमार सिंह ( नेशनल स्पोर्ट कोर्डिनेटर ), श्रीमती कुसुम पाठक (योगमित्र एवं वरिष्ठ समाजसेवी), योगासन फेडरेशन ऑफ भारत की आफिसियल जज टीम मे योगाचार्य पं नवीन स्टेट कोर्डिनेटर, अजीत कुमार-स्टेट सेक्रेटरी, सोनू रावत-स्टेट ज्वाइंट सेक्रेटरी, सुरेश कुमार वर्मा- स्टेट जवाइंट सेक्रेटरी, देवेश मौर्या- डिस्ट्रिकट कोर्डिनेटर और सहयोगी रूप मे सतीश कुमार पाल, बलवंत सिंह, धीरेन्द्र, ब्रजेश रावत, गोपाल रावत, शनी कुमार, आशीष रावत, अंशुमान मौर्या, साक्षी सिंह, निहारिका यादव ने अहम भूमिका निभाई। मंच का संचालन कर रहे योगाचार्य पं नवीन ने बताया की सूर्यनमस्कार सिर्फ हमारे शरीर को मजबूत ही नहीं बनाता बल्कि शरीर मे स्फूर्ति और ऊर्जा का संचार भी करता हैं।

## मोहर्रम ड्यूटी में तैनात महिला सिपाही को डंडे से पीटा

लखनऊ। मोहर्रम ड्यूटी में तैनात महिला सिपाही पर नींबू पार्क के पास पति ने शुक्रवार रात जानलेवा हमला कर दिया। हमले में वह बुरी तरह घायल हो गईं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट, हत्या का प्रयास, धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हरदोई के बेनीगंज का निवासी अभिषेक सिंह है। आरोपी की सिपाही पत्नी की ड्यूटी शुक्रवार को नींबू पार्क में लगी थी। तभी रात में ड्यूटी के दौरान अभिषेक वहां पहुंच गया। उसका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बात बढ़ने पर आरोपी पीड़ित सिपाही का हाथ पकड़कर खींचकर ले जाते हुए ड्यूटी में व्यवधान डालने की कोशिश करने लगा। सिपाही के विरोध पर आरोपी ने उस पर डंडे से हमला कर दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गयी। साथी पुलिसकर्मी मदद के लिए दौड़े तो आरोपी वहां से भाग निकला। आनन-फानन में घायल सिपाही को ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गयी। इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गयी। शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## अध्यात्म एक विज्ञान है, इसे आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समझे : अपरिमेय

लखनऊ। देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर रविवार को शहीद पथ स्थित श्रीश्री राधा रमण बिहारी जी मंदिर (इस्कॉन) में भक्तों ने श्रीमद भगवत गीता को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जाना-समझा। मंदिर के नित्यानंद हाल में आयोजित सेमिनार में इस्कॉन के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभु ने मैं कौन हूँ, मनुष्य जीवन का लक्ष्य व भगवत गीता मनुष्य जीवन में कैसे सहायक है जैसे विषयों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि वास्तव में अध्यात्म एक विज्ञान है, जिसे हम अपनी भौतिक बुद्धि से नहीं समझ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आशय है कि संसार में जो विज्ञान हम पढ़ रहे हैं, इन सबके अपने-अपने सिद्धांत हैं। इन्हे एक दूसरे से नहीं समझा जा सकता है। इसी प्रकार जो आध्यात्मिक ग्रंथ हैं श्रीमद् भगवत गीता व भागवतम को अध्यात्मिक दृष्टिकोण से जब हम समझेंगे और जानेंगे तब इस ज्ञान को प्राप्त कर सकेंगे। भौतिक शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी आवश्यक है' इस मौके पर भक्तों ने गिरि गायों की गोशाला का भ्रमण कर गो सेवा की। सेमिनार के समापन पर सभी भक्तों ने स्वादिष्ट एकादशी प्रसाद ग्रहण किया।

# झांगुर बाबा गिरोह के 14 सदस्यों को तलाश कर रही एटीएस




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बलरामपुर में धर्मांतरण कराने से चर्चा में आए मुख्य आरोपी झांगुर बाबा गिरोह का अपना अलग नेटवर्क था। उसके अलावा गिरोह के 14 सदस्य अहम भूमिका में रहते थे। इनका नेटवर्क कुछ समय बाद बलरामपुर से निकल कर यूपी के कई जिलों में फैल गया था। एटीएस और एसटीएफ इन 14 फरार सदस्यों को पकड़ने में लग गई है। एसटीएफ की तीन टीमें अलग से लगाई गई है। एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि झांगुर बाबा से मिली जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एटीएस सूत्रों के मुताबिक झांगुर बाबा के गिरोह में अधिकतर सदस्य औरैया, सिद्धार्थनगर और आजमगढ़ के लोग हैं। ये लोग अक्सर मधपुर गांव में रहते थे। इस वजह से एटीएस की टीमें गांव में डेरा डाले हुए है। यह टीम ग्रामीणों से झांगुर बाबा के बारे में जानकारियां जुटाने में लगी है। ग्रामीण भी अब खुलकर इन्हें झांगुर की करतूते बता रही है। सिन्धी के इस्लाम बनने से बेखबर थे ग्रामीण ग्रामीणों को इस बात पर हैरानी हुई कि जिस नसरीन, उसके पति व बेटी को वह लोग मुस्लिम समझते थे, वह पहले सिन्धी थे। झांगुर ने उन्हें ब्रेनवॉश कर इस्लाम धर्म कुबूल करा दिया था। नीतू ही नसरीन बनी थी। उसके पति का नाम असली नाम नवीन मोहरा है। झांगुर द्वारा छपवाई गई किताब सदर-ए-तैयबा से आस पास के जिलों में इस्लाम का प्रचार प्रसार किया जाता था। इस किताब को छपवाने के लिए भी विदेशों से फंडिंग की गई थी। इन सदस्यों की हो रही तलाश एटीएस के मुताबिक झांगुर बाबा गिरोह के मुख्य सदस्यों में शामिल महबूब, पिंकी हरिजन, हाजिरा शंकर, एमेन रिजवी (कथित पत्रकार), सगीर की तेजी से तलाश की जा रही है। इनकी गिरफ्तारी होने पर इस गिरोह के नेटवर्क के बारे में और जानकारी मिलेगी। इस गिरोह के कई सदस्यों के खिलाफ आजमगढ़ के देवगांव थाने में भी वर्ष 2023 में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसका ब्योरा भी एटीएस ने आजमगढ़ पुलिस से मांगा है। एटीएस जल्दी ही झांगुर व नीतू उर्फ नसरीन को रिमाण्ड पर लेगी।

## इस्लाम स्वीकार करने पर लड़कियों को मिलते थे लाखों रुपये

**लखनऊ।** गिरफ्तार झांगुर बाबा ने एक और चौंकाने वाला खुलासा यूपी एटीएस अफसरों के सामने किया। एटीएस की जांच में यह बात पहले भी आ चुकी है। 50 हजार का इनामी जलालुद्दीन उर्फ झांगुर बाबा ने बताया कि धर्म परिवर्तन कर इस्लाम स्वीकार करने के लिए अलग-अलग जाति की लड़कियों को अलग-अलग धनराशि दी जाती थी। यह धनराशि आठ से 16 लाख रुपए तक होती थी। एटीएस के मुताबिक हिन्दू धर्म की ब्राह्मण, सरदार व क्षत्रिय की लड़की के इस्लाम धर्म स्वीकार करने पर 15-16 लाख रुपए, पिछड़ी जाति की लड़की को 10-12 लाख और अन्य जाति की लड़कियों को आठ से 10 लाख रुपए दिए जाते थे। यह भी सामने आया कि अगर कोई लड़की ज्यादा विरोध करती थी तो उसे धमकाकर धर्मांतरण करवा दिया जाता था और तब ये धनराशि नहीं दी जाती थी। इतना ही नहीं विरोध करने पर गिरोह के सदस्य पीड़ितों को फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी भी देते थे।

**40 बार इस्लामिक देशों की यात्रा पर गए:** नसरीन ने कुबूला कि गिरोह के सदस्य अब तक 40 बार इस्लामिक देशों की यात्रा कर चुके है। इस यात्रा का खर्चा गिरोह को फंडिंग के जरिए मिलता था। इनके बैंक खातों से भी इसकी पुष्टि हुई है। खातों में लेन-देन की कई धनराशि के बारे में झांगुर बाबा ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया है। इस बारे में एटीएस अन्य जानकारी पता कर रही है।

**गिरोह के मुख्य सदस्य:** एटीएस के मुताबिक गिरोह में झांगुर बाबा के अलावा मुख्य रूप से महबूब, पिंकी हरिजन, हाजिरा शंकर, एमेन रिजवी (कथित पत्रकार), सगीर है। इनके साथ मुस्लिम बने सिंधी दम्पत्ति भी हर कदम पर साथ रहते थे। इस गिरोह के कई सदस्यों के खिलाफ आजमगढ़ के देवगांव थाने में भी वर्ष 2023 में एफआईआर दर्ज हुई थी।

**15 लोगों ने हिन्दू धर्म फिर से अपनाया:** धर्मांतरण का शिकार हुए 15 लोगों ने तीन दिन पहले गोमतीनगर के विशाल खंड में अपना मूल धर्म अपना लिया था। शिवभोला मंदिर में बाकायदा रीति रिवाज के साथ मुस्लिम धर्म स्वीकार करने वाले इन लोगों को हिन्दू धर्म स्वीकार कराया गया। इन लोगों ने अपनी आपबीती में बताया था कि किस तरह से वह लोग झांसे में फंस गए थे। पुलिस ने इन लोगों से पूरे नेटवर्क की जानकारी ली थी। इसके बाद ही झांगुर बाबा की तलाश के लिए एटीएस सक्रिय हो गई थी।

# नर्सिंग छात्रा ने फांसी लगायी, जांच की मांग



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीबीडी इलाके में शनिवार रात नर्सिंग छात्रा ने गर्ल्स हॉस्टल में फांसी लगा ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। वह सतरिख रोड स्थित मां भगवती कॉलेज ऑफ नर्सिंग से जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। परिवार ने जांच की मांग की है। मूलरूप से सिद्धार्थनगर कठेला समय माता निवासी पूजा अग्रहरि (20) बीबीडी इलाके में स्थित बालाजी गर्ल्स हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। चिनहट इलाके में रह रही बड़ी बहन लक्ष्मी ने बताया कि शनिवार रात आठ बजे पूजा की सहेली का फोन आया कि शाम से वह कमरे से बाहर नहीं निकली है। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है। कई आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांक कर देखा तो पूजा का शव पंखे के कुंडे से चादर के फंदे के सहारे लटकी हुआ था। आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़कर भीतर गए, पूजा को फंदे से उतारा तब तक उसकी जान जा चुकी थी। पूजा के पिता बलराम अग्रहरि सिद्धार्थनगर में किराना की दुकान चलाते हैं। परिवार में तीन बहनें हैं और तीन भाई हैं। बड़ी बहन लक्ष्मी चिनहट स्थित कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। इंस्पेक्टर बीबीडी के मुताबिक कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिवार ने अभी तक किसी पर कोई आरोप भी नहीं लगाया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एक दिन पहले बहन से हुई थी बात बड़ी बहन लक्ष्मी ने बताया कि शुक्रवार को उसकी पूजा से बात हुई थी। बातचीत में पूजा बिल्कुल सामान्य थी। बातचीत से ऐसा कुछ भी नहीं लगा था कि पूजा ऐसा कदम उठा लेगी। जांच के बाद भी पता चल सकेगा कि उसने ऐसा क्यों किया। वह हॉस्टल पहुंची थी तो पूजा का शव बेड पर पड़ा था।

## नाली के विवाद में हवाई फायरिंग, मुकदमा

लखनऊ। दुबग्गा के सैदपुर महेरी में शनिवार को नाली का पानी निकलने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। इस बीच पक्ष से एक युवक ने तमंचे से हवाई फायरिंग कर दी। फायरिंग होते ही दहशत फैल गई। इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। दुबग्गा पुलिस चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। सैदपुर महेरी निवासी प्लंबर आकाश राजपूत के मुताबिक नाली का पानी घर के सामने बहता था। उन्होंने नाली के किनारे दीवार बनवा दी। इसपर पड़ोसी विनोद, अजीत और सोनू ने गाली गलौज कर दीवार तोड़ दी। विरोध जताने पर तीनों आरोपित उनसे मारपीट करने लगे। इस बीच विनोद ने अपने भतीजे मनीष को फोन कर बुला लिया। आते ही मनीष ने तमंचा निकालकर दो राउंड हवाई फायरिंग की। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए वह भाग निकला। इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव वर्मा के मुताबिक अभी तक की जांच में फायरिंग की बात सामने नहीं आई है। तहरीर पर विनोद, अजीत, सोनू व मनीष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल, मां चंद्रिका देवी मंदिर के लिए तीर्थ कॉरिडोर की मांग



**बीकेटी, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ चंद्रिका देवी मंदिर में तीर्थ कॉरिडोर निर्माण की मांग को लेकर शनिवार को मंदिर समिति के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से भेंट की। भाजपा नेता रामेन्द्र सिंह मोनू जी के नेतृत्व में हुए इस शिष्टाचार भेंट में माँ चंद्रिका देवी मेला समिति के सदस्य रत्नेश प्रताप सिंह चौहान मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि माँ चंद्रिका देवी मंदिर, कठवारा (बख्शी का तालाब) एक प्राचीन सिद्धपीठ है जहाँ प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन और आशीर्वाद हेतु आते हैं। लगातार बढ़ती भीड़ और तीर्थ महत्ता को देखते हुए काशी-विश्वनाथ धाम की तर्ज पर एक सुव्यवस्थित तीर्थ कॉरिडोर की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में विचार कर आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया। श्रद्धालुओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों में इस पहल को लेकर उत्साह देखा गया है।

## युवक से बाइक और नगदी लूटी

लखनऊ। नगराम के अचली खेड़ा बैराज के पास बीती रात नहर पटरी होकर बाईक से घर वापस आते समय दो नकाबपोश बदमाशों ने युवक से बाईक व नगदी लूट कर फरार हो गए। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर नगराम पुलिस दो अज्ञात युवकों के विरुद्ध लूट का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है। थाना शिवगढ़ क्षेत्र के चितवनिया गांव निवासी विपिन चौरसिया सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के प्लासियो माल के पास गुमटी में पान मसाला व पान की दुकान चलाता है, शनिवार रात के समय दुकान बन्द कर अपनी बाईक अपाचे से इंदिरा नहर के रास्ते घर वापस लौट रहा था करीब बारह बजे इंदिरा नहर के अचली खेड़ा बैराज से पहले पंहुचते ही दो अज्ञात नकाब पोश बदमाशों ने रोक कर लूटपाट करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर लोहे के राड से हमला कर चोटिल कर दिया। इसके बाद अपाचे बाईक व 2000 की नगदी लूट कर भाग निकले। पीड़ित विपिन ने बताया कि घटना के बारे में डायल 112 पर सूचना दी गई। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने इधर उधर बदमाशों की तलाश किया सफलता नहीं मिली ?। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ सहित आस पास के सी सी टी वी फुटेज खंगाले जा रहे हैं शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

**एचसीएल चौकी के सामने चालक को पीटा:** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में एचसीएल चौकी क्षेत्र में एच सी एल कंपनी के मोड़ पर दो बाइक सवार युवको ने एक हाफ डाला चालक को पीट दिया। पिटाई के दौरान किसी ने वीडियो बना कर सोसल मीडिया पर डाल दिया।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और सौर ऊर्जा विक्रेताओं का हुआ समागम

लखनऊ। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आज लखनऊ स्थित यूनियन बैंक भवन परिसर में सौर ऊर्जा विक्रेता समागम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण के निदेशक एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन बैंक के लखनऊ अंचल के महाप्रबंधक राजेश कुमार ने की। इस कार्यक्रम में यूनियन बैंक के लखनऊ अंचल के वरिष्ठ अधिकारियों सहित विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों के पदाधिकारीगण एवं शहर के प्रमुख सौर ऊर्जा वेंडर्स उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सौर ऊर्जा के लाभ, सरकारी दिशा-निर्देश, तकनीकी पक्षों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

## छात्रा को ऑटो चालक ने अगवा कर की छेड़छाड़, पुलिस ने पकड़ा

**लखनऊ।** दवा लेने निकली 13 वर्षीय हाईस्कूल छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजन ने गुमशुदगी की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी। 24 घंटे बाद लौटी किशोरी ने आपबीती बतायी। पता चला कि मोहल्ले में रहने वाला ई-ऑटो चालक उसे हिंदू नाम बताकर अगवा कर ले गया था। विरोध पर छेड़छाड़ करते हुए धमकाया।

पुलिस ने मामले में अपहरण, छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाते हुए आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि 1 जुलाई को छात्रा घर से दवा लेने जा रही थी। तभी नाम बदलकर रहने वाला ई-ऑटो चालक अंसार उर्फ सोनू कुमार उसे रास्ते में मिला। तब किशोरी ने उसे थोड़ा आगे बढ़कर छोड़ने को कहा। लेकिन आरोप है कि आरोपी सोनू ने उसे ई-ऑटो से नहीं उतरने दिया। बल्कि उसे पूरी रात उसे इधर-उधर घुमाता रहा। विरोध पर छेड़छाड़ करते हुए धमकाया। 2 जुलाई की सुबह आरोपी पीड़िता को छोड़कर भाग निकला। उसके चंगुल से छूटी किशोरी किसी तरह घर पहुंची और आपबीती बतायी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी अंसार को गिरफ्तार कर ई-ऑटो बरामद कर लिया है। आरोपी मूल रूप से मुजफ्फरपुर बिहार का रहने वाला है।

## आलमबाग बस अड्डे पर फर्जी कमांडो गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ के आलमबाग बस अड्डे पर एक फर्जी कमांडो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान रंजन कुमार के रूप में हुई है, जो कुशीनगर के सुजान का निवासी है। वह बिना टिकट के रोडवेज बस में सफर कर रहा था, जब उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने जब उसकी जांच की, तो पता चला कि वह फर्जी ठरऋकमांडो है। उसके पास से मेड इन इटली ऑटोमैटिक पिस्टल और वायरलेस हैंडसेट बरामद हुआ है। पुलिस को उसके मोबाइल से वर्दी में कई फोटो भी मिली हैं। पुलिस के सामने रंजन कुमार ने अपनी गलती स्वीकार की और माफी मांगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह फर्जी कमांडो कैसे बना और उसके पास से बरामद हथियार और वायरलेस हैंडसेट कहां से आए।


बादशाह नगर में मोहर्रम का जुलूस निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग


जुलूस में उमड़ा जनसमूह


पुराने लखनऊ में मोहर्रम का जुलूस निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग

सभी फोटो-अमित वर्मा

# अकीदत से निकला मोहर्रम का जुलूस, या हुसैन की सदाओं से गूंजा शहर





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में दसवीं मुहर्रम पर यौमे-आशूरा का जुलूस कड़ी सुरक्षा के बीच निकाला गया। इस दौरान या हुसैन या हुसैन की सदाओं से शहर गूंजता रहा। जुलूस में बड़ों के साथ बच्चे भी शामिल हुए। इस दौरान हर अजादार मातम-ए-हुसैनी का सोगवार था। जुलूस विक्टोरिया स्ट्रीट से अकबरी गेट, नक्खास और बिल्लौरापुरा होता हुआ दरगाह अब्बास पहुंचा। जुलूस के लिए शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चौक के इमामबाड़ा नाजिम साहब से बड़े ही गमगीन माहौल में दसवीं मोहर्रम का जुलूस निकाला गया।

इस दौरान नाजिम साहिब इमामबाड़े से जैसे ही अजादार अलम लेकर बाहर आए। वहां मौजूद हजारों अजादारों ने उसे चूमना शुरू कर दिया। जुलूस के आगे अकीदतमंद मातम कर रहे थे। साथ ही पीछे अलम को छूकर लोग मन्नतें मांग रहे थे। इसमें जायरीन खंजर, चाकू, जंजीरे लेकर खुद को लहूलुहान कर मातम मना रहे थे। मातम में छोटे बच्चों से लेकर बड़े तक शामिल थे। गमजदा महिलाएं यह खूनी मंजर देखकर रो रहीं थीं। जुलूस में हजारो की संख्या में लोग मातम देख रहे थे जो गमगीन हो जाते थे उन पर पुलिस की विशेष निगरानी थी। ड्रोन कैमरा भी लगातार जुलुस पर विशेष नजर बनाये हुए था।

**पेश किया खून का पुरसा:** आशूर की शब से शुरू हुआ कमा.जंजीर का मातम आशूर के दिन जुलूस में भी जारी रहा। जैसे ही मजलिस खत्म हुई जुलूस निकलना शुरू हुआ अजादारों ने जबरदस्त कमा-जंजीर का मातम कर शहजादी को अपने खून का पुरसा पेश किया। हर कोई अपनी कमा व जंजीर लिए था। कमा.जंजीर के मातम में बड़ों के साथ मासूम बच्चें भी शामिल हुए।

**अंधेरे में हुई मजलिस शाम-ए-गरीबा:** इमामबाड़ा गुफरामंआब में मजलिस शाम-ए-गरीबा को मौलाना ने खिताब किया। मौलाना ने जब कर्बला में शाम मे गरीबा का मंजर बयान किया तो मजलिस में कोहराम बरपा हो गया, अजादार रोते हुए अपने घर गये। यह मजलिस अंधेरे में होती जिसमें ना बैठने के लिए फर्श बिछा होता हैं और ना ही टेंट होता है। क्योंकि हजरत इमाम हुसैन अ.स. और उनके 71 साथियों की दर्दनाक शहादत के बाद इमाम की बहन शहजादी जनाबे जैनब स.अ. बीमार बेटे हजरत जैनुल आब्दीन अ.स. इमाम मोहम्मद बाकिर अ.स. और बेटी शहजादी जनाबे सकीना स.अ. सहित अन्य लोग कर्बला के मैदान में अंधेरे में बिना फर्श व टेंट के बैठे हुए थे। इसी की याद में यह मजलिस का आयोजन होता है। इसके अलावा रौजाए काजमैन में मौलाना मीसम जैदी ने मजलिसे शाम ए गरीबा को खिताब किया।

**कमा-जंजीर का मातम:** आशूर की शब से शुरू हुआ कमा-जंजीर का मातम आशूर के दिन जुलूस में भी जारी रहा। जैसे ही मजलिस खत्म हुई जुलूस निकलना शुरू हुआ अजादारों ने जबरदस्त कमा-जंजीर का मातम कर शहजादी को अपने खून का पुरसा पेश किया। हर कोई अपनी कमा व जंजीर लिए था। कमा-जंजीर के मातम में बड़ों के साथ मासूम बच्चें भी शामिल हुए।

**मजलिस शाम-ए-गरीबा:** इमामबाड़ा गुफरामंआब में मजलिस शाम-ए-गरीबा को मौलाना ने खिताब किया। मौलाना ने जब कर्बला में शाम मे गरीबा का मंजर बयान किया तो मजलिस में कोहराम बरपा हो गयाए लोग रोते हुए अपने घर गये। यह मजलिस अंधेरे में होती जिसमें ना बैठने के लिए फर्श बिछा होता हैं और ना ही टेंट होता है। क्योंकि हजरत इमाम हुसैन अ.स. और उनके 71 साथियों की दर्दनाक शहादत के बाद इमाम की बहन शहजादी जनाबे जैनब स.अ. बीमार बेटे हजरत जैनुल आब्दीन अ.स., इमाम मोहम्मद बाकिर अ.स. और बेटी शहजादी जनाबे सकीना स.अ. सहित अन्य लोग कर्बला के मैदान में अंधेरे में बिना फर्श व टेंट के बैठे हुए थे।

**फर्श-ए-खाक पर पढ़ी नमाज:** हजरत इमाम हुसैन अ.स. और उनके 71 साथियों की दर्दनाक शहादत की याद में यौम-ए-आशूर के मौके पर कर्बला ताल कटोरा सहित शहर की विभिन्न कर्बलाओं, इमामबाड़ों और मस्जिदों में हजारों लोगों ने आमाल-ए-आशूरा किये और नमाज अदा की। यह नमाज खुले आसमान के नीचे और खाक मिट्टी पर अदा की जाती है।

**फाका शिकनी की नज़्र हुई:** हजरत इमाम हुसैन अ.स. और उनके साथियों के तीन दिन की भूख.प्यास की याद में यौमे आशूरा के मौके पर शहर के तमाम इमामबाड़ों, दरगाहों, कर्बलाओं व घरों में फाका शिकनी का आयोजन हुआ। जिसमें खड़ी मसूर की दाल-चावल और शर्बत पर शहीदान-ए-कर्बलाऔर असीरान.ए.कर्बला की नज़्र दी गयी।

**इन रास्तों से निकला दसवीं मोहर्रम का जुलूस:** पुराने लखनऊ में दसवीं मुहर्रम का जुलूस अकबरी गेट से शुरू हुआ जो नक्खास, बिल्लौचपुरा, हैदरगंज होते हुए कर्बला तालकटोरा पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस जैसे ही इमामबाड़े से निकला वैसे ही वहां मौजूद हजारों अजादारों ने उसे चूमना शुरू कर दिया। आजाददार हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद कर रो रहे थे।

## जुलूस देखने सड़कों के किनारे उमड़ा हुजूम





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दसवीं मोहर्रम का जुलूस अकबरी गेट से शुरू हुआ वैसे ही हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करके लोग रोने लगे। जहां से जुलूस निकला, रास्तों पर लोग चाकू, छुरी और खंजर से खुद को लहूलुहान कमा कर गमगीन हो रहे थे। इन्हें देखने के लिए हजारों की भीड़ सड़कों और घरों की छतों से देखने के लिए उमड़े रहे जुलूस राजधानी के हजरतगंज, अलीगंज, चिनहट, चौक, बंथरा, सरोजनीनगर, आलमबाग, बीकेटी समेत सभी इलाकों में निकल गया। कर्बला के 72 शहीदों को यादकर लोग मातम कर रहे थे। छोटे.छोटे बच्चें भी खुद को जंजीरों से पीटकर अपने सर पर रॉड मारकर, खंजर, चाकू, जंजीरे लेकर खुद को लहूलुहान कर रहे थे। जुलूस के दौरान हर तरफ अली मौला, हैदर मौला की सदायें गूंज रही थी वहीं, खूनी मंजर देखकर गमजदा महिलाएं रो रही थी।

**इस्लाम का पहला महीना है मुहर्रम:** इस्लाम धर्म के अनुसार मुहर्रम साल का पहला महीना होता है। इसे आम भाषा में हिजरी भी कहा जाता है। हिजरी सन की शुरूआत खासतौर पर इसी महीने से होती है। यह इस्लाम में चार सबसे पवित्र महीनों में से एक है। मुहर्रम का शाब्दिक अर्थ निषिद्ध है। इस्लाम धर्म के अनुसार, मुहर्रम के महीने को शोक या मातम का महीना कहा जाता है। ऐसा माना जाता है कि पैगंबर मुहम्मद ने इस महीने को अल्लाह का पवित्र महीना बताया था।





जुलूस जहां जहां से निकला उन रास्तों पर लोग चाकू, छुरी और खंजर से खुद को लहूलुहान कर गमगीन कर रहे थे। जिन्हें देखने के लिए हजारों की भीड़ सड़को और घरों की छतों पर खड़ी थी। मातम के ये आलम राजधानी के विभिन्न इलाकों में निकाला गया। इनमें चिनहट, हजरतगंज, निशातगंज, आलमबाग, बीकेटी, इटौंजा, निगोहा, नागरम, बंथरा, सरोजनीनगर, मोहनलालगंज, काकोरी, मलिहाबाद, सहित प्रत्येक इलाकों में दसवीं मुहर्रम का जुलूस निकाला गया।

# 'तीन में न तेरह में' पुस्तक का मूल विश्वास और आस्था





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इतिहासकार डॉ. रवि भट्ट, नवीन जोशी और कनक रेखा चौहान जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों की अध्यक्षता में शहर के सौ से अधिक सम्मानित व्यक्ति रविवार को सप्रू मार्ग स्थित पुलिस ऑफिसर्स मेस के कॉन्फ्रेंस हॉल में एकत्रित हुए और मंथर.गति से जीवन जीने के सरल लेकिन अतुलनीय सुखों पर चर्चा की। यह वाकई एक अनूठा और दिल को छू लेने वाला सत्र साबित हुआए जिसने सभी को पुरानी स्मृतियों में ले जाकर सहभागिता हेतु प्रेरित किया। उपस्थित व्यक्तियों में मंत्री असीम अरुण, एयर मार्शल अमित तिवारी, अलका प्रमोद, कैप्टन परितोष चौहान, चन्द्रशेखर वर्मा, डॉ. प्रभा श्रीवास्तव, गोपाल सिन्हा, जयकिशन अग्रवाल, सुधांशु मणि, सुनीता एरन, विजय साही, विनीता मिश्रा, चंद्र प्रकाश और अन्य हसतियां शामिल थी।

लेखक डॉ. एपी माहेश्वरी और विनीता चांडक द्वारा लिखित पुस्तक और उसका हिंदी संस्करण तीन में न तेरह में के लिए धन्यवाद, क्योंकि ये पुस्तकें हमारे पूर्वजों द्वारा अपनाई गई जीवन पद्धतियों पर केंद्रित हैं, जो आज एक आवश्यक और प्रासंगिक मुद्दे के लिए ट्रिगरिंग-पॉइंट बन गई हैं, जिस पर सावधानीपूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। इस पुस्तक का मूल विश्वास और आस्था की यात्रा के इर्दञगिर्द घूमता है, जो इस पुस्तक के नायक प्रेम के जीवन में परिलक्षित होता है, जो राजस्थान के एक छोटे से शहर किशनगढ़ से आते हैं। संसाधनों की कमी वाले वातावरण में पले.बढ़े होने के बावजूद वह न केवल अच्छे जीवन यापन में सफल होते हैंए बल्कि अपने मामा संतदास के मार्गदर्शन में जीवन में सफलता का स्वाद भी वास्तव में चखते हैं। प्रशासनिक सेवाओं में चयनित होने के बादए वे शुरू में कुछ मिश्रित यहाँ तक कि संदिग्ध मूल्यों के साथ अपना करियर शुरू करते हैं, लेकिन अपने व्यक्तित्व में उन सभी विकृतियों को दूर करते हुए अंततः विनम्रता के एक प्रबुद्ध स्वरुप में उभरते है। शुरूआत में उनकी बहुमुखी जीवनशैली में उनके दैनिक व्यवहार में संघर्ष और विरोधाभासों की भरमार दिखाई देती है। इसके परिणामस्वरूप उन्हें विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ाए फिर भी अंततः उन्होंने सभी बाधाओं को पार कर लिया और उन सभी से ऊपर उठ गए। पुस्तक में एक और महत्वपूर्ण मुद्दा उस समय की महिलाओं की दुर्दशा को दर्शाया गया है। यह उन कई पूर्वाग्रहों को भी उजागर करता है जो उस समय व्याप्त थे और जिन्हें मिटाने की आवश्यकता थी और समाज को कुछ वर्गों के खिलाफ किए गए अन्याय के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता थी। असीम अरुण ने कहा कि वर्तमान में सोशल मीडिया की वजह से लोकतांत्रिक संस्कृति को बढ़ावा मिला है। पुराने मूल्यों को जोकि प्रगतिशील है, उन्हें आगे ले जाना हितकर होगा।

डॉ. रवि भट्ट ने अपने विचार व्यक्त किए कि वस्तु विशेष स्वयं में महत्वपूर्ण नहीं है उसको व्यावहारिक रूप से किस प्रकार प्रयोग में लाया जाता है, वही वास्तविक संस्कृति बन जाती है, अतः पुराने व नये जीवन आयाम में गुण-दोष पर न जाकर सार्थकता को तलाशा जाये। नवीन जोशी ने सामुदायिक साझेदारी और उसके महत्त्व पर जोर दिया। डॉ. एपी माहेश्वरी ने विशेष रूप से मंथर.गति युक्त जीवन पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका अर्थ है प्रकृति और मानवीय संबंधों के इर्द.गिर्द बुने गए गहरे रिश्ते, अधिक रचनात्मकता और पैठ.पूर्ण दक्षता जो हमारे जीवन के सभी पहलुओं पर समग्र व सकारात्मक रूप से प्रभाव डालते हैं। मूल्य.आधारित दिशाएं, सौ फीसदी प्रयास और सीमित संसाधनों का उपयुक्त.उपयोग वे प्रमुख सफलता मंत्र हैं जो हमें अपने पूर्वजों से विरासत में मिले हैं। कनक रेखा चौहान ने स्मरण करते हुए पुरानी जीवन शैली के विभिन्न पहलुओ से उत्पन्न आनंद के पहलुओं का जिक्र किया। रोज के खान.पान से लेकर मितव्यता और सामूहिक कार्य के रुचिकर आयामों को उभारा। विद्या बिंदु जी के अतिरिक्त अन्य व्यक्ताओ में श्रीमती मधु चतुवेर्दी, सुधीर मिश्रा, जनरल अजय चतुर्वेदी, श्रीमती कीर्ति नारायण एवं शोभा बाजपाई तथा संगीता अंशुमाली ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया ्य युवा पीढ़ी से कुछ बच्चो ने भी अपनी बात रखी।

# हरियाली उत्सव सीजन 4 फन मोर में चुनी जायेंगी नव अंशिका हरियाली क्वीन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेल विहार और नव अंशिका फाउण्डेशन की ओर से शनिवार 26 जुलाई को हरियाली उत्सव सीजन फोर - जोश मोर का आयोजन गोमती नगर विराज खंड स्थित होटल क्लासियो कलेक्शन में किया जा रहा है। यह आयोजन दोपहर 11:30 बजे होगा। इसमें सौन्दर्य और टैलेंट के एक से बढ़कर एक दिलचस्प प्रतियोगिताएं होगी।

नव अंशिका फाउण्डेशन की अध्यक्षा नीशू त्यागी ने बताया कि हरियाली उत्सव सीजन फोर-जोश मोर में रैंप वॉक और टैलेंट हंट शो आकर्षण का केन्द्र बनेगा वहीं नव अंशिका हरियाली क्वीन 2025 और स्वीट सिक्सटी हरियाली क्वीन 2025 के साथ ही बेस्ट हेयर स्टाइल, ड्रेस, स्माइल, पर्सनैलिटी, परफार्मेंस, रैंप वॉक, मेकअप, डांस, टैलेंट, मेंहदी, सुंदरी, कजरा, चूड़ी श्रंगार, एक्सप्रेशन, सिंगर, आनार्मेंट, फुटवियर और नेल्स के टाइटल अवार्ड भी दिए जाएंगे। इच्छुक महिलाएं दूरभाष 9721700025 और 9335222238 पर भी संपर्क सकती हैं। इसके साथ ही सम्बंधित जानकारियां और फेसबुक लिंक पर भी अपलोड की जाएंगी।

इसके सह-संयोजक थिएटर एंड फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव दबीर सिद्दीकी ने बताया कि हरियाली तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। जो कि इस साल रविवार 27 जुलाई को मनाया जा रहा है। इसकी पूर्व संध्या पर शनिवार 26 जुलाई को ॣहरियाली उत्सव सीजन फोर - फन मोरॢ का आयोजन भव्य स्तर पर किया जा रहा है। आस्था, उमंग, सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव, शिव-पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। झूलों और गीतों का आनंद लेती युवतियां और महिलाएं प्रकृति की उमंग से सराबोर होते हुए हरे रंग के लहंगा, चोली, सलवार सूट और साड़ी को पहन कर इस प्रकृति पर्व को मनाती हैं। ऐसे में नए दौर की महिलाओं की रुचि अनुरूप इस बार हरियाली उत्सव सीजन फोर जोश मोर का आयोजन भी नए रूप में किया जा रहा है।

## एसएनए में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ द्वारा दिनांक 06 जुलाई, 2025 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयन्ती के अवसर पर प्रातः 11:30 बजे अकादमी सभाकक्ष में अकादमी उपाध्यक्ष एवं अकादमी/कथक केन्द्र तथा जय घोष के समस्त कर्मियों द्वारा उनकी तस्वीर पर माल्यापर्ण कर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अकादमी उपाध्यक्ष सुश्री विभा सिंह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात उनके राजनीतिक एवं व्यवहारिक जीवन पर परिचर्चा की गई।

# देश-दुनिया में है यूपी के 6 खास आमों की मांग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आज भी आम के शौकीनों की कोई कमी नहीं है। ऐसे में अभी आम का सीजन चल रहा है और इस मौसम में बाजारों में रंग-बिरंगे और मीठे आम देखने को मिल रहे हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि हमारे देश की सबसे बड़ी और लोकप्रिय मैंगो बेल्ट उत्तर प्रदेश है जहां एक से एक आम की किस्में पाई जाती हैं। इन किस्मों ने सदियों से दुनिया को अपने साथ खुशबू और एक रसभरे मिठास के रिश्ते में बांध दिया है। तो आइए जानते हैं उन 6 खास किस्मों के बारे में।

**दशहरी आम:** फलों के राजा आम की दशहरी किस्म का स्वाद तो आपने जरूर चखा होगा। लखनऊ का मशहूर दशहरी आम अपने स्वाद के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। ये आम लखनऊ के मलिहाबाद इलाके में पाया जाता है, जहां बड़े पैमाने पर आम की खेती की जाती है। लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र में दशहरी आम 30 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में लगाया जाता है, वहीं, यहां से हर साल 20 लाख टन से ज्यादा आम का उत्पादन होता है, जिसे देश ही नहीं विदेशों में भी भेजा जाता है।



**लंगड़ा आम:** यदि किसी व्यक्ति के पैर में विकृति हो और उसे सीधा चलने में कठिनाई हो तो वह लंगड़ा कहलाता है, लेकिन लंगड़े आम में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है, बल्कि यही उसकी विशेषता है। इसका फल पकने के बाद भी हरा रहता है और गूदा हल्के पीले रंग का और बहुत रसदार और स्वाद में मीठा होता है। इसकी गुठली पतली और चौड़ी होती है। इसकी कीमत की बात करें तो यह 80 से 100 रुपये किलो मिलता है।

**चौसा आम:** चौसा आम का स्वाद अनोखा होता है। यह जुलाई के महीने में दशहरी आम के बाद बाजार में आता है। इस आम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह विशेष मिठास वाला होता है. कहा जाता है कि 1539 में बिहार के चौसा में हुमायूं से युद्ध जीतने के बाद शेरशाह सूरी ने इस आम का नाम चौसा रखा था, लेकिन कहा जाता है कि यह आम यूपी के हरदोई से संबंधित है। इसकी उत्पत्ति हरदोई में हुई, उसके बाद यह बिहार पहुंचा, वहीं, ये आम जुलाई के अंत तक बाजार में आता है। इसका सुनहरा पीला रंग, रेशारहित गूदा और अनोखा मिठास इसे विशेष बनाता है।

**हुस्नआरा आम:** लखनऊ के हुस्नआरा आम ने भी लोकप्रियता की नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। यह आम अपनी खूबसूरती के साथ-साथ अपने स्वाद के लिए भी बहुत लोकप्रिय है। इस आम का छिलका सेब के छिलके जैसा होता है, जब यह आम कच्चा होता है तो हरा होता है और पकने पर आधा पीला, सुनहरा और लाल रंग का हो जाता है। इस आम को दुनिया का सबसे खूबसूरत आम कहा जाता है।

**सफेदा आम:** लखनऊ का सफेदा आम अपने मीठे और थोड़े खट्टे स्वाद के लिए जाना जाता है। यही वजह है कि इसको पसंद करने वालों की एक अलग ही तादाद है। इस असाधारण प्रकार के आम में फाइबर की मात्रा कम होती है और फल के पूरी तरह पकने पर इसका हरा छिलका चमकीला पीला हो जाता है। लखनऊवा सफेदा आम का हलकी सफेदी लिए होता है। इसीलिए इसका नाम सफेदा पड़ गया है।

**रतौल आम:** आम की एक छोटे आकार की किस्म, रतोल या रतौल बेस्ट किस्म है। यूपी के बागपत जिले के रतौल गांव के नाम पर इसका नाम पड़ा है। यह अपनी खुशबू और स्वाद के लिए जाना जाता है, जबकि यह आम देश के अन्य हिस्सों में व्यापक रूप से नहीं जाना जाता है। यह आम पश्चिमी उत्तर प्रदेश के निवासियों के बीच बहुत पसंद किया जाता है।

# बनारस से मधुपुर के बीच चलेगी श्रावणी मेला ट्रेन




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी श्रावणी मेला के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुये 03157/03158 मधुपुर-बनारस-मधुपुर श्रावणी मेला साप्ताहिक अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन मधुपुर से 14, 21 एवं 28 जुलाई तथा 04 अगस्त प्रत्येक सोमवार को तथा बनारस से 15, 22 एवं 29 जुलाई तथा 05 अगस्त प्रत्येक मंगलवार को 04 फेरों के लिये किया जायेगा।

03157 मधुपुर-बनारस श्रावणी मेला साप्ताहिक अनारक्षित विशेष गाड़ी 14, 21 एवं 28 जुलाई तथा 04 अगस्त प्रत्येक सोमवार को मधुपुर से 12.10 बजे प्रस्थान कर जसीडीह से 12.45 बजे, सिमुलतला से 13.07 बजे, झाझा से 14.05 बजे, जमुई से 14.22 बजे, किऊल से 14.55 बजे, शेखपुरा से 15.25 बजे, नवादा से 15.57 बजे, तिलैया से 16.14 बजे, गया जं. से 17.50 बजे, अनुग्रह नारायण रोड से 18.57 बजे, डेहरी ऑनसोन से 19.15 बजे, सासाराम से 19.30 बजे, भभुआ रोड से 19.52 बजे, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. से 21.15 बजे तथा वाराणसी जं. से 23.05 बजे छूटकर बनारस 23.30 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 03158 बनारस-मधुपुर श्रावणी मेला साप्ताहिक अनारक्षित विशेष गाड़ी 15, 22 एवं 29 जुलाई तथा 05 अगस्त प्रत्येक मंगलवार को बनारस से 01.50 बजे प्रस्थान कर वाराणसी जं. से 02.25 बजे, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. से 03.20 बजे, भभुआ रोड से 03.57 बजे, सासाराम से 04.30 बजे, डेहरी ऑनसोन से 04.52 बजे, अनुग्रह नारायण रोड से 05.14 बजे, गया जं. से 07.10 बजे, तिलैया से 08.07 बजे, नवादा से 08.24 बजे, शेखपुरा से 09.06 बजे, किऊल से 10.12 बजे, जमुई से 11.07 बजे, झाझा से 12.10 बजे, सिमुलतला से 12.32 बजे तथा जसीडीह से 13.02 बजे छूटकर मधुपुर 14.30 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में साधारण द्वितीय/शयनयान श्रेणी के 20 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के कोच अनारक्षित श्रेणी के होंगे।

# बनबसा डैम से पानी छोड़े जाने के कारण रेल पटरी पर पहुंचा पानी



**लखनऊ।** बनबसा बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण पलियाकलां एवं आसपास के क्षेत्र में अत्यधिक जल जमाव हो गया है। बाढ़ के पानी ने रेलवे बैंक को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया।

जिसके फल स्वरूप भीरा-पलिया रेलवे ट्रैक को जलभराव व पानी के रिसाव से संभावित क्षति से बचाने के लिए संरक्षा के दृष्टिगत रेलवे विभाग द्वारा ट्रैक अनुरक्षण एवं सुरक्षा कार्य किया जा रहा है। नियमित निगरानी के लिए इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारी और अधिकारी घटना स्थल पर लगातार मौजूद है।

शनिवार को रेलवे तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया, जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (रफअ्रठ-2) अश्विनी कुमार

- **ट्रेनों के परिचालन हो सकता है प्रभावित**

तिवारी, अपर जिला मजिस्ट्रेट (अ्रद्ब) लखीमपुर नरेंद्र बहादुर सिंह, उप-जिलाधिकारी (रअ्र) पलियाकलां रत्नाकर मिश्रा एवं कार्यकारी अभियंता (एठ) बाढ़ प्रभाग मौके पर उपस्थित थे।

रेलवे प्रशासन ने इस रेल खंड में बाढ़ के कारण बार-बार होने वाली क्षति के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

रेलवे बैंक के नीचे रिसाव के कारण इसकी स्थिरता को खतरा है जिसके फलस्वरूप रेल संचालन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। एडीएम लखीमपुर ने आश्वासन दिया कि बाढ़ की समस्या को हल करने और भविष्य में इसे रोकने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# 38 जिलों में 51 एम-पैक्स समितियों पर जन औषधि केंद्र खोले

विशेष संवाददाता (vol)

- **जन औषधि केंद्र में सस्ती जेनेरिक दवाएं मिलेंगी : जे.पी.एस. राठौर**
- **266 महिलाओं को ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के बाद ड्रोन दीदी प्रमाण-पत्र दिये गये**

लखनऊ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर, लखनऊ में केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के चतुर्थ स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने प्रतिभाग किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन को मूर्तरूप देने हेतु वर्ष 2021 में गठित केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा ग्रामीण भारत को आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश के 38 जनपदों की 51 एम-पैक्स समितियों पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का लोकार्पण मंत्री श्री राठौर द्वारा किया गया। इन केन्द्रों पर जनसामान्य को 80 से 90 प्रतिशत तक सस्ती जेनेरिक दवाएं एवं सर्जिकल उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे न केवल समितियों की आय बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी।

इस अवसर पर ड्रोन पायलट प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 266 महिलाओं को ड्रोन दीदी प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इन महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से चयनित कर आईसीसीएमआरटी, लखनऊ द्वारा नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया था। प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क रहा, जिसमें सैद्धांतिक ज्ञान, सिम्युलेटर, फील्ड परीक्षण, मरम्मत व रखरखाव से संबंधित प्रशिक्षण शामिल था। पांच उत्कृष्ट ह्यड्रोन दीदियोंह्व- दिव्या निषाद (गोरखपुर), मोनिका सिंह (शाहजहाँपुर), अर्चना सक्सेना (अमरोहा), पूर्णिमा शर्मा (जौनपुर) और वंदना सिंह (मिजार्पुर) को मंच पर बुलाकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रदेश की पांच एम-पैक्स समितियों शाहजहांपुर, कानपुर, इटावा, हापुड़ और रायबरेली को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इन समितियों ने कृषि ऋण, उर्वरक वितरण, मूल्य समर्थन योजना और जन औषधि केन्द्र जैसे कार्यों में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। साथ ही, मेरठ और गौतम बुद्ध नगर के दो सचिवों जयप्रकाश मिश्रा और शिवदत्त शर्मा को उनके द्वारा सहकारी निधि की रक्षा करते समय किए गए साहसिक कार्यों के लिए वीरता सम्मान प्रदान किया गया। दोनों अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए लाखों रुपये की निधि को अपराधियों से बचाया और बैंक में जमा कराया।

इस अवसर पर उपस्थित मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए 9 जुलाई को ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान में सहकारिता विभाग की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने पूर्व वर्षों में सहकारिता विभाग द्वारा किए गए वृक्षारोपण प्रयासों की सराहना की और इस वर्ष भी उसे पूर्ण लक्ष्य के साथ संपन्न करने की अपेक्षा जताई। मंत्री श्री राठौर ने सहमति जताते हुए वृक्षारोपण को वृहद स्तर पर संपन्न कराने हेतु 91 सहकारी वाटिकाओं की स्थापना का लक्ष्य उपस्थित अधिकारियों को सौंपा।

मंत्री श्री राठौर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सहकारिता अब आंदोलन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बन चुकी है। उन्होंने जानकारी दी कि 1 से 30 सितम्बर 2023 तक आयोजित सदस्यता महाभियान में प्रदेश भर से लगभग 30 लाख नए सदस्य जुड़े और 70 करोड़ रुपये का अंशधन एकत्र हुआ। यह दशार्ता है कि सहकारिता अब प्रदेश के नागरिकों के विश्वास का केंद्र बन चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

कृषकों को उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति हेतु 6700 एम-पैक्स समितियों को 10-10 लाख रुपये की ब्याजमुक्त कैश क्रेडिट लिमिट स्वीकृत की गई है, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 15 लाख रुपये करने की घोषणा की जा चुकी है।

# मोहर्रम में कर्बला के शहीदों की याद में निकला ताजिये का जूलूस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**नगराम।** मोहर्रम के अवसर पर रविवार के दिन नगराम कस्बा, भजा खेड़ा, हरदोइया, नेहरू नगर सहित क्षेत्र आधा दर्जन गांवों में कर्बला के शहीदों की याद में बड़े ही गमगीन माहौल में जुलूस निकाला गया। बड़े ही अदब व एहतराम के साथ गम-ए हुसैनी मनाते हुए जुलूस में मुस्लिम समुदाय के अलावा हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मुस्तैद रही।

नगराम के भजा खेड़ा गांव से सुबह काफी संख्या में मोहर्रम के जुलूस में ताजियेदारों ने जुलूस निकाल कर नबीनगर, भट्ठा चौराहा होते नगराम कस्बा पहुंचकर कर्बला में दफन किया गया। इस दौरान नोहा मर्सिया पढ़ते हुए या हुसैन या हुसैन की सदायें बुलंद की। गली-गली ढोल-तरसो की आवाज की गूंज बनी रही। इस जुलूस में मुस्लिम समुदाय के अलावा हिन्दू समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जगह जगह लोग लंगर और छबील का लुफ्त उठाते रहे। दूर दराज से आये लोगों का हुजूम जुलूस में शामिल रहा। वहीं हरदोइया में गांव की मस्जिद से शुरू हो कर जुलूस कर्बला में समाप्त हुआ।

जुलूस में अजादारों ने सीना पीटते हुए तरह तरह के कर्तब भी दिखाए। नेहरू नगर से ताजिया का जुलूस सलेम पुर पहुंचा जहां सलेमपुर ताजियों के साथ कर्बला में समाप्त हुआ। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि स्थानीय पुलिस व पीएसी बल की देखरेख में मोहर्रम का जुलूस अकीदत व शांति पूर्ण सम्पन्न हुआ।

# प्रतिभाओं के सम्मान से संवरता है राष्ट्र का भविष्य : राजेश्वर

## एक ही मंच पर 16 छात्र सम्मानित, 5 समाजसेवियों को विशेष अलंकरण से हुए सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** जब प्रतिभा को सम्मान मिलता है, तब प्रगति स्वयं राह बना लेती है। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने रविवार को सरोसा मोड़ स्थित ए-आर्यन फैमिली रेस्टोरेंट एंड होटल में आयोजित उत्कृष्टता का सम्मान – समाज का उत्थान कार्यक्रम में साम्मिलित होकर मेधावी छात्र-छात्राओं और समाज के उन्नयन में विशिष्ट भूमिका निभा रहे प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा युवा प्रतिभाओं को आगे लाना और उन्हें प्रोत्साहन देना केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, राष्ट्र निर्माण की पहली सीढ़ी है। उत्कृष्टता संयोग से नहीं मिलती, यह एक निरंतर प्रक्रिया है, पुरस्कार इस प्रक्रिया को मान्यता और गति देते हैं।

लैपटॉप से सम्मानित 5 मेधावी छात्र-छात्राओं नंदनी पाल निवासी काजी खेड़ा ऐन, विशाल पाल निवासी निजामपुर मझिगंवा, अभिषेक पाल निवासी गोंदौली, गौरव पाल निवासी सकरा और मुस्कान पाल निवासी बेहटा शामिल है। साइकिल से सम्मानित 6 अन्य मेधावियों में प्रिंसी पाल निवासी अमौसी, सिद्वार्थ पाल निवासी बेहटा, अनिता पाल निवासी सहिजनपुर, प्रिया पाल निवासी ईंटगांव, अमर पाल निवासी बेहटा, अश्वनी पाल निवासी ईंटगांव को सम्मानित किया गया। नकद प्रोत्साहन राशि से सम्मानित पांच विद्यार्थी में भूपेंद्र पाल निवासी बंथरा, काजल पाल निवासी अमौसी, सीमा पाल निवासी खुशहालगंज, शिवानी पाल निवासी दोना और नंदनी पाल निवासी विशेश्वर खेड़ा शामिल हैं। समाजसेवा में विशिष्ट योगदान के लिए पांच प्रबुद्धजन पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य बेहटा निवासी जगदीश पाल, वरिष्ठ समाजसेवी अमौसी निवासी बुद्धिलाल पाल, खुशहालगंज निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रघुनन्दन पाल, गोदौली निवासी शिक्षाविद मेंहीलाल पाल एवं नन्हे लाल एवं पुष्पा पाल को भी सम्मानित किया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने गुदौली स्थित महात्मा बुद्ध विद्यालय में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना हेतु कंप्यूटर उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को डिजिटल शिक्षा का लाभ मिलेगा।

इस दौरान सज्जन पाल लखनऊ जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय पाल महासभा, सुरेन्द्र पाल व्यापार मंडल अध्यक्ष, काकोरी, मोले पाल ग्राम प्रधान, ईंटगाँव, रवि पाल पूर्व ग्राम प्रधान, सहिजनपुर, पारस पाल इउ्र, दोना राम नरेश पाल, कमलेश पाल, राज कुमार पाल, आशीष पाल, राम लखन पाल, खुशीलाल पाल, विशाल पाल, मुनेश्वर पाल, हरीश पाल सहित समाज के अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्र ने जीते दो गोल्ड मेडल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कक्षा-6 के प्रतिभाशाली छात्र आद्विक शर्मा ने पोखरा, नेपाल में आयोजित आठवीं एशिया कप ओपेन इण्टरनेशनल ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में दो गोल्ड मेडल अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है।



चैम्पियनशिप का आयोजन ताइक्वाण्डो काउन्सिल ऑफ इण्डिया एवं नेपाल यंग ब्रदर्स ताइक्वाण्डो क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

श्री खन्ना ने बताया कि इस ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में कई देशों के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते दो स्वर्ण पदक अर्जित कर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है एवं आने वाले समय में और भी अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर देश का गौरव बढ़ाने को तत्पर है। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने सीएमएस के इन बाल खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# भातखण्डे विश्वविद्यालय में दूसरे चरण प्रवेश की परीक्षा आज से

**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में नए सत्र के लिए पहले चरण की प्रवेश परीक्षा पूरी हो चुकी है। वहीं दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षा सात से 10 जुलाई तक होगी। भातखण्डे में बीपीए, एमपीए में प्रवेश परीक्षा होती है। 15 जून तक आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा दो जुलाई से शुरू हुई जो पांच जुलाई को पूर्ण होगी। वहीं 15 जून से 30 जून तक आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा सात जुलाई से 10 जलुाई तक सम्पन्न होगी। परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय ने जारी कर दिया है। दूसरे चरण की परीक्षा के अन्तर्गत सात से 10 जुलाई तक बीपीएए, एमपीए के लिए प्रवेश कक्ष संख्या 23, 47, 31 और 12 में होगी। कक्ष संख्या 23 में गायन विभाग, 47 में ताल वाद्य, 31 में स्वरवाद्य एवं कक्ष संख्या 12 में नृत्य विभाग के अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी।

# देवशयनी एकादशी पर 'बृज की रसोई' ने बांटा निःशुल्क भोजन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** एक ओर जहाँ समाज के एक तबके के लिए देवशयनी एकादशी उपवास और धर्म-कर्म का पर्व है, वहीं दूसरी ओर इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी (रजि.) द्वारा संचालित बृज की रसोई ने इस पावन अवसर पर इसे जरूरतमंदों की सेवा का माध्यम बना दिया। संस्था ने लखनऊ के आशियाना क्षेत्र की मलिन बस्तियों और झुग्गी-झोपड़ियों में निवास कर रहे सैकड़ों गरीब, असहाय, निराश्रित बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को निःशुल्क पौष्टिक भोजन वितरित कर एक संवेदनशील मिसाल कायम की।

संस्थापक विपिन शर्मा ने कहा, देवशयनी एकादशी पर अन्न, जल और ताजे फलों का दान करना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। इसी सोच के साथ बृज की रसोई ने भूख से जूझ रहे परिवारों को सम्मानपूर्वक भोजन देने का संकल्प लिया। मीडिया प्रभारी दीपक भुटियानी ने बताया इस सेवा अभियान के तहत भोजन वितरण सेक्टर-एम रिक्शा कॉलोनी, रतन खंड, अंबेडकर विश्वविद्यालय के पास की झुग्गियाँ, निमार्णाधीन शिक्षण संस्थान में काम कर रहे श्रमिकों के अस्थायी निवास, जोन-8 की मलिन बस्तियाँ, तथा रतनखंड पानी टंकी क्षेत्र में विशेष रूप से किया गया।

संस्था की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती रजनी शुक्ला ने बताया कि सेवा वितरण का यह कार्य पूरी व्यवस्था और समर्पण के साथ सम्पन्न हुआ।

विकास पाण्डेय ने कहा अभियान की सफलता में दीपक भुटियानी, संजय श्रीवास्तव, उमाशंकर, आशीष श्रीवास्तव, अनुराग दुबे, सूरज पाण्डेय, मुकेश कनौजिया, नवल सिंह, गीता प्रजापति, संस्था की राष्ट्रीय महिलाध्यक्ष रजनी शुक्ला सहित कई युवा स्वयंसेवकों ने भरपूर भागीदारी निभाई।

आशीष श्रीवास्तव ने बताया हर स्थान पर बच्चों की मुस्कराती आंखें, महिलाओं की दुआएं और बुजुर्गों का आशीर्वाद इस सेवा प्रयास की सार्थकता का प्रमाण बने। अनुराग दुबे ने कहा बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन में सब्जी, चावल, फल, खिलौने, कॉपी, किताब आदि वितरित किया गया, जिससे न सिर्फ उनके पेट भरे बल्कि दिल भी भर आया।

गीता प्रजापति कहती है बृज की रसोई का उद्देश्य सिर्फ भोजन देना नहीं, बल्कि आत्मसम्मान के साथ भोजन उपलब्ध कराना है। संस्था ने इस अवसर पर समाज के जागरूक नागरिकों से आगे आकर ऐसे सेवा प्रयासों में सहभागी बनने की अपील भी की।

# राजधानी में कोरोना का एक नया मरीज मिला

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पिछले 24 घंटे में कोविड की एक धनात्मक 30 वर्षीय महिला रोगी पाई गई जो की चिनहट की रहने वाली है। वर्तमान में कुल कोविड धनात्मक रोगियों की संख्या 83 और एक्टिव को केसों की संख्या 7 है।

# सुदीक्षा फाउंडेशन ने किया पौधरोपण

**लखनऊ।** सुदीक्षा फाउंडेशन द्वारा आज एक पेड़, एक जीवन, एक भविष्य, अभियान के तहत निशातगंज स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में सफाई अभियान चलाकर पौधारोपण का पुनीत कार्य किया गया इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक शिवम पाण्डेय जी, फाउंडेशन के मुख्य सदस्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, वर्षा, सलोनी, अनमोल गुप्ता, शुभम, विराट आदि उपस्थित रहे

# लक्ष्य की दिशा में और सशक्त हुई परिवहन विभाग की 'रफ्तार'

## उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की पहली तिमाही की रिपोर्ट जारी, राजस्व, पंजीकरण और ई-मोबिलिटी के क्षेत्र में विभाग ने की बहुआयामी प्रगति

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार के नेतृत्व में लक्ष्य की दिशा में परिवहन विभाग की 'रफ्तार' और सशक्त हो रही है। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में न केवल अपेक्षित राजस्व लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सशक्त प्रगति की, बल्कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, वाहन पंजीकरण और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में भी ठोस परिणाम दर्ज किए। यह तिमाही विभाग के लिए ह्यप्रदर्शनह्व से आगे बढ़कर ह्यपरिवर्तनह्व की दिशा में ठोस कदम साबित हुई। वित्तीय वर्ष 2025झ्र26 की पहली तिमाही ने सिद्ध किया कि उत्तर प्रदेश लक्ष्य आधारित विभागीय प्रदर्शन से बढ़कर संरचनात्मक रूप से परिपक्व परिवहन प्रशासन की दिशा में तेजी से अग्रसर हो चुका है। राजस्व, ई-मोबिलिटी, वाहन पंजीकरण और डिजिटल अनुपालन समेत सभी स्तरों पर विभाग ने ऐसी प्रवृत्तियां दर्ज की हैं, जो केवल शासन की सफलता नहीं, बल्कि जन-प्रेरित व्यवहारिक बदलाव को भी दशार्ती हैं।

**राजस्व में निरंतर वृद्धि, लक्ष्य की दिशा में सशक्त रफ्तार :** अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में कुल 2913.78 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 274.22 करोड़ रुपये अधिक है यानी 10.39% की वृद्धि। उल्लेखनीय है कि इस दौरान विभाग ने क्रमिक लक्ष्य का 85.90% पूर्ण कर लिया है, जिससे यह स्पष्ट है कि वर्षांत तक 14,000 करोड़ रुपये का वार्षिक लक्ष्य व्यवहारिक रूप से प्राप्त किया जा सकता है। सिर्फ जून 2025 में ही 830.15 करोड़ का राजस्व अर्जित हुआ, जो पिछले वर्ष जून की तुलना में 4.10% अधिक है। यह वृद्धि तब दर्ज हुई जब विभाग ने कई श्रेणियों में छूट, विशेषकर ई-वाहनों पर टैक्स रिबेट प्रदान किए।

**ई-मोबिलिटी में उत्तर प्रदेश की निर्णायक छलांग :** प्रथम तिमाही में 70,770 इलेक्ट्रिक वाहनों को कर एवं शुल्क में 255.50 करोड़ की रियायत दी गई। 70,770 ई-वाहनों को जो लाभ प्राप्त हुआ, जिसमें न केवल पारंपरिक श्रेणियाँ (ई-रिक्शा, थ्री-व्हीलर) शामिल थीं, बल्कि 5,658 इलेक्ट्रिक कारें और 15,434 दोपहिया वाहन भी शामिल रहे। यह आंकड़ा दशार्ता है कि ईवी अब सिर्फ लो-एंड समाधान नहीं, बल्कि मिड और अर्ध प्रीमियम शहरी ग्राहकों का भी प्राथमिक विकल्प बन चुका है। केवल जून में 23,513 ई-वाहनों को 94.70 रुपये करोड़ की रियायत प्रदान की गई। प्रदेश में अब तक कुल 12.29 लाख इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हो चुके हैं, जिससे यह भारत का सबसे बड़ा ईवी-बेस वाला राज्य बनता जा रहा है।

वाहन पंजीकरण में उत्साहजनक वृद्धिः निजी और व्यावसायिक दोनों क्षेत्र अग्रणी इस तिमाही में कुल 1,17,774 नए परिवहन वाहन पंजीकृत हुए। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 16.04% वृद्धि देखी गई। इनमें ई-रिक्शा (पैसेंजर) में 10.82% और ई-कार्ट में 80.26% वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

नॉन-ट्रांसपोर्ट वाहनों में भी तेजी- 9,67,476 पंजीकरण, जो कि 12.41% की वार्षिक वृद्धि है। टू-व्हीलर वर्ग में 13.73% और फोर व्हीलर में 6.09% की वृद्धि के साथ नागरिकों की खरीद क्षमता और वाहन उपयोग में वृद्धि स्पष्ट होती है।

डिजिटल भुगतान और पारदर्शी सेवाओं का सशक्त क्रियान्वयनः प्रथम तिमाही में विभाग का कुल कर व शुल्क वसूली का 90% से अधिक ऑनलाइन मोड के माध्यम से हुआ, जो यह दशार्ता है कि जनता अब डिजिटल प्रक्रियाओं पर भरोसा कर रही है। ड्राइविंग लाइसेंस सेवाओं से ही 84.50 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई। ई-चालान एवं समन शुल्क से 30.45 करोड़ वसूले गए। 90% से अधिक कर व शुल्क वसूली डिजिटल मोड से होना नागरिकों के डिजिटल प्रशासन पर बढ़ते विश्वास का संकेत है।

राजस्व की संरक्षित वृद्धि के साथ सुधारोन्मुख छूट नीतिः जहाँ एक ओर विभाग ने ई-वाहनों के लिए 255.50 करोड़ रुपये की छूट दी, वहीं दूसरी ओर कुल राजस्व में 10.39% की वृद्धि दर्ज की। यह संकेत है कि राज्य ने ह्यछूट के बावजूद स्थिर राजस्वह्व का मॉडल सफलतापूर्वक अपनाया है।

ब्रजेश नारायण सिंह, परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश ने बताया कि यह तिमाही प्रदर्शन केवल राजस्व या आंकड़ों की नहीं, बल्कि शासन मॉडल की कहानी है, जिसमें नीति, प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता और जनसहभागिता स्तंभ पर तेजी से काम हो रहा है। उत्तर प्रदेश अब परिवहन के हर क्षेत्र में मॉडल राज्य के रूप में उभर रहा है। तिमाही प्रदर्शन यह दशार्ता है कि उत्तर प्रदेश में परिवहन केवल विभागीय सेवा नहीं रह गई, बल्कि व्यापक सार्वजनिक संस्कार बन चुका है, जहां नीति, प्रौद्योगिकी और जन-भागीदारी मिलकर सामाजिक प्रगति को गति दे रहे हैं।

# हनुमान जी पर शोध के लिए रामाशीष राय डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय को अमेरिका स्थित ङ्कं वह्ल५ी१२३८ डा ओं१ू२ ऋंङ्क१ी वरअ द्वारा ₹अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता हनुमान जी विषय पर प्रस्तुत शोध के लिए डॉक्टरेट (ढँ) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह न केवल श्री राय जी के आध्यात्मिक ज्ञान और शोधशील व्यक्तित्व की पहचान है, बल्कि भारतीय संस्कृति एवं धर्म परंपरा की वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता का प्रमाण भी है।

राष्ट्रीय लोकदल की ओर से प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने श्री राय को इस विशिष्ट सम्मान हेतु हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे फ्छऊपरिवार के लिए गौरव का विषय है।

मयंक त्रिवेदी ने आगे कहा कि हनुमान जी पर किया गया यह शोध अष्ट सिद्धि और नव निधियों

- **रालोद परिवार ने दी हार्दिक बधाई**

के गूढ़ तत्वों को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में उजागर करता है, और विश्व पटल पर भारतीय अध्यात्म की सार्थक व्याख्या करता है। श्री राय का यह योगदान केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण का भी माध्यम है।

रालोद के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं और शुभचिंतकों ने भी श्री राय को शुभकामनाएं दीं और उनके इस योगदान को पार्टी के लिए एक प्रेरणा बताया। राष्ट्रीय लोकदल परिवार को पूर्ण विश्वास है कि श्री राय भविष्य में भी अपने विचारों, कार्यों और शोधों से समाज को मार्गदर्शन देते रहेंगे।

रालोद के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं और शुभचिंतकों ने भी श्री राय को शुभकामनाएं दीं और उनके इस योगदान को पार्टी के लिए एक प्रेरणा बताया। राष्ट्रीय लोकदल परिवार को पूर्ण विश्वास है कि श्री राय भविष्य में भी अपने विचारों, कार्यों और शोधों से समाज को मार्गदर्शन देते रहेंगे।

संक्षेप

## श्रामणेर प्रवज्जा शिविर 9 को

**कसया, कुशीनगर।** सप्त दिवसीय श्रामणेर प्रवज्जा शिवर का 9 जुलाई दिन बुधवार को श्री लंका बुद्ध बिहार कुशीनगर में प्रातः 8 बजे उद्घाटन होगा। जिसका समापन 16 जुलाई को होगा। इसी क्रम में 10 जुलाई को आषाढ़ पूर्णिमा समारोह आयोजित होगा।उक्त जानकारी बिहार के प्रमुख डॉ नन्द रतन महाथेरा ने देते हुए बताया कि श्रामणेर प्रवज्जा शिवर का 9 जुलाई दिन बुधवार की सुबह 8 बजे श्रामणेर दीक्षा के प्रभ्राज्यकांक्षियों के स्कप्पन (मुंडन), सुबह 9 बजे प्रभ्राज्यकांक्षियों को ऊपोसथ शील देकर आनागरिक बनाना, सुबह 11 बजे भोजन दान, 2 बजे अपराह्न प्राब्ज्जा संस्कार, सायं धम्म हाल में 6:30 बजे बुद्ध वंदना आयोजित है। आषाढी पुर्णिमा समारोह में गुरुवार 5 बजे से 5:45 बजे सुबह आनापानसति अभ्यास, 5:45 से 61:5 सुबह बुद्ध वंदना, 7 - 8 बजे सुबह नाश्ता, 8 बजे से 10:30 सुबह भिक्षुओं द्वारा धम्म देशना, 10:30 से 11 बजे तक डॉ नंद रतन के जन्मदिन पर भिक्षु संघ द्वारा धम्म पाठ एवं केक काटना, 11 से 12 बजे दोपहर भिक्षु संघ द्वारा भोजन दान, दोपहर एक बजे से चार बजे तक बौद्ध धर्म में आषाढी पुर्णिमा का महत्व विषय पर अतिथियों द्वारा संबोधन, प्रातः 8 बजे से 4 से बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित है।

## अमहट में मोहर्रम का निकला जुलूस

**सुलतानपुर।** नौ मोहर्रम को हुसैनिया बादल खॉं में एक मजलिस हुई जिसको मौलाना आबिद रिजवी ने पढ़ी इसके बाद जुलूस ए शबे आशूरा निकाला गया जो हुसैनिया नजर अली शाह पर सुबह समाप्त हुआ। इसके बाद अमहट के सभी इमाम बाड़ो में अलविदा पढ़ा गया और हवाई अड्डे पर आमाले आशूरा किया गया। सुलतानपुर जनपद के शिया बाहुल्य क्षेत्रों गोराबारिक, तुराबखानी, अमहट, अलीगढ़, अलीनगर, ऊँचवा मेड़ई खान का पुरवा, ताजखानपुर, बहादुरपुर, अफलेपुर, उसरा खैराबाद, हसनपुर, मनियारपुर, जूडूपुर 'प्रतापपुर मनियारी, शाहपुर लौहर दक्षिण, भाईं, पीथापुर' करौंदिया, चुनहा, माल्हा, सजैया करीमपुर, छतौना, सैदपुर चीनीमिल, हयातनगर, कोटवा सुरौली मूँगर कादीपुर प्यारेपुर लहिया जलपापुर सैदखानपुर लुसहा वलीपुर इसौली कारीभीट धौरहरा बालचन्द पट्टी में ताजिया जुलूस निकाला गया और सभी ताजिया अपने अपने करबला में दफन किया गया, अमहट में प्रशासन का विशेष सहयोग रहा। जिससे जुलूस बहुत कामयाब रहा हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष हैदर अब्बास खान ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## मोहर्रम जुलूस में दरियापुर दल ने पिलाया शरबत

**सुलतानपुर।** रविवार को मोहर्रम जुलूस बशीरनगर स्थित कर्बला की ओर रवाना हुआ। रास्ते में स्टाल लगाकर दरियापुर दल ट्रस्ट ने मातम करने वालों को शरबत पिलाया। इस दौरान वरिष्ठ संगठन सलाहकार नरेंद्र ने कहा कि इस चिलचिलाती धूप में प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम है। डायरेक्टर शुभम्रावत ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। मुख्य ट्रस्टी विकास राव ने सभी का आभार जताया। इस दौरान करीब दर्जनों की संख्या में मातम करने वालों को पानी पिलाया गया। इस मौके पर जूनियर विंग डॉयरेक्टर युवराज सिंह, स्वतंत्र मिश्रा, अंकित रावत समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# कुशीनगर में शांतिपूर्ण ढंग से मोहर्रम संपन्न

● पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

जिला संवाददाता (vol)



**कुशीनगर।** जनपद कुशीनगर में रविवार को मोहर्रम का पर्व शांति, सौहार्द और उल्लास के साथ मनाया गया। जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में ताजिया जुलूस पूरी गरिमा और परंपरा के साथ निकाला गया, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मोहम्मद साहब को याद करते हुए जुलूस में बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं, जगह-जगह युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाए और छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में उत्साह का माहौल देखा गया।पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला पुलिस बल ने पूरे जिले में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। सभी थाना क्षेत्रों में पुलिसकर्मी लगातार भ्रमणशील रहे और संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती गई। ड्रोन कैमरों की मदद से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर निगरानी रखी गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा।

पडरौना नगर से सटे सिधुआ बाजार से निकले ताजिया जुलूस में युवाओं द्वारा करतब प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। जुलूस मेला स्थल तक पहुंचा, जहां बच्चों ने मिठाई और खिलौनों की खरीदारी की तथा महिलाओं और पुरुषों ने भी आवश्यक सामानों की खरीददारी की। पूरे कार्यक्रम में मोहम्मद साहब के नारे गूंजते रहे और धर्मिक वातावरण में श्रद्धालु भाव-विभोर दिखे। डीए डॉ. महेंद्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा स्वयं पल-पल की निगरानी लेते रहे। पडरौना कोतवाल रवि राय, सिधुआ चौकी प्रभारी आकाश सिंह सहित पूरी पुलिस टीम अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रही। पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बसहिया बनबीरपुर, सिधुआ स्थान, मिश्रौली बाजार, बड़हरागंज, केवल छपरा समेत अन्य गांवों में भी मोहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।जनपद कुशीनगर में मोहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराकर पुलिस व प्रशासन ने अपनी सतर्कता व कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और सामाजिक सौहार्द बनाए रखें।

## स्कूल में 4 महीने से हैंडपंप खराब अधूरी पानी टंकी बनी खतरे की घंटी

**कुशीनगर।** जिले के बोधी छपरा गांव स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर (रानी रेवती देवी) लघु माध्यमिक विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली बच्चों की सुरक्षा और स्वच्छता पर भारी पड़ रही है। विद्यालय परिसर में लगा हैंडपंप पिछले चार से पांच महीनों से खराब पड़ा है, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

इतना ही नहीं, विद्यालय परिसर में बनी पानी की टंकी का ढक्कन अब तक नहीं लगाया गया है, जिससे हर समय बच्चों के उसमें गिर जाने का खतरा बना रहता है। स्थानीय अभिभावक और ग्रामीण कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है।विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों और उनके परिजनों में डर और नाराजगी है।उनका कहना है कि यदि समय रहते कोई हादसा हो गया तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी..? स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की जा रही है कि जल्द से जल्द हैंडपंप को मरम्मत कराया जाए और टंकी को सुरक्षित तरीके से ढका जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई के साथ उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।

## लाखों खर्च के बाद भी पत्नी को विदा नहीं कर रहे परिजन

**रायबरेली।** लालगंज महिला रिपोर्टिंग चौकी में तैनात अधिकारी व कर्मचारी उस समय हतप्रभ रह गये जब एक युवक ने अपनी पत्नी व उसके परिजनो पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है।युवक का आरोप है कि शादी में लाखों खर्च के बाद परिजन उसकी पत्नी को विदा नही कर रहे और न ही उसका पैसा वापस कर रहे है। मामला बागपत जनपद के बडौद थाना क्षेत्र के बावली गांव का बताया गया है। गांव निवासी रविंदर तोमर पुत्र विजयपाल ने बताया कि उसकी षादी खीरों थाना क्षेत्र के केषौली गांव निवासिनी रीता पुत्री बुद्दू सिह के साथ हुई थी जिसमें उसने साढे चार लाख रुपए से अधिक खर्च किये थे साथ ही तीन लाख से अधिक के जेवर भी दिया था।रविंदर ने बताया कि उसने अपनी पत्नी को पचास हजार से अधिक की नकदी में सौपी थी।लेकिन अब वह मायके से जाने के बाद न तो वापस आ रही है और न ही फोन से सम्पर्क कर रही है।जब वह उसके घर पहुंचा तो परिजनो ने विदा कराने से मना करते हुए कहा कि वह उसकी शादी दूसरी जगह करेगें। रविंदर ने लालगंज महिला थानाध्यक्ष को तहरीर देकर पत्नी को विदा कराये जाने या षादी में खर्च रुपए व जेवर वापस दिलाये जाने की गुहार लगाई है।

## एक श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण ही मुखर्जी का सपना था



**देवरिया।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा ने शहर के गुरुलपार स्थित नगर कार्यालय पर गोष्ठी का आयोजन किया तथा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने कहा कि डा मुखर्जी ने एक ही देश में दो विधान, दो प्रधान तथा दो निशान का विरोध करते हुए तत्कालीन संबित सरकार से त्यागपत्र दे दिया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि जो सपना डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देखा था आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस सपने को साकार कर रहे हैं। डा मुखर्जी के विचारों को भाजपा ने जन जन तक पहुंचने का कार्य किया है। अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा ने मुखर्जी के राष्ट्र प्रथम की भावना का सम्मान करते हुए सभी का आभार जताया। गोष्ठी का संचालन नगर महामंत्री सुधीर मद्धेशिया ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रेम अग्रवाल अभय नाथ त्रिपाठी, भुवनेश्वर मिश्रा,वीरेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, नगर उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, अटल बरनवाल संजू सोनी, बजरंगी मणि, नगर महामंत्री रविशंकर नाथ त्रिपाठी, संजय पांडे, विजय पटेल, दिनेश शुक्ला, विजय पंडित, नगर मंत्री अमन वर्मा, दीपू यादव, सुशील सिंह, हरेंद्र पाल, अतुल पासवान, अलका प्रजापति, दीपक श्रीवास्तव, राजन पांडे, संतोष गुप्ता, अंकित वर्मा अमित सिंह, बलराम वर्मा, जयराम तिवारी, संदीप वर्मा, प्रिंस जायसवाल, आनंद श्रीवास्तव, बड़े लाल श्रीवास्तव, सुशील जायसवाल, ओम तिवारी अजय मणि, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रंजन कुमार फर्जी एनएसजी कमांडो बन कर रहा था फर्जीवाड़ा, गिरफ्तार



जिला संवाददाता (vol)

**कुशीनगर।** जिले के तरया सुजान क्षेत्र निवासी एक युवक ने एनएसजी कमांडो बनकर पूरे उत्तर प्रदेश में फर्जीवाड़ा कर रहा था। शनिवार रात लखनऊ के आलमबाग बस अड्डे के पास फर्जी एनएसजी कमांडो को पुलिस ने गिरफ्तार किया। युवक खुद को एनएसजी कमांडो बताकर बस कंडक्टरों पर दबाव डालकर फ्री यात्रा करता था और रौब झाड़ता था। पुलिस ने जब उसे रोका तो उसने खुद को वृंदावन के कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय महाराज का सुरक्षा कमांडो बताया और कहा कि उसे वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली है। युवक एनएसजी की वर्दी में था और वायरलेस हेडसेट लगाए हुए टहल रहा था। संदेह होने पर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, जिसमें उसकी सच्चाई सामने आई। आरोपी की पहचान तरया सुजान, जनपद कुशीनगर निवासी रंजन कुमार (22) पुत्र हरिलाल मर्देशिया के रूप में हुई। उसने स्वीकार किया कि वह पुलिस विभाग में नहीं है। वह एनएसजी की वर्दी पहनकर बिना टिकट ट्रेन और बसों में यात्रा करता था, मॉल में मुफ्त मूवी देखता था और ढाबों पर बिना भुगतान खाना खाकर निकल जाता था। उसके पास से एक नकली पहचान पत्र और एक मेड इन इटली ऑटोमैटिक पिस्टल भी बरामद हुई है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

## पडरौना-बाल्मीकि मार्ग और बंजरीपट्टी से चंदा गुलरभार तक सड़क चौड़ीकरण कार्य का भूमि पूजन संपन्न



**कुशीनगर।** जनपद में सड़क संपर्क और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सांसद विजय कुमार दूबे और खड्डा विधायक विवेकानन्द पाण्डेय ने पडरौना से बाल्मीकि मार्ग तथा ग्राम सभा बंजरीपट्टी से महराजगंज जनपद के निचलौल के चंदा गुलरभार तक सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन किया।

इस परियोजना की स्वीकृत लंबाई 11.45 किलोमीटर है, जिस पर कुल 2840 लाख रुपये की लागत आएगी। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग, कुशीनगर को सौंपी गई है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि यह मार्ग दो जिलों के बीच आवागमन को सरल बनाएगा और क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। विधायक विवेकानन्द पाण्डेय ने भी इसे खड्डा क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी सौगात बताते हुए शीघ्र निर्माण की बात कही। इस दौरान प्रमुख रूप से डॉ. निलेश मिश्रा, संतोष तिवारी, चंद्रप्रकाश तिवारी, संदीप श्रीवास्तव, कुणाल राव, आनंद सिंह, प्रद्युम्न तिवारी, व्यास गिरी, विवेक मिश्रा, विजय कन्नौजिया, राजेश गुप्ता, रमाशंकर पाल, राजेंद्र गौंड, धीश यदुवंशी, अवधेश सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## दुर्घटना को दावत दे रहा है आधा अधूरा पाइप लाइन कार्य

**भटनी(देवरिया)।** जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना को चरितार्थ करने के लिए नगर सहित ग्रामीण अंचल में पाइप बिछाने का कार्य किया गया है। लोगों को अभी तक तो जल मिला नहीं लेकिन विभाग द्वारा किए गए आधे अधूरे कार्य से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।नगर में जहां जहां पाइप लाइन का कार्य हुआ है वहां पिछले दिनों हुई बरसात ने भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी है। भटनी नगर पंचायत के वार्ड संख्या 8 हतवा में 115 नंबर रेलवे गेट से 116 नंबर रेलवे गेट तक जाने वाली सड़क पर कुछ दूर तक 6 माह पूर्व गड्ढा खोदकर पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया गया। वार्ड वासियों का कहना है कि उस समय पाइप के ऊपर गैर जिम्मेदाराना तरीके से मिट्टी डाल दिया गया और अब वही लापरवाही लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। अभी कुछ दिन पूर्व हुई बारिश से अचानक सारी मिट्टी धंस गई और सड़क के बीचोबीच में गड्ढा हो गया। बारिश के दौरान जो उधर से गुजर गया वह गड्ढे में गिर कर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। सड़क पर पड़ी मिट्टी सूखने के बाद रविवार को वार्ड के कुछ लोग खुद ही फावड़ा उठाकर सड़क पर बने गड्ढे को भरते हुए नजर आए। वार्ड के लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष तक को अवगत कराया गया है बावजूद इसके कोई हल नहीं निकलने पर खुद की फावड़ा उठाना पड़ा है। लोगों का कहना है कि जल की आपूर्ति तो तक हुआ नहीं लेकिन आधा अधूरा कार्य जी का जंजाल बन गया है।पाइप लाइन के लिए खोदा गया गड्ढा किन परिस्थितियों में ठीक ढंग से भरा नहीं गया यह एक बड़ा सवाल है जिसका जवाब विभाग व नगर पंचायत कार्यालय से लोग जरूर ढूंढ रहे है।

## डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार कर रहे मोदी



**देवरिया।** राष्ट्रवादी विचारधारा के पोषक व महान राष्ट्रचिंतक डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे हैं। उक्त बातें सदर सांसद शशांक मणि ने डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती के वार पर रामपुर कारखाना मंडल में आयोजित मंडलीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि डा मुखर्जी अखंड भारत के प्रबल समर्थक थे भारतीय राजनीति के ऐसे पुरुष थे जिन्होंने न केवल शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया, बल्कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने की नींव भी रखी। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी कश्मीर के पूर्ण विलय के पक्षधर थे और उन्होंने अनुच्छेद-370 के विरोध में सत्याग्रह किया। उन्होंने परमिट व्यवस्था का भी विरोध किया और कश्मीर में गिरफ्तारी के बाद रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश पांडे, बिजेंद्र, पुरुषोत्तम पांडे, दीपक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 60 नलकूप पर 12 आपरेटर, सिंचाई व्यवस्था चरमरायी

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड मे कुल 60 राजकीय नलकूप है। जिसमे चार नलकूप काबनकर तैयार है।अभी सिंचाई विभाग को हैण्ड ओवर नही हुआ है। मात्र12ही नलकूप चालक पुरे विकास खण्ड मे तैनात है ।जिससे सिंचाई व्यवस्था धान की रोपाई के समय पुरी तरह से चरमरा गयी है।

क्षेत्र के अनेकों नलकूपों के फाटक नही लगते उसी तरह से खुला रहता है। जिससे खतरे की सम्भावना सदैव बनी रहती है। जिसमे साहोपार का नलकूप संख्या223 इसका फाटक बन्द होता ही नही ।सिंचाईतो अपने ढंग से किसान ही करते है ।इस नलकूप की भौगोलिक स्थिति सिमित है ।नाली के अभाव मे इस नलकूप से सिंचाई बहुत ही कम किसानों का हो पाता है। पता चला है चालक घर बैठे ही पुराने सिंचित खेत के आधार पर पडताल भी कर लेते है। साहोपार मे एक और नलकूप है। पुरानी नाली को नलकूप के पास तक पाट दिया गया है। जिससे नलकूप होने के बावजूद भी सिंचाई नही हो पाती ।ग्राम सकरापार के नलकूप की तस्वीर भी कुछ इसी प्रकार है ।वहां भी नाली का आभाव है ।56 नलकूप तो चालू हालत मे है और चार पिपराशुक्ल बैद्य मिश्रौली बाँसघाँटी एवं बभनौली कला नलकूप बनकर तैयार है ।ट्रायल भी हो चुका है लेकिन नलकूप विभाग को हैण्ड ओवर नही हुआ है। इस तरह से कुल 60 नलकूप है ।एक आपरेटर पर पाँच नलकूप पड रहा है। आपरेटरों के सामने एक गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गयी है कि समय से किस तरह नलकूपों का संचालन किया जाय ।जो नये नलकूप लगे है ।उसके व्यवस्था के अनुसार नलकूप से अण्डरग्राउण्ड पाईपलाइन बिछा कर कुल्वे के माध्यम से किसानों के खेतों की सिंचाई हो रही है ।इसमे आपरेटरों व किसानों की कोई समस्या नही है ।खेत मे सीधे पानी चला जा रहा है लेकिन जो पुराने नलकूप है ।उसमे नाली के माध्यम से पानी खेतों मे जाने की व्यवस्था है ।इसमे सबसे बडी समस्या यह हैकि जो पहले से नाली बनी है ।उसमे अधिकांश नलकूपों के नाली ध्वस्त हो चुके है ।और उसका मरम्मत विभाग द्वारा अबतक नही किया गया है ।जिससे अधिकांश किसान नलकूपों से अपने खेतों मे सिंचाई करने से वंचित हो जा रहे है ।दुसरी समस्या किसानों व आपरेटरों के सामने यह है कि नलकूप तभी चलेगा जब बिजली रहेगी। सरकार आधुनिक तकनीक से खेती करने की बात कर रही है और व्यवस्था वैसी नही दे रही ।बेहतर तो यह होगा कि सोलर के माध्यम से सभी नलकूपों को चलाने की व्यवस्था करने पर ही किसानों का भला होगा क्योंकि खेत मे पानी गया नही बिजली चली गयी ।एकही खेत की सिंचाई करने के.लिए एक किसान को दो दिन लग जा रहा है ।जिससे समय व धन की बबार्दी हो रही ।इस सम्बन्ध मे अवर अभियंता सिंचाई विभाग सलेमपुर से बात करने की कोशिश की गयी तो नेटवर्किंग खराब के कारण आवाज आ रही थीकि यह सेवा अभी अमान्य है ।जिससे उनका पक्ष नही जाना जा सके।

## उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज में डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ

**बछरावां, रायबरेली।** वर्तमान परिवेश में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं नवाचार का विशेष महत्व है। वहीं डिजिटल इंडिया में डिजिटल शिक्षा का विशेष महत्व है, ऑनलाइन शिक्षा को आज के समय में प्रत्येक छात्र-छात्रा बड़े ही लगन के साथ शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिसको दृष्टिगत रखते हुए बछरावां कस्बे के कुटी मोहल्ला में स्थित उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज में विद्वानों के समागम की उपस्थिति में डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। विद्यालय के संस्थापक भगवान कुमार अवस्थी ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी ए टी एस लखनऊ शशि शेखर सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी रहे ,जिन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दयानंद पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, व्यापार मंडल संरक्षक सौर्य मंडल शुक्ला, अधिवक्ता विनोद द्विवेदी, गोवर्धन मिश्र, प्रेमानंद चतुवेर्दी, प्रमोद शुक्ल सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## भाजपाइयों ने मनायी श्यामा प्रसाद की जयंती

**बरहज, देवरिया।** भाजपा कार्यकताओं ने भलुअनी मंडल के बूथ नंबर एक पडरी मल्ल के ठाकुरजी मंदिर प्रांगण में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म जयंती समारोह पूर्वक मनाया। संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र ने कहा कि डा. मुखर्जी हमेशा देश के प्रति विकसित सोच रखते थे। देश में दो झंडे व दो निशान का उन्होने जम कर विरोध किया। मंडल अध्यक्ष प्रणव दूबे ने उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि उनका जन्म छह जुलाई 1901 को कोलकाता के अत्यंत प्रतिष्ठित परिवार मे हुआ था। प्रख्यात शिक्षाविद व बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। 1939 मे वह राजनीती में भाग लेकर कांग्रेस के तुष्टिकरण का सदैव विरोध किया। आठ मई 1953 को वह जम्मू के लिए कूच किए। जहां सीमा प्रवेश के दौरान जम्मू काश्मीर सरकार द्वारा उनको गिरफ्तार कर लिया गया। 40 दिनो तक जेल मे रहने के दौरान 23 जून 1953 मे जेल में ही रहस्य मय ढंग से उनका निधन हो गया। संदीप शाही, अष्टभुजा श्रीवास्तव दिनेश गुप्ता ने संबोधित किया। संचालन डा. वाईके तिवारी ने किया। इस दौरान शौर्य प्रताप सिंह, बंटी मल्ल, अरविन्द गिरी, प्रदीप तिवारी, रामानंद सिंह, सुरेंद्र मिश्रा, अमरेंद्र यादव, गुलाब मल्ल, मनोज मल्ल, नन्हे राजभर मौजूद रहे।

## लापरवाह लेखपाल पर कार्रवाई

● ग्राम सभा की भूमि पर कब्जे में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई में लेखपाल निलंबित

**देवरिया।** तहसील दिवस में प्राप्त एक राजस्व प्रकरण में लापरवाही बरतने और आदेश की अनदेखी करने पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बड़ा कदम उठाते हुए क्षेत्रीय लेखपाल सुभाष गोंड को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। 5 जुलाई 2025 को सलेमपुर तहसील में आयोजित तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी महोदया ने राजस्व से संबंधित कई मामलों की गहनता से सुनवाई की। इसी बीच भीमपुर से जुड़े सरकारी भूमि अतिक्रमण प्रकरण में सामने आया कि पूर्व में दिए गए आदेशों के बावजूद लेखपाल सुभाष गोंड द्वारा मौके पर कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। तहसीलदार द्वारा टीम गठित करने और उपजिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद लेखपाल ने न तो सीमांकन कराया और न ही अतिक्रमण हटवाया।

लेखपाल की इस लापरवाही और हीलाहवाली पर जिलाधिकारी महोदया ने कड़ा रुख अपनाते हुए तुरंत निलंबन का आदेश जारी किया। साथ ही उपजिलाधिकारी सलेमपुर को जांच अधिकारी नामित करते हुए आरोप पत्र भी निर्गत कर दिया गया। संबंधित राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की संस्तुति भी जिलाधिकारी को भेजी गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही और आदेशों की अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि तहसील दिवस में जिलाधिकारी महोदया द्वारा सुलह योजना के अंतर्गत कई मामलों का आपसी सहमति से समाधान कराया गया और ईमानदारी व तत्परता से कार्य करने वाले राजस्व कर्मियों को भी सम्मानित किया गया।

# मानवता के उपासक थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी



**कुशीनगर।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतों के पक्के इंसान थे। संसद में उन्होंने सदैव राष्ट्रीय एकता की स्थापना को ही अपना प्रथम लक्ष्य रखा था। संसद में दिए अपने भाषण में उन्होंने पुरजोर शब्दों में कहा था कि ₹राष्ट्रीय एकता के धरातल पर ही सुनहरे भविष्य की नींव रखी जा सकती है।₹ भारतीय इतिहास में उनकी छवि एक कर्मठ और जुझारू व्यक्तित्व वाले ऐसे इंसान की है, जो अपनी मृत्यु के इतने वर्षों बाद भी अनेक भारतवासियों के आदर्श और पथप्रदर्शक हैं।

उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा। वह रविवार को जयन्ती पर श्रीश्री ज्ञान मंदिर बाड़ीपुल परिसर में साखोपार मण्डल की डॉ मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व संगोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रखर राष्ट्रभक्ति और समर्पण के प्रतीक डॉ. मुखर्जी का संपूर्ण जीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहा। जिस अनुच्छेद 370 ने भारत की एकता को चुनौती दी थी, उसे डॉ. मुखर्जी ने अपने बलिदान से ललकारा, भाजपा ने संकल्प बनाकर निभाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दृढ़ निश्चय से अनुच्छेद 370 को समाप्त करके दिखाया। अब न दो प्रधान हैं, न दो संविधान, अब तो है सिर्फ एक भारत, अखंड भारत है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय एकता के सशक्त प्रतीक डॉ. मुखर्जी ने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। भारतीय जनसंघ की स्थापना कर उन्होंने देश को एक राष्ट्रवादी विचारधारा वाला वैकल्पिक राजनीतिक मंच दिया। मातृभूमि के सच्चे उपासक डॉ. मुखर्जी का जीवन व उनके विचार सदैव सभी देशवासियों को प्रेरणा देते रहेंगे। संजीव पांडेय, नूतन दूबे, त्रिलोकी तिवारी, देवेन्द्र प्रताप सिंह, राजीव सिंह ने भी सम्बोधित किया।

स्वागत मण्डल अध्यक्ष किन्नरेश चौबे और सुरेन्द्र मिश्र ने आभार व्यक्त किया। संचालन मण्डल महामंत्री विजय तिवारी ने किया। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, शैलेन्द्र राय, महेंद्र तिवारी, अजीत दूबे, दिवाकर चौधरी, सन्तोष गुप्ता, अमरनाथ कुशवाहा, दीपक पाण्डेय सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डॉ.श्यामाप्रसाद की जयंजी पर कॉलेज में हुई संगोष्ठी, लगाये गये पौधे

**भटनी(देवरिया)।** सिध्देश्वर शीतलदेव नारायण महाविद्यालय भरहेचौरा मे श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जयन्ती के अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्र की अध्यक्षता मे एक संगोष्ठी एवं कालेज मे हुआ पौधरोपण। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉं सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉं सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन मे अपने द्वारा लिखी गयी श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जीवन पर लिखी एक पुस्तक का जिक्र करते हुए देश के लिए अपने जीवन को न्योछावर करने वाले महान सपूत के जीवन चरित्र व आचरण को अपने उतारने की अपिल करते हुए कहा की उनकी सच्ची श्रद्धांजलि उनके बताये गये रास्ते पर चलना ही होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के गेट पर कालेज के प्रबन्धक व जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह मुख्य अतिथि मण्डल अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त पौधरोपण भी किया।

संक्षेप

## चोर का चेहरा सीसीटीवी में कैद

सिधौली ( सीतापुर )। कस्बे के नरोत्तम नगर उत्तरी निवासी कुशांक रस्तोगी की मोटरसाइकिल उस समय चोरी हो गई जब वे शनिवार शाम साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने गए थे। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने अपनी पेंशन एक्स प्रो मोटरसाइकिल बाजार के पास खड़ंजा सड़क पर खड़ी की थी, लेकिन कुछ ही मिनटों बाद लौटने पर वह गायब मिली।काफी तलाश के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद उन्होंने 112 पुलिस को सूचना दी। स्थानीय दुकानों व मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, जिसमें एक फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति बाइक ले जाता हुआ साफ नजर आ रहा है।कुशांक रस्तोगी ने सिधौली कोतवाली में इस संबंध में लिखित तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान करने में जुटी है।

## अवैध तमंचे के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर। एसपी अंकुर अग्रवाल ने जनपद में अपराध की रोंकथाम व नियंत्रण के लिए अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। जिसके क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।बताते चलें कि थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम ने मानस शुक्ला पुत्र स्व. सुनील शुक्ला निवासी म.नं./30 आवास विकास कालोनी, चन्द्र मोहन उर्फ मोनू पाण्डेय पुत्र राजू पाण्डेय निवासी मोहल्ला आदर्शनगर, विकास कुमार उर्फ शानू कश्यप पुत्र ताम्रध्वज कश्यप निवासी मोहल्ला सुदामापुरी को मुलही मार्ग से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त मानस शुक्ला की जमातलाशी से एकअवैध तमंचा 315 बोर, दो खोखा, दो मिश कारतूस 315 बोर व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद की है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की है। अभियुक्तों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में उनि कृष्ण चन्द्र मोहन सक्सेना, हेका राहुल भदौरिया, हेका विनय पटेल, का0 मनीष चौधरी शामिल रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव मिला

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के भगवंतनगर कस्बा स्थित बैलाही बाजार में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राजेन्द्र कुमार 40 वर्ष पुत्र बच्चू निवासी फतेहपुर के रूप में हुई है। वह लंबे समय से भगवंतनगर कस्बा में अपने मामा विनोद कुमार बेलदार के साथ रहकर बेलदारी का काम करता था। रविवार को उसका शव बैलाही बाजार में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद भगवंतनगर चैकी प्रभारी देवेंद्र अवस्थी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। इस संबंध में चौकी प्रभारी देवेंद्र अवस्थी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृत्यु के कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सही कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# मोहर्रम पर निकला ताजिया जुलूस



सेउता ( सीतापुर )।क्षेत्र में मोहर्रम की दसवीं तारीख के ताजिये निकाले गये।जानकारी के अनुसार शनिवार की रात को ताजियादारों ने अपने-अपने घरों में ताजिया रखा। ताजियादारों द्वारा नोहा, माशिया, मजलिसों का दौर चला जो पूरी रात चलता रहा। सुबह से सभी चौकों के ताजिया धीरे गाजे बाजे के साथ एक साथ इकठ्ठा होकर जुलूस गांव में तय रास्तों पर साथ होते हुए शाम को गुरुखेत पर सभी ताजिया इकठ्ठा होकर कर्बला पहुंचे। कर्बला में सभी ताजिये गमगीन माहौल में दफन किये गये। विगत दिनों सेउता में विवाद के चलते पुलिस की पैनी नजर रही है रेउसा पुलिस थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी मय फोर्स के साथ शाम को तथा जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर बनाये रखी। ताकि किसी प्रकार की कोई घटना न हो। क्षेत्र के खरौहा,मुहाला,सेउता आदि गांवों में शान्तिपूर्ण मोहर्रम का पर्व मनाया गया। इस अवसर तहसील प्रशासन की तरफ से श्यामू भार्गव, कानूनगो तथा पशु चिकित्सक डाक्टर सत्य भूषण, चिकित्साधिकारी रेउसा भी जुलूस के साथ मे शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस चौकी सेउता के चौकी इंचार्ज अरुण प्रताप सिंह, हरेराम यादव एसआई, कांस्टेबल समरजीत मौर्य, विशेष भाटी तथा होमगार्ड सहित उपस्थित थे।

## भारी मन से हुई ताजियेदारी

महोली ( सीतापुर )।इलाके में जगह-जगह पर हर साल की तरह मुस्लिम समाज के लोगों ने रोजा रखकर गाजे बाजे के साथ मोहर्रम का त्योहार मनाया। परम्परागत रूप से मनाये जा रहे इस त्योहार पर लोगों ने श्रद्धानुसार लंगर हलीम बांटा और शरबत पिलाया। सरकारी गाइड लाइन के कारण पुलिस प्रशासन की दखल से गत वर्षों की भांति मनमुताबिक ऊंचे ताजिये चबूतरे पर नहीं रखे जा सके।

आस्था व विश्वास का प्रतीक माना जाने वाला मोहर्रम, इस बार एक ताजिये के दो भागों की नई कहानी कर गया। इससे समुदाय के लोगों का उत्साह काफी फीका रहा।शनिवार की शाम नगर के कसाइन टोला- आदर्श नगर में हाइवे के किनारे ताजिया रखा गया। ताजियेदारों के मुताबिक प्रति वर्ष की भांति इस बार भी नौवीं तिथि पर रीति रिवाज से सिर्फ 20 से 15 फीट के करीब का ताजिया सभी के सहयोग से रखा जा रहा था। जिस पर पुलिस प्रशासन द्वारा दखल देकर महज 11 फीट तक ही रखने की बात कही गई। लोगों द्वारा विवश होकर ऊपर व नीचे का हिस्सा दो भागों में अलग



अलग रखा गया। हालांकि एक को छोड़कर बाकी छोटे छोटे तजिये थे। ताजियों की पूजा के लिए मोमबत्ती जलाकर, अगरबत्ती की सुगंध में सभी की अमन-चैन की दुआ मांगी। रविवार शाम को शहर में जुलूस निकाल कर नगर के लोगों ने चड़रा गांव में उरदौली गांव के लोगों ने सीओ आफिस के सामने कर्बला की जमीन पर ताजिये दफनाये, तों टिकरा, गदनापुर, महेवा मस्जिद बाजार आदि में शांति रही।

## 11 फुट की जगह 35 फुट ऊंचा बना ताजिया

सेउता ( सीतापुर )। थाना क्षेत्र रेउसा के ग्राम खरौहा में लगभग 35 फुट का सुन्दर सजावटी ताजिया रखा गया। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। सरकार का आदेश था कि दस फुट से ज्यादा बड़ा ताजिया कही भी किसी सूरत में रखा नहीं जायेगा। इस आदेश का पालन कराने के लिए हर थाने में ताजियारों को बुलाकर पीस कमेटियों की बैठकें की गई। जिसमें थाना में सभी से बताया गया था कि दस फुट से बड़ा ताजिया रखना गैर कानूनी अपराध होगा। लेकिन कुछ जगहों सरकार के इस आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई। जिम्मेदारों के नाक के नीचे बड़े बड़े ताजिये रखकर रोड पर खुलेआम प्रर्दशन किया गया।

## पूजन-अर्चन कर हरिशंकरी पौध का किया रोपण

सेउता ( सीतापुर )। सरकार की मंशानुरूप वृहद वृक्षारोपण अभियान के क्रम में क्षेत्र की ग्राम पंचायत चैंसा में बरगद,पीपल, पाकड़ के हरिशंकरी पौध का पं0कृष्णकांत तिवारी द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन कराये जाने के बाद रोपण किया गया। धार्मिक मान्यता अनुसार पीपल को भगवान विष्णु, बरगद को शंकर जी एवं पाकड़ को ब्रम्हा जी का स्वरुप माना जाता है।इन पौधों को त्रिकोण आकार में तीनों पौधों को रोपित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मो0आरिफ,ग्रा0रो0से0 हिफाजतुल्ला, समाजसेवी बैजनाथ,प्रताप सिंह,निर्मल सिंह आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत भिठना फर्द में ग्राम पंचायत अधिकारी मुकेशनाथ त्रिवेदी, रेउसा में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण कुमार व ग्राम पंचायत अधिकारी जगदेव प्रसाद द्वारा हरिशंकरी पौधों का रोपण किया गया।इसके अलावा ग्राम पंचायतों सिरसा, भरथा,डेलिया, दलपतपुर,सुकेठा, काशीपुर,सेउता, सहित विकासखंड रेउसा क्षेत्र की सभी 98ग्राम पंचायतों में हरिशंकरी पौधों का रोपण किया गया।



## एहतेराम व अकीदत से सुपुर्द-ए-खाक हुए मुहर्रम के ताजिये

सिधौली ( सीतापुर )।कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में दसवीं मुहर्रम के अवसर पर इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मातमी माहौल में चैकों से ताजियों को जुलूस के साथ कर्बला पहुंचकर सुपुर्द-ए-खाक किए गए।कस्बे में



दर्जनों स्थानों पर शनिवार देर सायं काल ताजियादारों ने इमाम हुसैन की याद चिन्हित चैकों पर ताजिया रखें गये। पूरी रात मजलिसे और नोहे होते रहे रविवार को ढोल ताशों की आमद में जुलूस के साथ ताजियों को परम्परागत तरीके से निकालकर मातम करते कर्बला पहुंचकर ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम पंचायत बाड़ी, अहमदपुर जट, गड़िया हसनपुर, हुसैनगंज, बनियानी, रमदाना, बाकीपुर, बिलरिया, सरसौली, मनिकापुर,मास्टर बाग,गोदना, मनवा आदि गांवों में ताजियादारों ने शनिवार को देर सायं काल चैक पर ताजियों को रखा रातभर चैंकों पर मजलिसे और नोहे होते रहे रविवार को ढोल, ताशों की आमद में जुलूस के साथ मातमी माहौल में कर्बला पहुंचकर अजारदारों ने ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कोतवाली और थानों के थाना प्रभारी क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आये। वहीं कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु इलाकाई पुलिस मोहर्रम के अवसर पर ताजिया सुपुर्द-ए-खाक होने तक ताजियों के जुलूस के साथ गांव में मुस्तैद रही।

## डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी हम सभी के प्रेरणास्रोतः अचिन




सिधौली (सीतापुर)। सिधौली विधानसभा के कसमण्डा मंडल के शक्ति केंद्र दहावा की बूथ शांख्या 50 पर एक निशान, एक विधान, एक प्रधान के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय एकता अखंडता को अक्षुण्ण रखने हेतु सर्वोच्च बलिदान देने वाले श्रद्धेय डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहोत्रा रहे। गोष्ठी से पूर्व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको शत शत नमन वंदन किया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सोनू शुक्ला ने की। गोष्ठी का संचालन जिला पंचायत सदस्य प्रेमदीप जायसवाल ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा अचिन मेहरोत्रा ने उपस्थित कार्यकर्त्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी हम सब कार्यकर्त्ताओ के प्रेरणाश्रोत हैं। उन्होंने भारत की एकता अखंडता के लिए अपने प्राणों को निछावर कर दिया। श्री मेहरोत्रा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जन्म से लेकर उनके द्वारा किए गये राष्ट्रवादी कार्यों को विस्तार से जनमानस के मध्य रखा। उन्होंने कहा की जनसंख्या के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सदैव राष्ट्रवाद के लिए कार्य किया। उनका जीवन संघर्षों के बीच व्यतीत हुआ। लेकिन डॉ0 साहब अपने मार्ग से विचलित नहीं हुए। डॉ मुखर्जी ने सदैव भारत की राष्ट्रवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अपने जीवन की अंतिम सांस तक कार्य किया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो एक संकल्प लिया था अनुच्छेद 370 को हटाने का उसको भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने संपूर्ण जीवन में जम्मू कश्मीर से दो विधान दो निशान और दो प्रधान का पुरजोर विरोध किया। यह उन्हीं के द्वारा डाली गई नींव का परिणाम है कि आज जम्मू कश्मीर भी विकास के पथ पर अग्रसर है। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष सोनू शुक्ला ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए उपस्थित कार्यकताओं का आभार प्रकट किया। गोष्ठी के समापन के बाद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम संयोजक सत्येंद्र सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता अंजनी शुक्ला, पूर्व विस्तारक राजेंद्र यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नवनीत पाण्डेय, युवा नेता सौरभ सिंह,जिला पंचायत सदस्य प्रेम दीप जायसवाल, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष पिंटू रावत, शिवशंकर भार्गव, अविरल अवस्थी, अनमोल कश्यप, सुबोध मिश्रा, उत्तम पाण्डेय, सत्यम सिंह, आरिफ, उपेंद्र सिंह, राजेश मिश्रा एवं अन्य सम्मानित जन उपस्थित रहे।

## सिधौली में निकली रथयात्रा



सिधौली ( सीतापुर )। कस्बे में पहली बार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के अद्भुत वातावरण में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक रथयात्रा का आयोजन जगन्नाथ सेवा आश्रम एवं आध्यात्मिक केंद्र, न्योराजपुर के सौजन्य से किया गया। रथयात्रा गीता भवन से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों तहसील रोड विसवां चैराहा मिश्रिख मार्ग से होते हुए पुनः गीता भवन पहुंची, जहां भव्य आरती, पूजन और प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का समापन किया गया।रथ को भक्तों ने पूरे उत्साह से खींचा, वहीं महिलाएं रथ के आगे झाड़ू लगाती हुई चल रही थीं, जो सेवा व आस्था का प्रतीक दृश्य बना। पूरे कस्बे में भक्ति और उल्लास की अनोखी छटा देखने को मिली। हजारों श्रद्धालु इस दिव्य आयोजन के साक्षी बने।जगन्नाथ सेवा आश्रम के महामंत्र कृष्ण दास एवं वेद प्रकाश शुक्ल ने बताया कि यह आयोजन पुरी जगन्नाथ रथयात्रा की परंपरा से प्रेरित है। जैसे पुरी में भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा व भाई बलराम के साथ मौसी के घर जाते हैं, और आठ दिन बाद उनकी भव्य वापसी होती उसी तरह की भावना को साकार करने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली गई है, जिसे अब हर वर्ष भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम में एमएलसी पवन सिंह, विधायक मनीष रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से नरेश कनोडिया, अनुराग कनोडिया, आशीष कनोडिया, प्रेम कनोडिया, प्रकाश कनोडिया, सुदेश कनोडिया, संजय कनोडिया, बच्चे प्रसाद वाजपेयी, आदित्य त्रिपाठी, मुन्नूलाल तिवारी एवं अतुल तिवारी आदि शामिल थे।

## बीईओ मछरेहटा को ब्लॉक से अविलंब हटाया जायेः राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

सीतापुर। खंड शिक्षा अधिकारी मछरेहटा अजय गुप्त मौर्य के द्वारा ब्लॉक मछरेहटा में की जा रही अनियमिताओं को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उप्र जनपद के जिला महामंत्री कृष्ण मोहन गुप्ता ने बीएसए सीतापुर को पत्र भेजकर बीईओ को मछरेहटा ब्लॉक से अबिलंब हटाए जाने की मांग की गई है। जिला मीडिया प्रभारी देवर्षि प्रताप सिंह ने अवगत कराया कि बीईओ मछरेहटा द्वारा शिक्षकों के आकस्मिक अवकाश पर होने के बावजूद भी शिक्षकों को अनुपस्थित करते हुए वेतन कटौती की जा रही , बिना किसी वेतन कटौती आदेश के शिक्षकों का वेतन काटा जा रहा, समग्र शिक्षा से प्राप्त शासकीय धनराशि का दुरुपयोग करते हुए अधोमानक सामग्री खरीद किया जाना, लक्ष्यीकृत निरीक्षण प्रणाली अपनाकर शिक्षकों को मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जाना, इत्यादि अन्य तमाम शिकायतों को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश जनपद ने बीईओ के विरुद्ध कार्रवाईर्द की मांग की है। इसको लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सीतापुर के संगठन मंत्री राजेश वर्मा, सयुक्त महामंत्री राजकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, ब्लॉक महामंत्री नीरज गौतम, उपाध्यक्ष विवेक तिवारी सहित ब्लॉक मछरेहटा के तमाम पीड़ित शिक्षकों ने संगठन द्वारा उठाए गए इस कदम सराहना की है।

## एनएचएआई ने रोड से कूड़े को कराया साफ



कमलापुर ( सीतापुर )।बरसात के महीने में नेशनल हाईवे पर स्थित कमलापुर कस्बे में बरसात होने से सर्विस लेन पर पानी भर जाता है। कस्बे के सड़क के किनारे राजा इंटर कॉलेज के ऑपोजिट लगे कूड़े का ढेर से सड़क पर निकलने वाले वाहनों को दिक्कत से निजात दिलाने के लिए शनिवार को एनएचएआई के द्वारा सुपरवाइजर वरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में जेसीबी तथा कर्मचारियों के माध्यम से कूड़े को हटवाया गया है। इस संबंध में वरुण कुमार सिंह ने जानकारी में बताया कि प्रोजेक्ट मैनेजर गोटेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर कूड़े की सफाई करवा दी गई है और नाले की सफाई आवश्यकता पड़ने पर समय-समय पर करवाकर जलभराव की समस्या से निजात दिलाने का काम किया जाएगा।

## मोहर्रम पर्व पर विभिन्न स्थानों पर निकाले ताजिए



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के अंतर्गत पाटन, बिहार, बरवलिया, पकरा बुजुर्ग, मनिकापुर, तकिया आदि कस्बों में मोहर्रम का पर्व मातम और गम के माहौल में श्रद्धा के साथ मनाया गया। विभिन्न स्थानों से पारंपरिक ताजिए निकाले गए और कर्बला के शहीदों की याद में मातमी जुलूस निकाला गया।

कस्बा बिहार में वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार इस बार भी एक ही गांव में तीन ताजिए बनाए गए, जो गढ़ी फकिरैहिया, राधागंज और अन्य मोहल्लों से होते हुए एक साथ कर्बला की ओर रवाना हुए और देर शाम विधिवत दफन किए गए। ताजियों के साथ बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए जिन्होंने इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद करते हुए मातम किया।680 ईस्वी में कर्बला की जंग में हुए बलिदान की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना होता है जिसे गम और शोक का महीना माना जाता है। दसवीं तारीख को आशूरा के दिन विशेष रूप से ताजिए निकालकर इमाम हुसैन की कुबानी को याद किया जाता है। लोगों ने रोजा रखकर इबादत की और शांति, इंसानियत व सच्चाई के लिए दुआ की।इस मौके पर कस्बा बिहार के हैदरिया अखाड़े के बच्चों द्वारा बनेठी, लाठी-डंडा और अन्य हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया गया, जिसे देख लोग दंग रह गए और करतबों की सराहना की। पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन मुस्तैद रहा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह, तहसीलदार मनीष द्विवेदी, नायब तहसीलदार, क्षेत्रीय लेखपाल सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही।

## राजनेताओं की लगती रही झड़ी फिर भी नहीं बन सका बसअड्डा

हरगांव ( सीतापुर )।नगर पंचायत हरगांव के वाशिंदे उन जन प्रतिनिधियों को जिन्हें वह अपना विकास का आका समझते थे उन जन प्रतिनिधियों के द्वारा विकास के नाम पर केवल और केवल नगर सहित क्षेत्र के वाशिंदों को छला गया। तभी तो क्षेत्र के लोग अस्सी के दशक के बाद से आज तक एक अदद बस अड्डाजैसी मूलभूत सुविधाओं से महरूम हैं।विडम्बना देखो जब दीपपुर मुरादनगर,सरांय पित्थू, रामपुर बरौरा, जहांगीराबाद ग्रामसभा थी। तब हरगांव गंजग्रामसभा जहांगीराबाद के अन्तर्गत था तो हरगांव गंज में स्थाई रूप से परिवहन निगम का बस अड्डासंचालित होता रहा लेकिन नगर पंचायत में तब्दील होने के बाद बस अड्डासहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से यहां के लोग वंचित हो गए। इस बीच अनेकों जन प्रतिनिधि हुए और सभी ने केवल अपना उल्लू सीधा किया और यहां के विकास की ओर किसी ने दृष्टि नहीं डाली। जब यहां पर लगभग चार अंकों की जनसंख्या थी। तब यहां पर बस अड्डासहित विकासखण्ड, रेलवे स्टेशन,चीनी मिल थाना,डाकखाना, भारतीय स्टेट बैंक, जिला सहकारी बैंक,गन्ना समिति एक इण्टर कॉलेज व एक मण्डी समिति हुआ करती थी। आज जब जनसंख्या पांच अंकों में है तब मंडी समिति सहित बस अड्डानदारत हो गया। हरगांव विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्र को मिलाकर कर जनसंख्या लगभग एक लाख की हो जाती है।हरगांव में बिड़ला समूह की एशिया की सुप्रसिद्ध चीनी मिल भी है।रेलवे की पहले छोटी लाइन हुआ करती थी।जो अब समय पाकर बड़ी लाइन में तब्दील है। वर्तमान समय में पहले की अपेक्षा क्षेत्र में दस इण्टर कॉलेज, दो डिग्री कॉलेज खण्ड विकास कार्यालय, विभिन्न बैकिंग के छः बैंक भी है। थाना समेत चार पुलिस चैकी हैं। और तो और हरगांव को आदर्श नगर पंचायत हरगांव का दर्जा भी मिला हुआ है।हरगांव से पूर्व में सांसद हरगोविंद वर्मा,गोकरन प्रसाद,जनार्दन प्रसाद मिश्र के अलावा डॉ राजेन्द्र कुमारी बाजपेई पूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, वर्तमान में केंद्रीय मंत्री पूर्व क्षेत्रीय सांसद जितिन प्रसाद, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्षपूर्व सांसद श्रीमती रेखा अरुण वर्मा,पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री व हरगांव विधायक रहे रामलाल राही,परागी लाल चैधरी, पूर्व विधायक व कैबिनेट मंत्री रामहेत भारती,पूर्व विधायक रमेश राही, विधायक दौलत राम आदि जन प्रतिनिधि हुये।लेकिन किसी ने भी हरगांव के विकास की सुधि नहीं ली।वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री व हरगांव विधायक सुरेश राही जो केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्व. रामलाल राही के छोटे पुत्र भी है।लेकिन शासन में होने के बावजूद भी हरगांव में परिवहन निगम का बस स्टेशन न बनवा पाए जो हरगांव के विकास पर एक सवालिया निशान जरूर है ? अपने विधायक के कार्य काल में नगर पंचायत के सभागार में सरकारी उपलब्धियां का बखान करते समय यहां के लोगों ने इस विषम समस्या की ओर उनका ध्यान केन्द्रित किया। जिस पर उन्होंने तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी को मुख्य चैराहे पर जहां पर पहले टीन शेड पड़ा हुआ था। वहां पर बेंचों के साथ टीन शेड डलवाने के निर्देश दिए थे। आज वह मंत्री हो गए लेकिन उनके निर्देश जरूर हवा में उड़ गए।इससे बडा हरगांव का दुर्भाग्य क्या होगा कि हरगांव क्षेत्र को महा भारत काल से राजा विराट की नगरी के नाम से जाना जाता था। पांडव कालीन अवशेष होने के कारण पर्यटन केन्द्र का पर्यटक आवास भी बना हुआ है। प्राचीन सूर्य कुण्ड तीर्थ स्थल,गौरी शंकर मंदिर, परशडा शरीफपुर का सन्नो देवी मंदिर,परशडा शरीफपुर गांव में पांडव के जमाने का समी वृक्ष जो आज भी विद्यमान है।

# जिला अस्पताल में बने ई-टॉयलेट से मरीजों का जीना हुआ दुश्वार, जिम्मेदार मौन



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। जिला अस्पताल के महिला विभाग में लाखों की लागत से बने अस्पताल परिसर के अंदर पुरुष अस्पताल पंजीकरण विभाग के बगल में बना सार्वजनिक ई-टॉयलेट निष्प्रयोज साबित हो रहा है।

ई-टॉयलेट से फैली दुर्गंध जिला अस्पताल आए मरीजों और तीमारदारों को पर्चा बनवाने में बने ई-टॉयलेट की दुर्गंध को झेलना पड़ रहा है। कभी-कभी मरीजों को दुर्गंध की वजह से उल्टी जैसी दिक्कतें होने लगती है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन हजारों की संख्या में मरीज और आम जनमानस का आना-जाना लगा रहता है। इस दौरान किसी के बाथरूम लगती है, तो सालों से आधे अधूरे बनें ई-टॉयलेट में लोगों को जाना पड़ता है। जिसके रोकथाम के लिए अस्पताल प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था और न साफ-सफाई कराई जाती है। ई-टॉयलेट के बगल में पंजीकरण विभाग में इतनी ज्यादा दुर्गंध होती है की पर्चा काउंटर पर बैठे कर्मचारियों को इस दुर्गंध में बैठकर मजबूरन कार्य करना पड़ रहा है। अगर जिम्मेदार चाहें तो आधे-अधूरे पड़ें ई-टॉयलेट को चारों तरफ से तार या किसी तरह से रोक लगा दे तो लोग वहां पर बाथरूम करने ना जा पाएं। और वहां आएं मरीजों और तीमारदारों एवं अस्पताल कर्मियों को इस दुर्गंध से छुटकारा मिल जाए। इससे ये साबित होता है स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही से जिला अस्पताल आए मरीजों और आम जनमानस को कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### क्या बोली महिला सीएमएस

महिला सीएमएस डॉ फौजिया अंजुम ने बताया कि इसकी जानकारी ममता मैनेजर ने पुरुष विभाग में बने होने की बात बताई थी, अभी तक हमको कोई कागज नहीं मिलें है। जानकारी हुई है जल्द ही महिला विभाग में बने हुए ई-टॉयलेट की साफ-सफाई कराकर रोकथाम की जाएगी।

## पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान चलाया गया

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील मुख्यालय अंतर्गत कस्बा भगवंतनगर के महावीर मंदिर पार्क में रविवार को वन महोत्सव 2025 के तहत एक पेड़ माँ के नाम 2.0 व पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक वानिकी वन विभाग द्वारा किया गया।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ल ने अशोक के 8 तथा चितवन के 3 पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष न केवल जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि पर्यावरण को संतुलित रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को पेड़ लगाने व उनकी देखरेख की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार दिनेश यादव, वन क्षेत्राधिकारी नीरज यादव, वन दरोगा राम बहादुर, मोहित दुबे, राम कुमार, वन रक्षक बेबी व सोनी दीक्षित, नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष शुक्ला उर्फ रिंकू शुक्ला, भाजपा नेता संजय शुक्ला, योगेश बाजपेई सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## बाइकों की टक्कर में दो की मौत, तीन गंभीर



बांगरमऊ, उन्नाव। आरएस चौराहे के निकट दो बाइकों की टक्कर हो गयी। जिसमें दो की मौके पर मौत हो गयी। तीन की हालत गंभीर बनी है। बांगरमऊ में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि लगभग ढाई बजे संडीला मार्ग स्थित आरएस चैराहे के निकट दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें दो लोगों ने मौके पर ही दम दोड़ दिया। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान 24 साल के हारून पुत्र कल्लू निवासी अंतधार्नी और 17 साल के किशोर सुहैल पुत्र उस्मान निवासी रायबरेली के रूप में हुई है। जो कि मोहर्रम देखने के लिए अपनी रिश्तेदारी आया था। वही घायलों में फतेहपुर चैरासी थाना क्षेत्र के सेता गांव निवासी अल्ताफ पुत्र हनीफ उम्र 18 वर्ष, बेहटा मुजाबर थाना क्षेत्र के शीतलगंज गांव निवासी दानिश पुत्र रहमत उम्र 20 वर्ष व उन्नाव के दोस्तीनगर निवासी मोहम्मद सैलाब पुत्र लाल मोहम्मद उम्र 20 वर्ष बताए जा रहे हैं। तीनों घायलों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। हादसे की सूचना के बाद अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वही थाना प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। यातायात संबंधित कोई समस्या नहीं है। हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

संक्षेप

## मौनीबाबा धाम में गुरू पूर्णिमा महोत्सव 10 को

बांदा। सिमौनी के मौनीबाबा धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 10 जुलाई को होगा। मौनीबाबा धाम में स्वामी अवधूत आश्रम में मौनीबाबा की समाधि स्थित है जो कि गोलोकवासी स्वामी अवधूत की तपोस्थली रही है। स्वामी के शिष्य आनंद स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8 बजे स्वामी की प्रतिमा में माल्यार्पण, पुष्पार्पण और धूप, दीप प्रज्वलन के साथ होगी। सुबह 9:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा, 10:30 बजे महाआरती और 11 बजे हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सभी शिष्य व भक्त यहां अनवरत चलने वाली सीताराम अखंड संकीर्तन में प्रतिभाग करेंगे। दोपहर 12:30 बजे से महाप्रसाद का वितरण शुरू होगा। स्वामी के शिष्यों ने बैठक में कार्यक्रम की रणनीति बनाई। बैठक में बच्चा सिंह काजीटोला, राजाबाबू सिंह, फूलचंद्र यादव, अरूण सिंह पटेल, महानरायण शुक्ला, अंकित सिंह आदि मौजूद रहे।

## छात्रवृत्ति के लिए चयनित लाभार्थी स्कॉलरशिप पोर्टल पर करें क्लेम

महोबा। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आध्यारित छात्रव्रत्ति परीक्षा वर्ष 2025/26 में उत्तीर्ण एव चयनित तथा 2022/23, 2023/24, एवं 2024/25 में उत्तीर्ण एप चयनित नवीनीकरण हेतु अर्ह लाभार्थियों का डाटा नेशनल स्कालर ?शिप पोर्टल पर अपलोड करने हेतु पोर्टल दिनांक 2 जून 2025 से खुल गया है। चमनित लाभार्थी तत्काल अपना क्लेम बिल अपलोड करना सुनिश्चित करें। यह जानकारी पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त लाभार्थियों को राजकीय/ अशासकीय माध्यमिक विद्यालय में अध्ययन करते रहने पर कक्षा 9 से लेकर 12 तक 12 हजार रुपए प्रतिवर्ष के अनुसार कुल 48 हजार की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।

## महिला का शव फांसी पर लटका मिला

ललितपुर। मड़ावरा अंतर्गत ग्राम गोराकलां में महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर मृतका के मायके पक्ष से आये लोगों ने ससुरालियों पर पुत्री की हत्या कर शव को फांसी के फंदे से लटका देने का गंभीर आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि 20 वर्षीय हरकुंवर की शादी एक साल पहले नावाई निवासी विनोद के साथ हुयी थी। शादी के बाद से ही ससुरालियों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसकी पुत्री को प्रताड़ित कर रहे थे। परिजनों के मुताबिक रविवार को उन्हें फोन आया कि उनकी पुत्री ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलने पर मायके पक्ष ने मौके पर पहुंच कर आक्रोश व्यक्त किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट का किया वितरण

ललितपुर। बिरधा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आधा दर्जन नवजात शिशुओं के माता-पिता को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट का वितरण क्षेत्रीय वन अधिकारी गौना सुवाष चंद्र वर्मा एवं चिकित्साधिकारी डा0 राजकुमार प्रिंस द्वारा सहजन, आंवला का एक-एक पौधा वितरित किया गया। जिन्हें नवजातों के माता-पिता लगायेंगे एवं उनकी सुरक्षा करेंगे। ज्ञातव्य है कि ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट का वितरण 1 से 7 जुलाई के मध्य जन्में नवजात शिशुओं के माता-पिता को चिकित्सा विभाग एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहे है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में पौध रोपण तथा उनकी बच्चों की तरह देखभाल करने की जागरूकता उत्पन्न करना है।

## कुशीनगर एक्सप्रेस से यात्री का मोबाइल फोन चोरी

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम जिजयावन निवासी कृष्णपाल पुत्र कैलाश यादव ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 4 जुलाई को ट्रेन संख्या 22538 कुशीनगर एक्सप्रेस के जनरल कोच में था और भोपाल से ललितपुर आ रहा था। जैसे ही ट्रेन बीना स्टेशन से एक-दो किलोमीटर चली कि तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका ओप्पो ए3 मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पीड़ित ने बताया कि उसके मोबाइल फोन के कवर में टिकिट व 700 रुपये रखे हुये थे। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# राख लदे डंपर ने गौवंशों को रौंदा

## छह गौवंशों की मौत



ललितपुर। पावर प्लांट से राख का उठान करके आने वाले डम्पर जहां एक ओर आम नागरिकों के लिए खतरनाक बनते जा रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर आये दिन ओवरलॉडेड एवं ओवर स्पीड से चलने वाले यह डम्पर गौवंशों के लिए आये दिन मौत साबित हो रहे हैं। बीती रात एक बड़ा हादसा प्रकाश में आया है, जहां ओवर लोड भरे डम्फर ने सड़क पर आधा दर्जन से अधिक गौवंशों को रौंद दिया। इस घटना के बाद से गौ सेवकों व ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर गौवंशों के शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि शनिवार की देर रात पावर प्लांट की ओर से आ रहे डम्फर ने सड़क पर खड़े गौवंशों को रौंद दिया, जिससे चार गौवंशों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना के बाद से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। ग्रामीणों के अनुसार घटना को अंजाम देने वाला डम्फर राख से लदा हुआ था, जो कि बुरौगांव चिगलौआ स्थित पावर प्लाण्ट से आ रहा था। बिरारी के पास गौवंशों को डम्फर से रौंदने की खबर मिलने के बाद से गौसेवकों ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। गौवंश आश्रय स्थल पर आयोजित बैठक में गौसेवक प्रशान्त शुक्ला ने कहा कि बेजुबानों के हक की लड़ाई अब चुप नहीं बैठेंगे। बताया कि 07 जुलाई 2025 को सुबह 10 बजे गौवंश पर अत्याचार के विरुद्ध संगठित जनआंदोलन किया जायेगा। इसमें ग्राम मिर्चवारा के पास बजाज पावर प्लांट के डंफरों द्वारा आधा दर्जन से अधिक गौमाताओं को रौंदकर मौत के घाट उतारने की हृदयविदारक घटना के विरोध में, जनपद के समस्त सामाजिक, धार्मिक, गौसेवा एवं किसान संगठनों द्वारा एकजुट होकर जिलाधिकारी कार्यालय को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांगों को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषियों पर एफआईआर दर्ज की जाये, डम्फरों पर रोक, घायल गौवंश का इलाज, मृतक गौवंशों का सम्मानजनक अंतिम संस्कार और स्थायी समाधान। उन्होंने सभी गौसेवकों से आह्वान किया कि वह इस आंदोलन में सहभागिता करें।

# हर वर्ग के साथ मजबूती से खड़ी है कांग्रेस : सुधांशु

- कांग्रेस की नवीन जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

ललितपुर। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मवेशी बाजार स्थित एक मैरिज गार्डन में मुख्य अतिथि सुधांशु त्रिपाठी एवं राहुल रिछारिया, विशिष्ट अतिथि कुं.मुकुट सिंह, बलवान सिंह यादव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, शशिराजा बुंदेला की मौजूदगी एवं जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने संकल्प पत्र पढ़कर नव नियुक्त पदाधिकारी कार्यकारिणी एवं 6 ब्लॉक अध्यक्षों को शपथ दिलाई। कहा कि कांग्रेस एक विचारधारा है जो गांधीवादी सिद्धांतों पर चलकर आज भी चल रही है। कहा कि राहुल गांधी हमारे नेता हैं और मजदूर वंचितों की लड़ाई से देश में राहुल गांधी के नेतृत्व में क्रांति आएगी, जिसमें सभी लोगों को न्याय मिलेगा। राहुल रिछारिया ने कहा कि कांग्रेस का एक-एक साथी मजबूती के साथ खड़ा है और वह मजदूरों की वंचितों की और शोषितो की लड़ाई लड ? के लिए तैयार है। मुकुट सिंह बुंदेला ने कहा कि कांग्रेस में सभी वर्गों को समाहित किया गया है जिसमें पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के साथ-साथ महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए बूथ बूथ तक जाकर कमेटियों को गठित करें। शशिराजा बुंदेला ने कहा कि सभी पदाधिकारी को बधाई देता हूं कि वह ऐसे समय में कांग्रेस के साथ खड़े हैं, जब लोग सत्ता की तरफ भाग रहे हैं कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता इसी मजबूती के साथ आगे बढ़ता रहेगा। रामनरेश दुबे ने सभी कांग्रेसियों की मन की बात कही और कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता मजबूत है अगर किसी प्रकार उनका उत्पीड ? किया गया तो पूरी कांग्रेस उसके साथ खड़ी रहेगी। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि कांग्रेस का एक-एक सिपाही मजबूती के साथ खड़ा है और वह गरीबों के शोषितों की लड़ाई लड़ेगा जो संकल्प हमारे नेताओं ने लिए हैं जिसमें प्रमुख रूप से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खडगे और हमारे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निदेशों का हम सभी अक्षराश पालन करेंगे।

# पौधरोपण कर दूसरों को भी करें प्रेरित: कैलाश



ललितपुर। ललितपुर वन प्रभाग की गौना रेंज अंतर्गत ग्राम बिरधा में वन महोत्सव के अवसर पर वृहद रूप से वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर बिरधा के अमृत सरोवर तालाब पर पीपल, बरगद, आंवला, सहजन के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन रहे। मुख्य अतिथि द्वारा पीपल, बरगद के पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि वसुधा को हरा-भरा बनाये रखने एवं प्रकृति का संतुलन बनाये रखने के लिए वृक्षारोपण परमावश्यक है। हम सभी के लिए स्वयं वृक्षारोपण करना चाहिए एवं दूसरों को भी इस कार्य हेतु प्रेरित करना चाहिए। वहीं ग्राम प्रधान बिरधा सहित स्थानीय नागरिकों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। जिपं अध्यक्ष ने आमजनता का आह्वान करते हुये कहा कि वह सभी इस महोत्सव में शामिल होकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर ललितपुर जनपद को हरा-भरा बनाये रखें। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी सुवाष चंद्र वर्मा, वन दरोगा सुभाष चंद्र, भगतराम आदि मौजूद रहे।

# मेधावियों का हुआ सम्मान

## शिक्षा के क्षेत्र में आगे आकर करें अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व : सदर विधायक

ललितपुर। रविवार को अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन जनपद इकाई के तत्वाधान में इंटरमीडिएट 2024-25 में मेधावी छात्र-छात्राओं एवं नवनियुक्त सरकारी कर्मचारियों तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह का आयोजन कल्याण सिंह सभागार रामनगर में किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा रहे। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने सामाजिक सदभाव, शिक्षा के क्षेत्र में इन वर्गों को अधिक प्रतिनिधित्व करने पर जोर दिया। तदोपरांत पूर्व एमएलसी तिलकचंद अहिरवार ने बहुजन समाज में जन्में महापुरूषों के योगदान पर चर्चा की। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महात्मा ज्योतिवा राय के योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम अध्यक्ष इं0 भागीरथ बरूआ द्वारा बच्चों को विभिन्न सरकारी सेवाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन दिया गया। वरिष्ठ अतिथि रहीं एड0 निधि सहरिया ने अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को मुख्य धारा में आने का आह्वान किया। वरिष्ठ अतिथि कैलाश कुशवाहा ने जातिगत भेदभाव समाप्त करने पर जोर दिया। मनोहर लाल द्वारा कमजोर वर्ग के लोगों को मुख्य धारा में कैसे लाया जाये, पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन अध्यक्ष शक्ति सिंह अहिरवार ने किया। इस अवसर पर उपसभापति सहकारी समिति श्रीकांत कुशवाहा, श्रीमती मंजूलता, श्रीमती नीता दोहरे, श्रीमती नत्थी चैधरी, श्रीमती रामेश्वरी, श्रीमती पुष्पलता, रिंकी कोली, श्रीमजी रजनी अहिरवार, विजयति, श्रीमती बबीता सहरिया, श्रीमती सुनीता, किरन, अजयपाल, आशाराम, देवेन्द्र, चंद्रभान, शिवम, गजेन्द्र, शिवराज, जमुना प्रसाद, महाराज सिंह, बृजेंद्र, रामाधर प्रसाद, प्रेमचंद, हरीशंकर, अमित, दीपक चैधरी, बृजेन्द्र, रामकुमार, भजन लाल, रक्खूलाल, गोविन्द, भगवतदयाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




# रोगियों को उचित और शीघ्र इलाज मिलने को दी जायेगी प्राथमिकता

ललितपुर। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर को स्थायी प्रधानाचार्य मिलने से मेडीकल कॉलेज की व्यवस्थाएं दुरूस्त होनी शुरू हो गई हैं। स्थायी प्रधानाचार्य के कार्यभार ग्रहण उपरांत मेडीकल कॉलेज के डॉक्टरों एवं कर्मचारियों में भी उत्साह आ गया है। गत दिवस नवनियुक्त प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ मयंक शुक्ल ने कार्यभार ग्रहण करते ही मानव्यवर कांशीराम संयुक्त जिला चिकित्सालय ललितपुर के कायाकल्प करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात प्रधानाचार्य ने आला अधिकारीयों के साथ बैठक की, उसके बाद विभागाध्यक्षों तथा




संकाय सदस्यों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश दिए और कहा कि रोगियो को प्रथम प्राथमिकता दी जाए किसी भी रोगी या उसके तीमारदार की शिकायत मुझ तक नहीं आनी चाहिए यदि आती है तो आप सख्त कार्यवाही के लिए तैयार रहें। प्रधानाचार्य ने यह भी कहा कि वह प्रतिदिन स्वयं राउंड लेंगे और रोगियो का हाल खबर लेंगे। अस्पताल की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। हाउसकीपिंग सुपरवाइजरों की जिम्मेदारी तय कर दी जाए यदि गंदगी मिलती है तो कार्यवाही होगी। बताते चलें कि प्रधानाचार्य स्वयं अस्थि रोग विभाग के आचार्य एवं वरिष्ठ सर्जन हैं। प्रधानाचार्य ने कहा सभी संकाय सदस्य, सीनियर या जूनियर रेजिडेंट चिकित्सक ओपीडी, वार्ड तथा अन्य स्थानों पर सुबह ठीक 8 बजे समय से पहुंचे तथा रोगियों का उपचार कर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय लाभ प्रदान करें। रोगियो को नजरअंदाज ना करें।

# बसों में चोरी, लूट करने वाले 7 गिरफ्तार

## एक को लगी गोली, अंतर्राज्यीय गैंग से लाखों के गहने बरामद



बांदा। चोरी व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह के 7 सदस्यों को थाना मटौंध, कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। यह गैंग अनेक स्थानों से बसों और टैंपो आदि में बैग की चैन खोलकर, काटकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

इन घटनाओं की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने इस गिरोह की गिरफ्तारी के कड़े निर्देश पुलिस को दिए थे। इसी के चलते कई दिनों से पुलिस इनकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी। बताते चलें कि बीती रात थाना मटौंध, कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान खैरार स्टेशन के पास कुछ संदिग्ध लोग आते दिखाई दिए। इन्होने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया और पुलिस की घेराबन्दी से भागने की फिराक में थे लेकिन पुलिस की घेराबंदी देखकर बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करनी शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिससे आरोपी मोहसिन के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में जानकारी मिली कि इन्होने 18 जून को थाना मटौंध क्षेत्र, 27 अप्रैल, 23 मई व 19 मई को थाना कोतवाली क्षेत्र में विभिन्न स्थानों से तथा 17 मई को कबरई महोबा क्षेत्र से चोरी, लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। इन्होने बताया कि वह अनेक जनपदों में आने वाले यात्रियों के बैग काटकर, चैन खोलकर आभूषण व कीमती सामानों की चोरी करते थे तथा साथ में एक गत्ता लेकर चलते हैं और बैग, सामानों को गत्ते में छिपा लेते हैं। एसपी ने अन्तर्राज्यीय गिरोह की गिरफ्तारी व विभिन्न घटनाओं के अनावरण के लिए पुलिस टीम को 20 हजार रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया है। पकड़े गये आरोपियों के ऊपर विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि आरोपियों से दो अवैध तमंचा 315 बोर, 150 किलोग्राम सोने के जेवर, 600 ग्राम से अधिक चांदी के जेवर व 21,055 रुपये बरामद हुए हैं। उन्होने कहा कि गहनों की कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। मुठभेड़ में घायल आरोपी मोहसिन पुत्र मोमिना निवासी अब्दुल्ला खुर्द थाना लोधी नगर, हारुन पुत्र हामिद, इमरान पुत्र हामिद, मोहम्मद नूरुद्दीन, फारूक पुत्र हमीद निवासी दोझा थाना बिनौली जनपद बागपत, मनोज पुत्र चंद्रपाल निवासी कुचेसर थाना बाबूगढ़ जिला हापुर, इस्लामुद्दीन पुत्र सिराजुद्दीन निवासी खेड़ी कुरेरा थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं।

# कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाना चाहते थे डॉ मुखर्जी



बांदा। राष्ट्रीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिवस जिले भर में स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। भाजपा कार्यालय पीली कोठी में दक्षिणी मण्डल की आयोजित संगोष्ठी में डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने आर एस एस के सर संघ चालक गुरु गोल्वरकर से परामर्श लेकर 21 अक्टूबर 1951 को राष्ट्रीय जनसंघ की स्थापना की। डॉ मुखर्जी भारत की अखंडता और कश्मीर विलय के दृढ समर्थक थे। उन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों की भारत के बालकनीकरण की संज्ञा दी थी और धारा 370 के प्रावधानों को हटाने के लिए भारतीय जनसंघ ने हिन्दू महासभा और रामराज्य परिषद के साथ सत्याग्रह शुरू किया। 11 मई 1953 को कुख्यात परमिट सिस्टम का उलंघन करने के आरोप में कश्मीर में प्रवेश करते ही उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया और इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई। केंद्र सरकार उन्ही के संकल्प को पूरा करने का काम कर रही है। कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना, मण्डल अध्यक्ष राजेश गुप्ता रज्जन, मनोज पुरवार, विनोद जैन आदि मौजूद रहे। बबेरू में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि डॉ मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाना चाहते थे और उन्होने अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा।

## मदनी नूर अंजुमन कमेटी ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



बांदा। मदनी नूर अंजुमन कमेटी मर्दन नाका के अध्यक्ष जनाब निहाल खान ने मोहर्रम की नौवीं पर मोहल्ला मर्दन नाका में प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल भी सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को आमंत्रित किया गया। रोटी बैंक के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मदनी नूर अंजुमन कमेटी के सेवादारों को उत्कृष्ट कार्य करने, मर्दन नाका चैकी प्रभारी को मोहर्रम में अपने हमराहियों के साथ सुरक्षा प्रदान करने के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में रोटी बैंक के पदाधिकारी, सदस्य तथा सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि तुलसीदास पेशकार पूर्व अध्यक्ष उ0प्र0 दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, अध्यक्ष रिजवान अली, उपाध्यक्ष मोइनुद्दीन फारूकी, मोहम्मद सलीम, संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, सचिव मोहम्मद इदरीश, कोषाध्यक्ष इ ?फान खान, सदस्य अलीमुद्दीन और तुफैल खान मौजूद रहे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत



बांदा। बुंदेलखंड के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केसीएनआईटी में 14वां बुंदेलखंड प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न जनपदों के कुल 35 विद्यार्थियों को धनराशि व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में हमीरपुर के पूर्व विधायक युवराज सिंह और केसीएनआईटी ग्रुप के संस्थापक चेयरमैन अरुण कुमार निगम ने विजेता और उपविजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व धनराशि प्रदान की। विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल के निदेशक ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद छात्रों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि युवराज सिंह ने कहा कि कड़ी मेहनत और ईमानदारी से अर्जित ज्ञान जीवनभर साथ रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि प्रतियोगिता में चीटिंग से मिली सफलता समाज में गलत संदेश देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से डिग्री के साथ-साथ अपने टैलेंट को भी निखारने और उसे पहचान दिलाने की अपील की। संस्थापक चेयरमैन अरुण कुमार निगम ने कहा कि किसी भी देश की असली संपत्ति उसकी युवा शक्ति होती है और भारत का भविष्य इन होनहार विद्यार्थियों के हाथों में है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पण और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ विजेता को 5100 और उप विजेता को 2100 की राशि के चेक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. आनंद कुमार गुप्ता, युग चेतना महाविद्यालय सुमेरपुर डॉ. अनिल पांडे, पं. जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डॉ. अशोक सिंह परिहार, अभिभावक व शिक्षक मौजूद रहे।

## पीडीए की जन पंचायत में अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाने की ली शपथ



महोबा। नगर के कृष्णा अमृत कल्याण मंडपम में पीडीए जनपंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री विशंभर प्रसाद निषाद मौजूद रहे। मुख्य अतिथि का गिरजा शंकर रैकवार, मुकेश गुप्ता, महेश निषाद ने स्वागत किया तथा समाजवादी पार्टी के महोबा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मनोज तिवारी ने स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने पीडीए के जननायक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश को बताते हुए कहा कि नेता जी एवं अखिलेश की सरकार में निषाद एवं रैकवार समाज के लिये जनकल्याणकारी कार्य किये एवं आने वाले 2027 के विधान सभा चुनाव में पिछड़ों, दलित, अल्पसंख्यक समाज को भाजपा को प्रदेश से हटाने का कार्य करना है। उन्होंने निषाद, रैकवार, कश्यप समाज के लोगों को संबोधित करते हुए संकल्प पत्र पढ़ते हुए शपथ दिलाई कि आगामी विधानसभा चुनाव में साईकिल को वोट देना है और अखिलेश यादव को दोबारा उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के पूर्व अध्यक्षों, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री बादशाह सिंह, महोबा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी मनोज तिवारी ने भी संबोधित किया।

## नामदेव समाज ने किया पौधरोपण



महोबा। संत शिरोमणि नामदेव समाज सेवा समिति द्वारा वन महोत्सव के अंतर्गत महोबा मुख्यालय के शिवतांडव मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे नामदेव समाज के पदाधिकारियों सहित नामदेव समाज के लोगो ने सहभागिता की। गौरतलब है कि यही एक छोटा सा प्रयास हमारे पर्यावरण को हरा भरा और जीवन को संतुलित बनाए रखने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। इस मौके पर नामदेव के जिलाध्यक्ष मनीष नामदेव ने कहा कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए। जिससे अधिक से अधिक पेड़ लगाकर, हम जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने, पर्यावरण की रक्षा करने और मानव कल्याण को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। वन महोत्सव पेड़ो के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगो को पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में अधिक सक्रिय होने के लिए प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस मौके पर नामदेव समाज के संरक्षक रमाशंकर नामदेव, डॉ आशाराम नामदेव, सुदर्शन नामदेव, संत कुमार नामदेव, दिनेश नामदेव, मिथलेश नामदेव, दीपक नामदेव, दिलीप नामदेव, नितिन नामदेव, हेमंत नामदेव, हिमांशु नामदेव, रामअवतार नामदेव, प्रेम नामदेव, धुरुव, पीहू, शिवा सहित नामदेव समाज के आधा सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

# फेक न्यूज़ पर लगाम ?

बेशक तकनीकी के इस युग में फेक न्यूज़ एक बड़ी समस्या बन गयी है। तकनीक ने मीडिया के क्षेत्र को सबके लिए खोज दिया है। इससे वेब स्पेस से लेकर सैटेलाइट चैनल और सोशल मीडिया तक, फेक न्यूज़ के घर बन गये हैं। आज सच और झूठ को तय करना कठिन हो गया है। अब मीडिया स्वस्थ विमर्श का माध्यम नहीं बल्कि सत्य-असत्य नैरेटिव गढ़ने का माध्यम बन गयी है। इसे कुछ उदाहरणों से भी समझा जा सकता है। मसलन भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिन चले युद्ध में भारत हर तरह से पाकिस्तान पर भारी पड़ा लेकिन नैरेटिव गढ़ने में पाकिस्तान सफल रहा। बारह दिन के युद्ध में इजराइल ने ईरान के सैन्य और विज्ञान नेतृत्व को पूरी तरह खत्म कर दिया, लेकिन जीत का जश्न तेहरान में मनाया गया। टाटा नैनो कई साल पहले बंद हो गयी है, कंपनी ने स्पष्ट भी कर दिया है कि इसे लाने का फिलहाल कोई विचार नहीं है लेकिन इंटरनेट में नैनो के ढाई सौ से अधिक एआई मॉडल इस न्यूज के साथ मौजूद हैं कि अगले महीने ही बाजार में धमाल मचाने वाली है। कुल मिलाकर सोशल मीडिया का स्पेस बहुत ही भ्रामक हो गया है और सैटेलाइल चैनल भी अब गंभीर विमर्श के बजाय कई बार फेक न्यूज या बेवजह के नैरेटिव में फंस जाते हैं। ऐसे में टेक मीडिया का रेग्यूलेशन जरूरी है। लेकिन यह रेग्यूलेशन ऐसा हो जिसमें मीडिया के स्वस्थ विकास में मदद मिले। मीडिया समाचार और विमर्श का माध्यम बने, राष्ट्रीय आकांक्षाओं और जनहित इसमें जगह पाये। अगर




सरकार ऐसा करती है तो इससे मीडिया फिर से अपनी वाजिब भूमिका में लौट सकती है। लेकिन जिस तरह कर्नाटक की सरकार ने फेक न्यूज पर नियंत्रण के लिए कानून बनाने की तैयारी की है, उससे तो ऐसा लगता है कि वह मीडिया को अपनी लाइन पर हांकना चाहती है। देश में इंटरनेट का प्रसार बढ़ रहा है और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस तथा डीपफेक के इस्तेमाल में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। ऐसे में फर्जी खबरों यानी फेक न्यूज के कारण सामाजिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों के समक्ष उत्पन्न होने वाली चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। उनसे निपटने के लिए हमें सावधानीपूर्वक संतुलन कायम करना होगा। अपेक्षाकृत तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य में तकनीकी रूप से पिछड़ी सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करना निश्चित तौर पर समस्याएं पैदा करती हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि भारत में अधिकारी उठाए जाने वाले नियामकीय कदमों को लेकर सतर्क रहें। दुर्भाग्यवश इन दिनों कर्नाटक में यह सतर्कता नजर नहीं आ रही है। राज्य सरकार ने एक मसौदा विधेयक तैयार किया है जिसमें फर्जी खबरों या अन्य समस्याजनक सामग्री तैयार करने पर सात वर्ष तक के कारावास की बात कही गयी है। यहां समस्या यह है कि फेक यानी फर्जी खबरों की परिभाषा तय करने का काम एक विशेष समिति के हवाले कर दिया गया है जिसकी बात विधेयक में की गई है। इस कानून का इरादा समझा जा सकता है, लेकिन यह इस बात का भी उदाहरण है कि कैसे कानून का अत्यधिक इस्तेमाल भी समस्याएं पैदा कर सकता है। कर्नाटक सरकार ने इस बात पर समुचित विचार नहीं किया कि इसका अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर क्या असर होगा। विधेयक एक ऐसी समस्या को प्रदर्शित करता है जो किसी एक राज्य भर की नहीं है। देश में सभी स्तरों पर सरकारी अधिकारी बहुत हद तक अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रतिबंध लगाने के काम में लगे रहते हैं। सरकार ने कई अवसरों पर सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को संशोधित किया है ताकि वह स्वयं को अधिक शक्ति संपन्न बना सके और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अंकुश लगा सके। गत वर्ष सितंबर में बंबई उच्च न्यायालय ने उन बदलावों के एक पहलू को नकार दिया था जिनके जरिये सरकार एक 'फैक्ट चेक यूनिट' बना सकती थी जिसके तहत भारतीय इंटरनेट से कोई खबर हटाने का आदेश दिया जा सकता था। कानून व्यवस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य सरकारों की होती है और उन्होंने भी ऐसे तरीके तलाशने में तेजी दिखाई है जो उन्हें अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश लगाने में मदद करें। कई राज्यों ने फैक्ट चेक यूनिट कायम की हैं परंतु कुछ राज्यों ने तो इससे भी आगे बढ़कर कदम उठाए हैं। फेक न्यूज एक समस्या है यह सही है लेकिन इसके लिए अगर कठोर कानूनी उपाय प्रस्तावित किये गये, तो इसे अभिव्यक्ति की आजादी भी बाधित होगी। इसलिए कानूनी बंदिशों के बजाय प्रोत्साहन और मर्यायापूर्ण उपायों को अपनाने की जरूरत है।

## विचार

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

# अनुसंधान, विकास और नवाचार को प्रोत्साहन


मनोज बाजपेयी

दुनिया प्रौद्योगिकी के सहारे आगे बढ़ रही है और आने वाले दिनों में न सिर्फ मानव जीवन के हर पहलू में प्रौद्योगिकी का अधिकाधिक योगदान होगा बल्कि प्रौद्योगिकी के बिना समाज, सरकार या व्यक्ति का गुजारा मुश्किल हो जायेगा। इसलिए अगर भारत सरकार प्रौद्योगिकी को अधिक से अधिक बढ़ावा देने, नयी-नयी प्रौद्योगिकी के विकास के लिए अनुसंधान, विकास और नवाचार को बढ़ावा देने का प्रयास करती है, तो उसका स्वागत होना चाहिए। वैसे भी जब हम आर्थिक और सैन्य मामलों से लेकर हैरिटेज, कल्चर और सॉफ्ट पावर के मामले में वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनना चाहते हैं, तब प्रौद्योगिकी के मामले में पीछे रहना ठीक नहीं है। क्योंकि तकनीक ही भविष्य की शक्ति है और अगर आज देश में तकनीकी पहलुओं की उपेक्षा की गयी, तो कल यानी भविष्य में उत्पन्न होने वाले अवसरों को हम खो देंगे। इस संदर्भ में भारत सरकार ने रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन के लिए जो पहल की है उससे भविष्य में प्रौद्योगिकी के मामले में देश की स्थिति में बेहतरी की अपेक्षा की जा सकती है।

> अनुसंधान, विकास और नवाचार के लिए निजी क्षेत्र को आसान और वाजिब शर्तों के साथ वित्त पोषण एक बेहतरीन पहल है। लेकिन सरकार को यह भी समझना होगा कि यह काम सिर्फ सरकार का ही नहीं है। इससे निजी क्षेत्र को भी जोड़ना होगा। छोटी कंपनियों, उद्यमियों की आसानी से आधुनिक प्रौद्योगिकी तक पहुंच हो, यह सुनिश्चित करना भी सरकार का काम है।

केंद्र सरकार के द्वारा बीते सप्ताह मंजूर शोध विकास एवं नवाचार (आरडीआई) योजना इस बात की स्वीकारोक्ति है कि हमारे नीति निर्माताओं को नवाचार को बढ़ाने के तरीके तलाशने होंगे और सरकारी फंडिंग के जरिये इनकी मदद करनी होगी। बहरहाल, आरडीआई सही दिशा में उठाया गया कदम है। हालांकि, इसके बावजूद काफी कुछ करने की जरूरत होगी क्योंकि योजना को जिस तरह डिजाइन किया गया है, संभव है कि वह देश के शोध एवं विकास क्षेत्र से जुड़ी कुछ अहम चिंताओं को दूर न कर पाये। भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी का 1 फीसदी से भी कम हिस्सा शोध एवं विकास पर खर्च करता है, जबकि अमरीका, यूरोप के अनेक देश इस पर भारी खर्च करते हैं। चीन और दक्षिण कोरिया जीडीपी का 2.5 फीसद अनुसंधान और विकास पर खर्च करते हैं। ऐसे में भारत में जहां बड़ी तादाद में प्रौद्योगिकी स्नातक हैं, लेकिन उनको देश में




उचित वातावरण नहीं मिल पाता है जिसमें अपने ज्ञान-विज्ञान का बेहतरीन उपयोग कर नयी प्रौद्योगिकी को इजाद कर सकें। इस कारण बड़ी संख्या में तकनीक में दक्ष युवा विदेश चले जाते हैं या फिर ऐसी भूमिकाओं में रोजगार हासिल करते हैं जहां उनके तकनीकी कौशल का कोई खास उपयोग नहीं होता है। वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत 39वें स्थान पर है जो उसकी क्षमताओं से काफी नीचे है। जब हम आबादी की दृष्टि से दुनिया के सबसे बड़े देश हैं। आर्थिक सामर्थ्य में हमारा स्थान चौथा है, आर्थिक प्रगति के मामले में बड़ी अर्थव्यवस्था में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है, तो फिर अनुसंधान, विकास और नवाचार के मामले में इतना पीछे क्यों हैं? संभवतः इसी कमी को दूर करने के लिए सरकार ने अनुसंधान, विकास और नवाचार को समर्पित नयी योजना को लाने का फैसला किया गया है। इस योजना में शोध एवं विकास के क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए दो-स्तरीय व्यवस्था के माध्यम से शोध एवं विकास के लिए कम ब्याज दरों पर दीर्घकालिक वित्तीय मदद की बात कही गयी है। पहले स्तर पर अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) 1 लाख करोड़ रुपये के कोष को संभालेगा। इसे एक विशेष उद्देश्य वाले फंड के जरिये जुटाया जाएगा और इसकी राशि शून्य या बहुत कम ब्याज पर दूसरे स्तर के फंड प्रबंधकों को स्थानांतरित की जाएगी। दूसरे स्तर से इस राशि को निजी क्षेत्र की रुचिकर परियोजनाओं में बांटा जाएगा। इसके पीछे विचार यह है कि उभरते और रणनीतिक क्षेत्रों को वृद्धि और जोखिम पूंजी मुहैया कराई जा सके ताकि वे नवाचार को बढ़ावा दें। योजना का लक्ष्य निजी क्षेत्रों को उभरते क्षेत्रों में शोध एवं विकास बढ़ाने के लिए प्रेरित करना तथा अहम तकनीक का अधिग्रहण करने के योग्य बनाना भी है। तुलनात्मक रूप से देखें तो यह अपने आप में उपयोगी है। हालांकि तुलना जरूर की जाएगी। उदाहरण के लिए दो सरकारी संस्थान जिनके द्वारा शोध को फंडिंग मशहूर है वे हैं- अमेरिकी डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी अथवा डीएआरपीए और दूसरा जापान का पूर्व अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय (एमआईटीआई)।

**विमर्श**

एमआईटीआई ने लगभग पांच दशक तक वैसी भूमिका निभाई जो शोध एवं विकास के लिए सोची गई थी। उसने ऐसी परियोजनाओं को फंड किया जिन्होंने जापान के निजी क्षेत्र को मजबूत तकनीकी-औद्योगिक आधार बनाने में मदद की। परंतु जापान के पास पहले ही ऐसी शिक्षा व्यवस्था थी जहां शोध संस्थान फल-फूल रहे थे और विश्वविद्यालयों में विभिन्न विषयों में शोध हो रहा था। एमआईटीआई ने उस ज्ञान और उन कौशलों का इस्तेमाल औद्योगिक कामों में किया। डीएआरपीए ने अमेरिका के तमाम विश्वविद्यालयों और शोध प्रयोगशालाओं को फंड किया। यह मोटे तौर पर रक्षा क्षेत्र पर केंद्रित था लेकिन इसकी बदौलत ही इंटरनेट, रोबोटिक्स, चिकित्सा शोध एवं सौर ऊर्जा क्षेत्र के शोध संभव हुए। एमआईटीआई की दृष्टि जहां निवेश पर रिटर्न में थी वहीं डीएआरपीए ने बिना इसे वरीयता दिए शोध पर बल दिया। तुलनात्मक रूप से देखें तो भारत में शोध एवं विकास में निजी कॉरपोरेट फंडिंग और विश्वविद्यालयों में मौलिक शोध के लिए फंडिंग दोनों का अभाव है। भारत से प्रतिभा पलायन की एक वजह यह भी है कि तकनीकी क्षेत्र में हमारे देश में अवसरों की कमी है। इसकी कई वजह हैं। इनमें शोध अनुदान की कमी और फंड का देरी से जारी होना भी एक वजह है। शोध विकास एवं नवाचार योजना निजी क्षेत्र में शोध की कुछ चिंताओं को दूर करेगी लेकिन यह भी जरूरी है कि यह सही परियोजनाओं के लिए काम करे।

यह बात ध्यान देने लायक है कि बड़े नवाचार अक्सर छोटे स्टार्टअप्स से आते हैं बजाय कि बड़े निकायों के। वैसे आईडीआई योजना की कामयाबी इस बात पर निर्भर करेगी कि किस तरह के संस्थानों और परियोजनाओं को फंड किया जाता है। ऐसे में तकनीकी शोध कर रही छोटी और उत्साही कंपनियों पर ध्यान देना जरूरी है। बड़ी कंपनियों के पास अक्सर निवेश के लिए काफी धनराशि रहती है। भारत को ऐसे तरीके तलाशने होंगे ताकि फंड को किफायती ढंग से विश्वविद्यालयों तथा अन्य संस्थानों के मौलिक और दीर्घ कालिक शोध में लगाया जाये। अनुसंधान, विकास और नवाचार के लिए निजी क्षेत्र को आसान और वाजिब शर्तों के साथ वित्त पोषण एक बेहतरीन पहल है। लेकिन सरकार को यह भी समझना होगा कि यह काम सिर्फ सरकार का ही नहीं है। इससे निजी क्षेत्र को भी जोड़ना होगा। छोटी कंपनियों, उद्यमियों की आसानी से आधुनिक प्रौद्योगिक तक पहुंच हो यह सुनिश्चित करना सरकार का काम है। इसमें निजी क्षेत्र की उन कंपनियों को भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए जो कारपोरेट जाइंट का आकार ले चुकी है। सरकार इसमें कानूनी दायित्व भी सुनिश्चित कर सकती है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

जो जमा करने में जुटे हैं वो किसी की फीस क्या माफ या जमा करायेंगे। हमारा वादा है बच्ची की पढ़ाई नहीं रुकेगी, ये है भाजपा के झूठे नारे, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का सच। अखिलेश यादव.



समाजवाद देखना है तो भारतीय संस्कृति में देखिए, हजारों सालों से भारत के मंदिरों में भंडारा और सैकड़ों सालों से गुरुद्वारों में लंगर देखा जा सकता है। सुधांशु त्रिवेदी.



जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 125वीं जयंती के मौके पर आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी.



# ईश्वर से प्रेम करो

आत्मा परमात्मा का अंश है यह तो सर्वविदित है। जब इस सम्बन्ध में शंका या संशय, अविश्वास की स्थिति अधिक क्रियमान होती है तभी हमारी दूरी बढती जाती है और हम विभिन्न रूपों से अपने को सफल बनाने का निरर्थक प्रयास करते रहते हैं जिसका परिणाम नाकारात्मक ही होता है। ये तो असंभव सा जान पड़ता है-मिटटी के बर्तन मिटटी से अलग पहचान बनाने की कोशिश करें तो कोई क्या कहे? यह विषय विचारणीय है। अध्यात्म की अनुभूति सभी प्राणियों में सामान रूप से निरंतर होती रहती है। स्वयं की खोज तो सभी कर रहे हैं, परोक्ष व अपरोक्ष रूप से परमात्मा के असीम प्रेम की एक बूंद मानव में पायी जाती है जिसके कारण हम उनसे संयुक्त होते हैं किन्तु कुछ समय बाद इसका लोप हो जाता है और हम निराश हो जाते हैं, सांसारिक बन्धनों में आनंद ढूंढते ही रह जाते हैं परन्तु क्षणिक ही खुशी पाते हैं। जब हम क्षणिक संबंधों, क्षणिक वस्तुओं को अपना जान कर उससे आनंद मनाते हैं, जब की हर पल साथ रहने वाला शरीर भी हमें अपना ही गुलाम बना देता है हमारी इन्द्रियां अपने आप से अलग कर देती है यह इतनी सूक्ष्मता से करती है - हमें महसूस भी नहीं होता की हमने यह काम किया है? सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप किस लगन के साथ अपने लक्ष्य के लिये बढ़ रहे हैं जब हमें सत्य की समझ आती है तो जीवन का अंतिम पड़ाव आ जाता है व पश्चात्ताप के सिवाय कुछ हाथ नहीं लग पाता ऐसी स्थिति का हमें पहले ही ज्ञान हो जाए तो शायद हम अपने जीवन में पूर्ण आनंद की अनुभूति के अधिकारी बन सकते हैं हमारा इहलोक तथा परलोक भी सुधर सकता है। अब प्रश्न उठता है की यह ज्ञान क्या हम अभी प्राप्त कर सकते हैं? हाँ! हम अभी जान सकते हैं की अंत समय में किसकी स्मृति होगी, हमारा भाव क्या होगा? हम फिर अपने भाव में अपेक्षित सुधार कर सकेंगे। गीता के आठवें अध्याय श्लोक संख्या आठ में भी बताया गया है-

अंतर्दृष्टि

यंयंवापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्
तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भाव भावितः।

अर्थात-हे कुंतीपुत्र अर्जुन! यह मनुष्य अन्तकाल में जिस-जिस भी भाव को स्मरण करता हुआ शरीर का त्याग करता है, उस-उस को ही प्राप्त होता है, क्योंकि वह सदा उसी भाव से भावित रहता है। एक संत ने इसे बताते हुए कहा था की सभी अपनी अपनी आखें बंद कर यह स्मरण करें की सुबह अपनी आखें खोलने से पहले हमारी जो चेतना सर्वप्रथम जगती है उस क्षण हमें किसका स्मरण होता है? बस उसी का स्मरण अंत समय में भी होगा।

# जरूरत है तोता छाप प्रवक्ता की

व्यंग्यलोक

सेठ जी की इंटरनेशनल ह्यूमन रिसोर्स कंपनी ग्रुप को कई तरह की ह्यूमन चीजें चाहिए। जल्दी आइए और इनसे करोड़ों कमाइए। 1.मॉडल ब्रांड एंकरी- हमारे टीवी न्यूज चैनल 'कल सबको खा जाऊं' (केएसकेजे) को तुरंत एंकरनियों की सख्त आवश्यकता है। जो समाचार पढ़ने का नाटक करते समय मॉडलिंग का कार्य कर सके। जो सनसनी क्वीन के रूप में प्रसिद्ध हो। जो तेज आवाज में चीख-चीख कर ड्रामा कर सके। जो रोज नए-नए ढंग के फैशनेबल व कम कपड़े पहन सके। सिर्फ वही आवेदन करें जो उपरोक्त योग्यता रखती हों। डिग्री, मीडिया आदि में काम करने का अनुभव व समाचारों में गहरी समझ जैसे दुर्गुण हमारे चैनल के सेठजी को बिल्कुल पसंद नहीं है। ऐसी एंकरी हरगिज आवेदन न करें। न्यूज चैनल द्वारा उसे लाने, ले जाने की व्यवस्था होगी। उसके क्रीम, पाउडर, उबटन आदि का व्यय चैनल के सेठजी की कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। उपरोक्त गुणों वाली, किसी भी पार्टी के नेता को वशीभूत कर हैंड-बैग में धरने वाली कन्या अभी आएं, अभी चैनल हेड बन जाएं। नोट- मेल एंकर आवेदन पत्र के हाथ भी नहीं लगाएं। 2.तोता छाप प्रवक्ता- हमारे राष्ट्रीय दल-दल पार्टी (आरडीडीपी) को तोता छाप प्रवक्ता-बकता की सख्त आवश्यकता है। ऐसा जानवर जो कुतर्क करने में माहिर हो। जो आलाकमान के द्वारा उछाले गए शब्दों को कंठ में धारण कर तोते जैसा व्यवहार करने में पारंगत हो। जो विपक्षी नेता व विपक्षी पार्टी की हर बात का विरोध करता हो। जो नए रंग-ढंग की गालियां देने में माहिर हो। जो न्यूज चैनलों पर घंटों बैठकर चीखने-चिल्लाने में उस्ताद हो। जो विरोधियों की निंदा व अपनी स्तुति करने में शहंशाह हो। ऐसे जिद्दी तोता-तोती शीघ्र आवेदन करें। ऐसी योग्यता धारी तोतियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसी तोतियां पार्टी आलाकमान सेठजी से शीघ्र ही संपर्क कर प्रवक्ता का पद हासिल करें। प्रवक्ता को पार्टी कमीशन, कालाबाजारी, ठेके, रंगदारी, भाई-भतीजावाद, ट्रांसफर, चंदा भक्षण आदि में नियमानुसार लाभांश देने के लिए वचनबद्ध है। 3.बंदर ब्रांड लपके- हमारे अमरचंद सुखीदेवी प्रीतिकुमारी मेमोरियल हॉस्पिटल को लपकों की तुरंत आवश्यकता है। जो विभिन्न दवाइयों की कालाबाजारी करने में माहिर हो। जो नकली दवाइयों के गिरोहों से बेहतरीन संपर्क रखता हो। जो स्वस्थ व्यक्ति को मरीज बनाने में उस्ताद हो। जो मुर्दा लाश को हॉस्पिटल में जमा कराने की उच्च योग्यता रखता हो। जो डॉक्टरों एवं नर्सों की अनुपस्थिति में अपने गैंग के गुर्गों से इलाज करवा सकता हो। जो मरे मुर्दों से भी रुपया खींचने में माहिर हो। जो होटल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि जगहों से स्वस्थ व्यक्तियों को पकड़-पकड़ कर हॉस्पिटल में जमा कराने का गुण रखता हो।


राम विलास जॉगिड़

# कला से कल्पना छीनती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस


कला जगत

नरेंद्र शर्मा

क्या एआई कल्पनाओं को कला के आंकड़ों में तब्दील कर रही है? आज पूरी दुनिया में इस आशंका का सवाल गहराता जा रहा है कि एआई कला से उसकी स्वाभाविक कल्पना शीलता छीन रही है? दरअसल कला का मूल स्वभाव सृजन है। ऐसा सृजन जो व्यक्ति की भावनाओं, संवेदनाओं, अनुभवों और कल्पनाओं से उपजता है। चित्रकला, संगीत, कविता, साहित्य, मूर्तिकला या रंगमंच। ये सभी विद्याएं मानवीय कल्पना शक्ति का विस्तार हैं। विविध रूपीय विस्तार। लेकिन अब एआई द्वारा कुछ ही सेकंड में चित्र बनाये जा रहे हैं, कहानियां लिखी जा रही हैं, संगीत रचा जा रहा है, तो क्या ये सारी एआई से पैदा होने वाली कलाएं उस मानवीय कल्पनाशीलता की बराबरी करती हैं? यह सवाल इसलिए भी जरूरी है कि अगर वास्तव में ऐसा होता है तो लगता है कि आजतक के मानव विकास क्रम को मशीन यानी एआई ने एक झटके में अर्थहीन कर दिया है। अगर सदियों के मौलिक चिंतन के बाद इंसान की कल्पन शीलता को एआई महज कुछ सेकेंड में मात दे देता है, तो इंसान से ज्यादा मशीन ही कल्पनाशील हुई। लेकिन सही नहीं है। अब एआई टूल जैसे 'डॉल डॉट इ, मिड जर्नी' या स्टेबल ड्यूशूजन हजारों पुराने चित्रों के डेटा के आधार पर नई पेंटिंग क्षणभर में बना दे रहे हैं। आप अगर इन एआई टूल्स से कहते हैं कि एक महिला जो समुद्र की लहरों से बनी है और जिसकी आंखों में तारे झिलमिला रहे हैं, ऐसी पेंटिंग बनाओ तो ये टूल्स एक क्षण में यह पेंटिंग्स बना करके हाजिर कर देंगे। लेकिन क्या ये पेंटिंग्स उस कलाकार की पेंटिंग जैसी होगी, जो समुद्र किनारे अपना पेंटिंग स्टैंड लगाए घंटों लहरों से आंख मिचौली करते हुए अपनी कल्पना में रंग भरता है। जी नहीं, बिल्कुल नहीं होगी।

इस कलाकार की पेंटिंग्स में जो कलाकृति उभरकर आयेगी, वह भावनाओं से संवाद करेगी। एआई की कल्पना ऐसा नहीं कर सकती। कलाकार की बनायी गई पेंटिंग संभावनाओं का आंकड़ा नहीं होगी। क्योंकि वह पहले से दुनिया में मौजूद किसी पेंटिंग्स की प्रतिकृति नहीं गढ़ रहा होगा, उसके मन में एक नई ही छवि मूर्तवत हो रही होगी, जो पहले नहीं होगी। जिसकी आंखों में कलाकार की भावनाएं, संवेदनाएं सब कुछ बोल रही होंगी। मगर एआई को यह सब नहीं करना। उसे अपने डाटा स्टोर में मौजूद आंकड़ों के मेल से एक नई फोटो कॉपी भर गढ़नी है। फर्क सिर्फ इतना होगा कि एआई किसी एक कलाकृति की बजाय बहुत सी कलाकृतियों को आपस में मिक्स करके उनसे एक नई कलाकृति निर्मित करने का भ्रम भर रचेगा। इसलिए कहा जा सकता है कि एआई कला का पुनर्उत्पादन तो कर सकता है पर कला सृजन नहीं कर सकता। इसलिए एआई कलाकारों से उनकी कल्पनाशीलता नहीं छीन सकता। मगर हां, एआई की बहुतायत उपलब्धता से लोगों की रूचि स्वभाविक कल्पनाशीलता की जगह पुनर्उत्पादित कलाकृतियों पर अगर अटक जाए तो इसमें कला की क्या गलती है? अब जीपीटी मॉडल हिंदी और अंग्रेजी में आदेश पर कविताएं लिख रहे हैं। मसलन आप उनसे कहें एक प्रेम कविता लिखो, जिसमें बारिश भी हो, मन का उल्लास भी हो, तारे सितारे छूने की कल्पना शीलता भी हो, तो वह शब्दों के उस ढांचे में जिसे कविता कहना कहीं से उचित नहीं होगा, में डाल तो देगा, लेकिन वे शब्द कभी दिल को नहीं छुएंगे। यह एक किस्म की मशीनी शब्द उत्पाद होगी। ऐसी कविता न कवि को खुशी देगी और न ही कविता सुनने वालों को कहीं से प्रेरित कर सकेगी।

अगर यही प्रेम कविताएं होंगी, तो फिर कविता का कोई मतलब नहीं रह जायेगा। इसलिए एआई कुछ भले कर लें या चाहे करता दिखे, लेकिन वह न तो इंसानी भावनाओं की नकल कर सकता है और न ही इंसानी अनुभूति को शब्द या कैनवास में उतार सकता है। एआई के लिए बारिश एक गतिविधि भर है और किसी कवि या कलाकार के लिए बारिश एक समूचा जीवन है, जीवन धड़कन है और उसकी एक एक बूंद पर उसकी लाखों अनुभूतियों का बसेरा हो सकता है। कवि या कलाकार की रचना केवल शब्दों या रंगों का संगठनभर नहीं होगा, वो अनुभूति की एक जीवंत दुनिया होगी। इसलिए एआई कितनी भी तेज रफ्तारी से कला की प्रतिकृतियां रचने में चैंका रहा हो, पर कभी दिल और दिमाग को झनकृत नहीं कर पायेगी। यही बात संगीत रचना, थियेटर और अभिनय आदि पर भी लागू होती है। एआई का कोई टूल किसी रंगमंच के अभिनेता की जगह नहीं ले सकता।

## आप की बात

### आधुनिक शहरों की जरूरत

शहर अवसरों के हब होते हैं। इसलिए आधुनिक शहर देश की जरूरत हैं। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। इससे शहरों का स्वरूप बिगड़ता है। जीवन में स्वच्छता कितना जरूरी है यह बीते दो सालों के दौरान कोरोना महामारी साबित किया है। अगर साफ-सफाई ठीक से रखी जाये। समय-समय पर अच्छे से हाथ की धुलाई की जाये तो इससे महामारी से भी बचाव होता है। गंदगी के कारण एक नहीं बल्कि तमाम बीमारियां फैलती हैं इसलिए देश को संकल्प लेकर महामारी के साथ ही अब गंदगी और गंदी आदतों को भी विदा करना चाहिए। देश में बीते कई वर्षों से स्वच्छता अभियान चल रहा है, लेकिन आज भी प्रदेश के शहरों की हालत ठीक नहीं है।

**राजेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

### गरीबों को मिले लाभ

सरकारी योजनाओं का लाभ सबसे गरीब लोगों को अवश्य मिलना चाहिए। प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है। सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नहीं है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बहुत सी खामियां सामने आयेंगी। अस्पताल अनेक गड़बड़ियां करेंगे। फर्जी बिल बाउचर से भुगतान लेने की घटनाएं सामने आयेंगी, जैसा कि सरकारी कामों में होता है। बहुत से पात्र योजना में छूट जायेंगे और अपात्र लाभान्वित होंगे। इन तमाम तथ्यों के बावजूद भी सरकार कोई सत्यापन करने के बजाय यों ही योजना लागू कर देती है।

**प्रमोद कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## ताजियादारों ने कर्बला में किया ताजिया सुपुर्द ए खाक

सोहावल-अयोध्या। तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस एवं मौजूद राजस्व कर्मियों के बीच ताजिया के साथ जुलूस निकालकर कर्बला पहुंच ताजियादारों ने ताजिया दफन किया। बडागांव पुरानी मस्जिद के सामने से दीदार अब्बास की, अगुवाई में मौलाना अदील हसन की तकरीर शुरूआत हुई। अंजुमन जीनतुल वतन के सहबरी में मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की सहादत को याद करते हुए नौहा और जंजीर नौखानी करते हुए गमगीन महौल मे बडागांव हनुमान मंदिर के सामने पहुंचा। ग्राम प्रधान नदीम मलिक के साथ इमाम साहब के अकीदत दारों का बाजार में शत्रोहन यादव, रजनेश यादव, राकेश जायसवाल, शिव नारायण गुप्ता गमी के माहौल में शामिल हुए। क्षेत्र के रौनाही, शेखपुर जाफर,सुचित्तागंज, खिरौनी, कोला शरीफ सीबार के अकीदतमंदों ने भी जुलूस निकाल कर गमजदा माहौल में कर्बला पहुंचकर ताजिया सुपुर्द ए खाक किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एस डी एम सोहावल अभिषेक सिंह क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# स्टाफ नर्स का फंदे से लटकता मिला शव



जिला संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज के सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में स्टाफ नर्स सीमा श्रीवास्तव का शव उनके अस्पताल परिसर स्थित आवास में फंदे से लटकता मिला। सीमा श्रीवास्तव (36) सूरापुर कादीपुर सुल्तानपुर की रहने वाली थीं और कई वर्षों से यहां कार्यरत थीं।जब लंबे समय तक आवास का दरवाजा नहीं खुला, तो अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने आवाज लगाई। कोई जवाब न मिलने पर दरवाजा धक्का देकर खोला गया, जहां सीमा का शव फंदे से लटका मिला। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर थानाध्यक्ष कुमारगंज ओम प्रकाश और चैकी इंचार्ज अभय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

थानाध्यक्ष ओमप्रकाश के अनुसार, सीमा का पति भूपेंद्र श्रीवास्तव से विवाद चल रहा था। वह करीब एक वर्ष से अमित कुमार सिंह (कोरारी, अमेठी निवासी) के साथ रह रही थीं। घटना के बाद से अमित सिंह फरार हैं। चैकी इंचार्ज अभय सिंह ने बताया कि सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए हैं, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है । सीमा श्रीवास्तव की मौत की खबर सुनकर उनका परिवार तुरंत अयोध्या पहुंचा। मृतका की मां पुष्पा देवी रोते हुए कहती हैं, ह्लअगर उसे कोई परेशानी थी, तो उसे हमसे बताना चाहिए था। उसने कुछ नहीं बताया। आखिर क्या हो गया, कुछ समझ में नहीं आ रहा।पुष्पा देवी ने बताया कि 15 दिन पहले उनकी बेटी से फोन पर बात हुई थी, लेकिन उसने कोई परेशानी का जिक्र नहीं किया। मृतका के भाई प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि सीमा पिछले एक साल से अपने घर नहीं आई थी। उन्होंने कहा, सीमा हमारी दूसरी बहन थी। हमारे परिवार में दो भाई और दो बहनें हैं। उसका मायका अमेठी जिले के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के गयासपुर में है। हम नहीं समझ पा रहे कि ऐसा क्या हुआ कि उसने यह कदम उठाया, मृतका की सास सुशीला देवी ने आरोप लगाया कि एक वर्ष पूर्व हमारे बेटे भूपेंद्र श्रीवास्तव से लड़ झगड़ रही थी और कह रही थी कि तुम लखेरा हो फिर वह घर चले आये फिर दूसरे दिन जब अस्पताल परिसर के आवास में भूपेंद्र पहुंचे किसी दूसरे पुरुष का कपड़ा देखकर पूछताछ करने लगे तो हमारे बेटे को धमकी दी गयी तो मेरा बेटा भूपेंद्र बेटी शाभवी को लेकर घर चला आया मृतका की सास ने आरोप लगाया की अमित ने ही सीमा से तलाक का मुकदमा कराया था।

# शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



अयोध्या। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री डॉ चक्रवर्ती सिंह के नेतृत्व में वीरेन्द्र भारती ,ज्ञानस्वरूप सिंह, धर्मवीर सिंह चैहान,संयुक्त मंत्री पंकज द्विवेदी,ब्लॉक अध्यक्ष बीकापुर अनिल सिंह, मंत्री सोहावल समीर सिंह, मंत्री बीकापुर रविन्द्र गौतम, मंत्री संजय सिंह ,कोषाध्यक्ष विद्या यादव, अमरचंद,तहसील प्रभारी पप्पु कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षकों ने विधायक बीकापुर डॉ अमित सिंह चैहान को विद्यालय मर्जर किए जाने एवं प्राथमिक विद्यालय में 150 की संख्या पर एवं जूनियर में 100 की संख्या पर प्रधानाध्यापक के पद सरप्लस किये जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ जिलामंत्री चक्रवर्ती सिंह ने विधायक डॉ अमित सिंह चैहान से सुदूर क्षेत्रों में स्थित परिषदीय विद्यालयों को बंद होने से जहां नवनिहालों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा वहीं समाज में भी गलत अवधारणा बन रही है जिससे सरकार को अवगत कराया जाना आवश्यक है माननीय विधायक द्वारा ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक प्रेषित किए जाने का आश्वासन दिया साथ ही इस प्रकरण पर माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर वार्ता करने का भी आश्वासन दिया,बंद होने वाले विद्यालय की दूरी आदि के सम्बंध में भी चर्चा की गयी। उल्लेखनीय है कि मर्ज किये गए विद्यालय में शिक्षण कार्य ठप है व विद्यालय में तालाबंदी है जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है इसी को देखते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा के निर्देशन में जनपद के सभी विधायकों /सांसदों को ज्ञापन सौंप जाने का निर्णय लिया गया है ।

## भाकपा नेता रणधीर सिंह सुमन का कुशल क्षेम लेने पहुंचे पूर्व सांसद डॉ.पीएल पुनिया



बाराबंकी। बीते कई दिनों से हृदयरोग की गम्भीर बीमारी से पीड़ित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन के अस्वस्थ होने की सूचना पर पूर्व सांसद पीएल पुनिया अपने कांग्रेसियो के साथ लखपेड़ाबाग स्थित उनके आवास पर पहुंच कर कुशल क्षेम जाना। गौरतलब है कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य श्री सुमन बीते कई दिनों से हृदय रोग के गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। जिनका इलाज दिल्ली के एक निजी अस्पताल में हुआ। डॉक्टरों की राय के अनुसार अभी उनको बेड रेस्ट की सलाह दी गई हैं। जिसकी जानकारी होने पर पूर्व सांसद श्री पुनिया, काग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, पूर्व डीडीसी शिव बहादुर सिंह आदि ने कुशल क्षेम जान जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## दोगुना मुनाफा के लालच मे फंसे पीड़ित को साइबर सेल ने रकम करवाई वापस



बाराबंकी। दोगुना मुनाफा के लालच देकर साइबर ठगो द्वारा पीड़ित को शिकार बनाकर ठगी किये जाने पर जनपद की साइबर सेल टीम ने रकम वापस करवाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना नगर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत आवास विकास कालोनी निवासी पीड़ित अजय कुमार यादव पुत्र अशरफी लाल यादव ने टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर ट्रेडिंग मार्केटिंग में दोगुना मुनाफा देने के नाम पर साइबर फ्राड किए जाने की शिकायत की। शिकायत के बाद क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव के नेतृत्व मे गठित साइबर सेल टीम निरीक्षक संजीव कुमार यादव, उ0नि0 इफलाक अहमद, मुख्य आरक्षी नीरज यादव, जितेंद्र, आरक्षी सुधाकर सिंह भदौरिया, आरक्षी राजन यादव, आरक्षी अभिषेक चपराणा, अंकुश, आरक्षी पंकज सिंह, अनुराग सिंह, अंकित कुमार, आरक्षी मधु भारती, म0आ0 मोहिनी तिवारी की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुये सम्पूर्ण धनराशि पीड़ित 1 लाख रुपये खाते मे वापस करवाये।

# भारत के युवाओं को कंगाल व नशेड़ी बना रहे नेपाल के कैसीनो

बहराइच। रुपैडिहा बहराइच भारत नेपाल स्थित रुपईडीहा बॉर्डर से चंद किलोमीटर की दूरी पर नेपाल देश में कई कसीनो बनाए गए हैं जो कि भारतीय युवाओं को लूटने का और उन्हें नशेड़ी बनाने का काम करते हैं भारत का युवा लालच वश वहां जाता है और अपना सब कुछ गवा के वापस आता है कई लोग कंगाल भी हो गए हैं जमीन एवं घर बिक गए हैं आश्चर्य की बात यह है कि नेपाल के नागरिकों को वहां प्रवेश नहीं दिया जाता है केवल भारत के लोग वहां जाते हैं और उनके लिए अय्याशी साधन भी मुहैया कराये जाते हैं, लड़कियां कैसिनो में शराब परोसती हैं और भारतीय युवाओं को ब्लैकमेल किया जाता है कई लोगों ने कई लाख रुपए हारकर आत्महत्या करने की कोशिश भी की है। इसके विरुद्ध प्रशाशन और सामाजिक संगठन और धार्मिक लोगों को आगे आना होगा और अपनी जिम्मेदारियों को निभाना होगा तभी हम अपने लोगों को इस बुरी लत से बचा सकते हैं। इस पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं आय दिन रुपैडिहा रोड पर जवान लड़कों की मौत हो रही है इस कारण नशा जब कैसिनो से वापस होते है तो फूल नशे में होते है इस पर रोक लगाना अति आवश्यक है *बड़ा सवाल सिर्फ इंडिया जनपद बहराइच और उत्तर प्रदेश के कई जिलों से लोग आते हैं और वहां जा कर बर्बाद हो जाते हैं। नेपाल के लोगों की बिल्कुल भी इंट्री नहीं होती है ।

# घर-घर कूड़ा लेने की योजना में लगे कर्मचारियों का हो रहा शोषण



अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा अयोध्या नगर पालिका परिषद को नगर निगम घोषित करने के साथ साथ इसका दायरा बढ़ गया। फैजाबाद व अयोध्या नगर पालिकाओं को मिला दिया गया और इसका मुख्यालय फैजाबाद नगर पालिका कार्यालय को बना दिया गया। अधिशासी अधिकारी की जगह प्रशासनिक सेवा के आई ए एस स्तर के अधिकारी को नगर आयुक्त व कई पी सी एस अधिकारी अपर नगर आयुक्त व सहायक नगर आयुक्त बना दिये गये। नगर निगम अयोध्या में सफाई, प्रकाश,टैक्स, जल, निर्माण विभाग में अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता,अवर अभियंता सहित भारी संख्या में अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई। जोनल कार्यालय व जोनल अधिकारी बना दिये गये।कुछ दिन बाद नगर निगम अयोध्या का कार्य क्षेत्र बढ़ा दिया गया जिसके कारण सैकड़ों गांव नगर निगम अयोध्या के क्षेत्र में आ गए। नई- नई योजनाएं अधिकारियों द्वारा बनाई गई उन्हें शासन ने स्वीकृत किया और तमाम संसाधन बढ़ाये गये। तमाम गाड़ियां खरीदी गईं। बड़ी बड़ी मशीनें व गाड़ियों की खरीद फरोख्त की गई है। जो सफाई ,मार्ग प्रकाश, सड़क निर्माण कार्य नगर पालिका परिषद के कर्मचारी करते थे वे कार्य अब बड़ी-बड़ी प्रभावशाली कम्पनियों व ठेकेदारों से कराया जाने लगा परिणामतः विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की जिम्मेदारी कम हो गई और नगर निगम अयोध्या क्षेत्र में सीवर लाइन सफाई, सड़कों की सफाई व घर-घर कूड़ा लेने, मार्ग प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का कार्य दूसरे राज्यों की चहेती कम्पनियों को ठेके पर दे दिया गया जिसके कारण इन कार्यों में लगे कर्मचारियों का जमकर शोषण, उत्पीड़न कम्पनी के जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है उन्हें न तो निर्धारित वेतन (मानदेय) मिलता है और न ही अवकाश।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

अयोध्या । न्यू वेव अकादमी, रामपथ, अमानीगंज के परिसर में रोटरी क्लब फैजाबाद के सौजन्य से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया । इस मानवीय सेवा अभियान में लगभग 40 यूनिट रक्त रक्तदाताओं द्वारा दान कर एकत्र किया गया । इस पुनीत कार्य में रोटरी क्लब फैजाबाद के अध्यक्ष अमित रस्तोगी एवं सचिव नीरज श्रीवास्तव के नेतृत्व में क्लब के सभी सदस्यों , न्यू वेव अकादमी के अभिभावकों, सभी शिक्षकों, ऑफिस स्टाफ व सहायक कर्मचारियों व रस्तोगी समाज के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई अध्यक्ष अमित रस्तोगी ने रोटरी क्लब के सभी पदाधिकारियों, इनरव्हील क्लब के सदस्यों एवं रक्तदाताओं का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस सेवा कार्य को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया ।

## पूर्व सांसद ने बाबू जगजीवन राम की 40वी पुण्यतिथि पर अर्पित किये श्रद्धासुमन



बाराबंकी। बाबू जगजीवन राम जिन्हे आदर से बाबू जी के नाम से जाना जाता है। भारतीय राजनीति के एक महान योद्धा थे। व स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी थे उन्होने भारत के पहले दलित उप प्रधानमंत्री के रूप में काम किया। उक्त उद्गार ओबरी आवास पर बाबू जगजीवन राम की 40वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व चेयरमैन, पूर्व सांसद पी0एल0 पुनिया उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये व्यक्त किये। पूर्व सांसद डा0पुनिया ने कहा कि हमेशा सामाजिक भेदभाव के खिलाॅफ संघर्ष किया। उनका जीवन एक सरल जीवन था। दलित वर्गों के उत्थान के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। वो यह देख रहे थे कि समाज में दलितों के साथ घोर अत्याचार किया जाता है। बाबू जी ने विभिन्न महत्वपूर्णं मंत्रालयों में कार्य किया। जो कि एक ऐतिहासिक रिकार्ड है वह 32 वर्षों तक कैबिनेट मंत्री रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरजू शर्मा, प्रशान्त सिंह, विजय पाल गौतम, आरडी राव, राम हरख रावत, गोपी कनौजिया, बबलू गौतम, मोनू सिंह, कमल भल्ला मौजूद रहे।

# सेशन्स हाउस व जजेज कॉलोनी में हुआ पौधरोपण



बहराइच। सेशन्स हाऊस, बहराइच एवं जजेज कालोनी, बहराइच में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच सतेन्द्र कुमार ने धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा वाजपेयी तथा न्यायिक अधिकारियों व वन विभाग के अधिकारियों के साथ पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश श्री कुमार ने कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते हैं। यह हवा को शुद्ध करते हैं, पानी को संरक्षित करते हैं और पेड़ पक्षियों के साथ-साथ वन्यजीवो के लिए भी आवास के रूप में सहायता करते हैं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर पारिस्थितिक संतुलन बनाये रखने के लिए पेड़ पौधे अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं और हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संजीव कुमार त्यागी, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय संजय कुमार, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) राकेश कुमार सिंह, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री कविता निगम, चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील प्रसाद, षष्ठम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरबिन्द कुमार गौतम, विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) दीपकान्त मणि, पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच विराट शिरोमणि, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी प्रथम आनन्द शुक्ला, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी द्वितीय अनिल कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रतिभा चौधरी, सिविल जज (प्र.ख.) श्रीमती नीलम सरोज, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वीरेन्द्र कुमार, अपर सिविल जज (प्र.ख.) सुश्री प्रिया कुमारी, सिविल जज (अ.ख.) श्रीमती अमीय भाषिनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती बुशरा नूर, सिविल जज (अ.ख.). कैसरगंज श्रीमती पियूषिका तिवारी, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय महसी पंकज कुमार, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती संगीता गौड़, न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, नानपारा अरूण यादव, अपर सिविल जज (अ.ख.), कोर्ट नं. 2 पुष्पेन्द्र सिंह, अपर सिविल जज (अ.ख.), कोर्ट नं. 3, सुश्री शिवाली मिश्रा, अपर सिविल जज (अ.ख.), कोर्ट न. 4 सुश्री शीतल सिंह, अपर सिविल जज (अ.ख.), कोर्ट नं. 5 सुश्री अर्जिता वर्मा, सिविल जज (अ.ख.)/एफटीसी सुश्री रूपाली तिवारी द्वारा भी पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के अन्त में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच ने वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वन विभाग के अधिकारीगण व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भारत नेपाल की सीमा पर दिखी अनूठी पहल पौधरोपण बना मातृत्व और पर्यावरण का प्रतीक



रूपईडीहा (बहराइच)। वन महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को एक अनोखा दृश्य भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बक्शी गांव के चकिया इलाके में सामने आया। एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम सिर्फ एक पर्यावरणीय गतिविधि न रहकर एक सांस्कृतिक और भावनात्मक आंदोलन में तब्दील हो गया। इस अभियान की खास बात रही भारत और नेपाल की सीमावर्ती जनता की संयुक्त भागीदारी। गांव की महिलाओं, बच्चों, किसान प्रतिनिधियों और नेपाली नागरिकों ने इस आयोजन को खास बना दिया। मातृत्व की भावना और प्रकृति संरक्षण के संदेश के साथ लोगों ने पौधों को अपनी माँ के नाम समर्पित किया। कार्यक्रम में नीम, शीशम, जामुन, अर्जुन, साल, सागौन और कटहल जैसे देसी पेड़ लगाए गए। हर एक पौधा न केवल पर्यावरण के लिए वरदान बना, बल्कि एक माँ के प्रति श्रद्धा और स्नेह का प्रतीक भी बना। यह आयोजन सीमाएं तोड़ते हुए एक साझा सांस्कृतिक बंधन की मिसाल बन गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान संगीता देवी, समाजसेवी मुकुट बिहारी मिश्रा, उन्नतशील किसान बसंतलाल, पंचायत सदस्य भागवंती, ममता शर्मा और जानकी देवी समेत नेपाल की महिलाओं और बच्चों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्रीय वन अधिकारी अतुल श्रीवास्तव और उप क्षेत्रीय वन अधिकारी विनय कुमार ने किया। मौके पर वन दरोगा मोहम्मद अरशद, अनंतराम, हरिओम गौतम, विमल कुमार और वन रक्षक ब्रह्मदेव, रविकांत सहित वन विभाग की पूरी टीम मौजूद रही।

# एक विधान के प्रणेता को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



अयोध्या। जनसंघ के संस्थापक और राष्ट्रनायक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की। रोडवेज स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नेताओं ने उनके राष्ट्रहित में दिए योगदान को याद किया। इस अवसर पर महानगर के करियप्पा, देवकाली, अयोध्या और पूरा मंडलों में संगोष्ठियों का आयोजन कर डॉ. मुखर्जी के विचारों और बलिदान पर चर्चा की गई। करियप्पा मंडल की संगोष्ठी पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में हुई, जहां पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा, डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी सोच आज भी भाजपा की प्रेरणा है। देवकाली मंडल की संगोष्ठी में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा, डॉ. मुखर्जी का ह्यएक देश, एक विधानह्न का संकल्प आज जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के साथ साकार हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के मजबूत नेतृत्व का परिणाम है। अयोध्या मंडल की संगोष्ठी दर्शन नगर के एक गेस्ट हाउस में हुई। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनमानस में राष्ट्रवाद की अलख जगाई। उनका विचार आज भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रहा है। पूरा मंडल में ब्लॉक कार्यालय पूरा बाजार में संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा, डॉ. मुखर्जी केवल एक नेता नहीं, बल्कि विचारधारा के प्रतीक थे। उनका जीवन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक है। रोडवेज पर माल्यार्पण करने वालों में सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य वासुदेव मौर्या, शक्ति सिंह, शैलेन्द्र कोरी, अरविंद सिंह, रवि सोनकर, हेमंत जायसवाल, बालकृष्ण वैश्य, आलोक द्विवेदी, शशि प्रताप सिंह, स्वपनिल श्रीवास्तव , अभय सिंह, परमानंद मिश्र, प्रतीक श्रीवास्तव, डा राकेश मणि त्रिपाठी, सुनील तिवारी शास्त्री, इन्द्र भान सिंह, राजेश सिंह, बब्लू मिश्र सहित बड़ी संख्या में पाटी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जितने हाथों में मिष्ठान-जल उतने लोगों में संस्कृति का विकासः अमित अवस्थी



बाराबंकी। धर्मसेवक जितने लोगों के हाथ में मिष्ठान-जल का वितरण कर रहे हैं। उतने लोगों के बीच भारतीय संस्कृति का विकास हो रहा है। इसीलिए बिंदौरा रेलवे स्टेशन पर किसी भी रेल का ठहराव न होने के बावजूद धर्मसेवक मिष्ठान वितरण की परंपरा का निर्वहन हेतु रेलवे क्रासिंग पर कर रहे है। उक्त विचार धर्मजागरण बाराबंकी धाम उ0प्र0 संयोजक अमित अवस्थी के नेतृत्व मे बिंदौरा रेलवे स्टेशन पर मिष्ठान-जल वितरण कर रहे धर्मसेवको के बीच भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ राजकुमार मिश्र ने व्यक्त किये। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद यादव, शैलेंद्र अवस्थी, साहब शरण सिंह आदि मौजूद रहे।

# 200 बच्चों का भविष्य अधर में, ग्रामीणों में आक्रोश



अयोध्या। कम्पोजिट विद्यालय गंजा के लगभग 200 बच्चों का भविष्य जिला प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण अंधकार में है। गांव वाले कई वर्षों से मांग कर रहे हैं कि गांव में ही दूसरे स्कूल का निर्माण कराया जाए तभी इस स्कूल को एयरपोर्ट अथॉरिटी तोड़ परन्तु जिला प्रशासन ने स्कूल में ताला बंद करवा दिया। वहीं स्कूल की प्रधानाचार्य जब सामान निकलवाने के लिए आई तो गांव वालों ने विरोध किया।

गाँव वालों का कहना है कि नगर का गंजा क्षेत्र, जो कि अब चैधरी चरण सिंह वार्ड के नाम से जाना जाता है, में गाँव वालों की मांग व उनके काफी संघर्ष के बाद, कंपोजिट विद्यालय का निर्माण अभी कुछ ही दिन पूर्व शासन द्वारा कराया गया था, जो कि सारी आधुनिक सुविधाओं से लैस है और जिसमें गाँव के करीब 200 बच्चे शिक्षा ले रहे हैं।

लेकिन गाँव वालों का आरोप है कि प्रशासन अब शासन की मंशा के विपरीत जाकर, सभी सुविधाओं से लैस विद्यालय को डाभासेमर कंपोजिट विद्यालय में विलय कर रहा है, जो कि उस क्षेत्र से 5 किमी दूर स्थित है। जिससे चैधरी चरण सिंह वार्ड के बच्चों को अब 5 किमी दूर जाकर शिक्षा ग्रहण करनी पड़ेगी।

शिक्षा विभाग के अधिकारी विद्यालय के शिफ्ट करने का कारण एयरपोर्ट अथॉरिटी क्षेत्र में विद्यालय का स्थित होना प्रमुख कारण बता रहे हैं, जबकि गाँव वालों द्वारा बताया गया कि विद्यालय निर्माण के समय ही विभाग को इस बारे में संपूर्ण जानकारी पहले ही दी जा चुकी थी। गाँव वाले बताते हैं कि यह विद्यालय वाईफाई जैसी विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है, साथ ही विद्यालय में 200 बच्चे मौजूद हैं। यदि विद्यालय को मर्ज किया जाता है, तो डाभासेमर कंपोजिट विद्यालय, जिसमें पूर्व में अपने बच्चों को बैठाने की व्यवस्था नहीं है, इस विद्यालय के बच्चों को कैसे बैठाएगा? फिलहाल, गाँव वालों द्वारा कंपोजिट विद्यालय चैधरी चरण सिंह वार्ड के उसी गाँव में रखने संबंधी प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को दिया गया है, जिसके बाद जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच करने का निर्देश दिया है।

## पूर्व सैनिक पर धारदार हथियार से हमला बेटा घायल, आरोपी फरार

मिल्कीपुर-अयोध्या। थाना इनायतनगर क्षेत्र के खड़भड़िया गांव अंतर्गत चैकी हैरिंग्टनगंज में बीती रात एक पूर्व सैनिक और उसके परिवार पर जानलेवा हमला किया गया। हमले में पूर्व सैनिक अयोध्या प्रसाद मिश्रा (उम्र लगभग 50 वर्ष) और उनके साथ रहने वाले 13 वर्षीय बालक आदर्श गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गंभीर अवस्था में लखनऊ रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, अयोध्या प्रसाद मिश्रा भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने पैतृक गांव में कृषि कार्य कर रहे हैं। बीती रात उनके पड़ोसी फतेह बहादुर मिश्र के छोटे पुत्र अनूप मिश्रा ने अचानक धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में अयोध्या प्रसाद के सिर पर गहरी चोट आई है, जिसके चलते उन्हें लगभग 45 टांके लगे हैं। वहीं पास खड़े 13 वर्षीय बालक आदर्श पर भी हमला किया गया, जिसके सिर में 15 टांके आए हैं। घटना के बाद से आरोपी अनूप मिश्रा फरार है। पुलिस ने बताया कि वह हमले के वक्त शराब के नशे में था। चैकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार पाल ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व आरोपी के बड़े भाई अरुण मिश्रा ने भी अयोध्या प्रसाद पर हमला किया था, जिसमें वह बाल-बाल बचे थे। फिलहाल अयोध्या प्रसाद का इलाज लखनऊ मेडिकल कॉलेज में और घायल बालक आदर्श का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

संक्षेप

## मजदूरी का पैसा नहीं दे रहा ठेकेदार

**रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के गेंगासो गांव निवासी आकाष पुत्र नानबच्चा ने पुलिस को दिये गये षिकायती पत्र में बताया कि डिहवा अम्बरवीर मजरे दतौली गांव का युवक पानी टंकी बनाने का ठेकेदार है। जिसके साथ वह काफी समय से मजदूरी का कार्य करता था। काफी समय के बाद भी वह उसके पैसे वापस नही दे रहा है। आकाष का आरोप है कि आरोपी ने उसका फोन उठाना भी बंद कर दिया है। घर जाने पर जानमाल की धमकी दे रहा है। पीडित ने पुलिस से उसका मजदूरी का 20 हजार बकाया दिलाये जाने की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच कर आवष्यक कार्रवाई का भरोसा पीड़ित को दिया है।

## मनीष बने कांग्रेस के जिला महासचिव



**सुल्तानपुर।** धनपतगंज विकास खण्ड के बहादुरपुर खुनका के निवासी मनीष तिवारी को जनपदीय कांग्रेस पार्टी में नवीन दायित्व सौंपा गया है, उन्हें जिला महासचिव बनाया गया है। कांग्रेस कमेटी ने मनीष तिवारी को उनकी पार्टी के प्रति कर्तव्यनिष्ठा, समाज में पार्टी के लिए लोगों से समन्वय स्थापित करने और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए महा सचिव की जिम्मेदारी दी है ।मनीष तिवारी ने बताया कि हमारी पूरी निष्ठा कांग्रेस पार्टी के साथ है। हमारी पूरी कोशिश रहेगी कि पार्टी के द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर खरा उतरेंगे और पार्टी को समाज, ब्लॉक व जनपद स्तर पर मजबूती दिलाएंगे। कांग्रेस नेतृत्व का जो निर्देश प्राप्त होगा उसपर अक्षरशः खरे मिलेंगे। कांग्रेस कमेटी सुलतानपुर में मनीष तिवारी को जिला महासचिव बनाने पर जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष नंदलाल, योगेश सिंह, हौसिला प्रसाद भीम, जिला शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोबीन अहमद, धर्मेंद्र शास्त्री, नीरज तिवारी, संतोष पाण्डेय, पंकज तिवारी आदि तमाम क्षेत्रवासियों ने बधाई दी।

## मनायी गयी रामविलास पासवान की जयंती

**सुलतानपुर।** जननायक एवं दलितों के मसीहा कहे जाने वाले स्वर्गीय श्री रामविलास पासवान जी की जयंती आज जनपद सुलतानपुर में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जनजाति समाज के सभी वर्गों की भागीदारी रही, जिन्होंने मिलकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने स्व. पासवान जी के विचारों को आत्मसात करते हुए उनके द्वारा दिखाए गए सामाजिक न्याय और समानता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम का सफल संचालन एवं नेतृत्व ज़िला अध्यक्ष श्री जितेंद्र कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ₹स्वर्गीय रामविलास पासवान जी हमेशा गरीबों, वंचितों और पिछड़ों की आवाज बने रहे। हमें उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुटता और सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए सम्मेलन को सफल बनाया।

# क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता : अदिति सिंह

## सदर विधायक ने लालूपुर चौहान में जनता की समस्याओं का किया समाधान



**रायबरेली।** सदर विधान सभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने आज लालूपुर चैहान में अपने निजी आवास पर एक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह जनसुनवाई क्षेत्रीय विकास और जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित हुए, जिन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को विधायक के समक्ष रखा। इनमें सड़क, बिजली, पानी, स्वच्छता, और अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। अदिति सिंह ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। क्षेत्रीय विकास और जनकल्याण पर जोर अदिति सिंह ने इस अवसर पर कहा, जनसेवा ही हमारा संकल्प है। रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र के हर नागरिक की समस्या का समाधान करना और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करें और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। लालूपुर चैहान में जनसंपर्क और संवाद इस जनसुनवाई के दौरान अदिति सिंह ने न केवल शिकायतों का निस्तारण किया, बल्कि क्षेत्रवासियों के साथ गहरा संवाद भी स्थापित किया। उन्होंने लोगों की अपेक्षाओं और विकास से संबंधित जरूरतों को समझा और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। यह जनसंपर्क उनके द्वारा हाल ही में किए गए अन्य गाँवों जैसे भदोखर, पूरे पासिन एक्सना, खानपुर, कोरचंदामऊ और भखरवारा में सघन जनसंपर्क का हिस्सा है, जैसा कि उन्होंने अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में उल्लेख किया था। जनसुनवाई में अदिति सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे जनता की शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका निस्तारण तय समयसीमा के भीतर करें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक बिना किसी देरी के पहुंचे। इसके अलावा, उन्होंने क्षेत्र में चल रही अमृत भारत स्टेशन विकास योजना जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा की और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की बात कही, उनका कहना है कि उनकी समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए त्वरित कदम उठाने की उनकी कार्यशैली ने उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय बनाया है। यह जनसुनवाई न केवल उनकी जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि वे अपने क्षेत्र के विकास और जनता के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, एक गंभीर

**बछरावां ,रायबरेली।** बाइक सवार दो युवकों को एक तेज रफ़्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। अनियंत्रित कार टक्कर मारने के बाद रोड किनारे खड़े चाय के ठेले से टकराकर रुक गयीं ।

घटना रविवार सुबह 10 बजे के आसपास की है थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम राजामऊ के रहने वाले दो सगे भाई सैफ खान व हसन खान पुत्र शब्बीर जो कि कबाड़ खरीदने व बेचने का काम करते है बाइक द्वारा ग्राम रामपुर आये थे, रामपुर के नजदीक ही चुरूवा पश्चिम गाँव बायपास पर एक अनियंत्रित कार ने उनको जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर एकत्रित भीड़ द्वारा दोनों घायलों को बछरावां सीएचसी पहुँचाया जहाँ डॉक्टरों ने हसन को मृत पाया वही सैफ खान का इलाज किया जा रहा है। इस घटना के बाबत थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है मौके पर कार खड़ी मिली है कार चालकों का पता लगाया जा रहा है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा चुका है।

## मुहर्रम के जुलूस में गूंजीं या हुसैन की सदाएं



**नसीराबाद, रायबरेली।** नगर पंचायत नसीराबाद में दसवीं मोहर्रम पर शिया धर्म के लोगों ने सीनाजनी और जंजीर का मातम करते हुए ताजिया कर्बला में दफन किया। कस्बे में लोगों ने कर्बला के 72 शहीदों की याद में दसवीं मोहर्रम का पहला जुलूस सुबह नौ बजे इमामबाड़ा चैपार व दूसरा जुलूस रौजा इमामबाड़ा से तथा तीसरा जुलूस दोपहर एक बजे चैपार इमामबाड़े से बड़े ही गमगीन माहौल में अलम और जुल्जना के साथ अपने कदीमी रास्तो से होते हुए अली शहीद कर्बला पहुंचा। कस्बे के हाशिम कुंआ के पास तीनों जूलूसों के अजादारों ने इमाम हुसैन और उनके साथियों को याद करके नौहाख्वानी और सीना जनी की। जुलूस में मौलाना जीशान मेहदी रिजवी व मौलाना रहबर अशकरी ने अमान हुसैन के नौहे अब्बास उठाओ अली अकबर का जनाजा ,उठता नहीं मुझसे मेरे दिलबर का जनाजा ,अब्बास कमर टूट गई गम में तुम्हारे। सैय को ना पानी दिया जुल्म हुआ या नहीं। कांटों पे चलना पडा जुल्म हुआ या नही। को सुन कर लोगो की आंखों से आंसू निकल आये जिससे माहौल गमगीन हो गया। नौहे के बाद अजादारों ने या अली मौला,हैदर मौला की सदाये बुलंद की। कर्बला के शहीदों की याद में बड़ो के साथ साथ बच्चों ने भी छूरी जंजीर का मातम किया। जंजीरजनी के बाद जुलूस अपने निर्धारित रास्ते से होते हुए वार्ड नंबर छह मुहल्ला नाका में स्थित कर्बला अली शहीद में अजादारों ने ताजिया दफन किया। जुलूस में सभी धर्मों को लोगों ने शामिल होकर इमाम हुसैन को नजराना ए अकीदत पेश की । नगर पंचायत की ओर से ताजिया के सभी रास्तों में विशेष सफाई व चूने का छिड़काव कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था थाना प्रभारी कमलेश कुमार राजभर उपनिरीक्षक गौरव ने पुलिस बल के साथ संभाला। इस मौके पर कानून गो अमर बहादुर सिह, लेखपाल संदीप तिवारी, चेयरमैन मोहम्मद अली, मोहम्मद जावेद , जीशान नकवी, फरहत हुसैन, रिजवान नकवी, फरमान अब्बास, अख्तर हुसैन, हाशिम, कमर अब्बास, शनी नकवी, मोहतरम नकवी नूरी ,जफर अब्बास, सैय्यद हुसैन, पवन कुमार श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद थे।

## गमगीन माहौल में निकला आशूरा का जुलूस

**मुसाफिरखाना ,अमेठी।** तपती दोपहर, उमस भरी गर्मी और अजादारों के लबों पर ₹या हुसैन... या हुसैन₹ की गूंज। मुसाफिरखाना के भनौली गांव में 10 मोहर्रम को कर्बला के शहीदों की याद में अकीदत और गम का सैलाब उमड़ पड़ा। इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में एक जुलूस निकाला गया। यह जुलूस बड़े इमामबाड़े से निकलकर जामा मस्जिद इमामबाग पहुंचा, जहां नमाज अदा की गई। नमाज के बाद जुलूस वापस बड़े इमामबाड़े पहुंचा, जहां अंजुमन सिपाहे हुसैनी के नौजवानों ने परंपरागत जंजीर जनी करते हुए बीबी फातेमा जहरा को उनके लाल का पुरसा पेश किया। इसके बाद मौलाना अली मोहम्मद ने एक तकरीर की। जिसमें उन्होंने कर्बला की वीरानियों का दर्द बयान किया। इसके बाद जुलूस छोटे इमामबाड़े पहुंचा, जहां मौलाना मूसवी रजा झारखंडी ने एक और तकरीर की। जुलूस मेंहदीखाना होते हुए दरगाह आलिया हजरत अब्बास पहुंचा, जहां मौलाना जवाद असगर जैदी ने तकरीर करते हुए कर्बला के दर्दनाक वाकयों का ज़िक्र किया। इसके बाद जुलूस बीएसएनएल एक्सचेंज पहुंचा, जहां मौलाना डॉ. अबूजर अली ने तकरीर किया और लोगों को इमाम हुसैन का पैगाम दिया। अजादारी का यह कारवां अपने तयशुदा रास्ते से होता हुआ कर्बला पहुंचा, जहां नम आंखों से ताज़िया को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

## अनवर अहमद अंसारी बने कांग्रेस के जिला महासचिव, खुशी



**सुल्तानपुर।** ग्राम भट्ठी जरौली, पोस्ट कटवा निवासी अनवर अहमद अंसारी को कांग्रेस पार्टी का जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। सामाजिक सेवा और पार्टी के प्रति निष्ठा के लिए पहचाने जाने वाले अनवर अहमद अंसारी लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने सदैव गरीबों, किसानों और युवाओं की आवाज को बुलंद किया है। उनकी सक्रियता और मजबूत संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति से कांग्रेस को जिले में नई ऊर्जा और मजबूती मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकताओं ने उन्हें बधाइयाँ दी हैं और विश्वास जताया है कि वे अपने कार्यों से पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाएंगे और संगठन को मजबूत करेंगे।

## नवयुवक ने लगायी फांसी, हुई मौत

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां विकासखंड की बिशनपुर ग्राम सभा के बगाही में आज एक नवयुवक ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है घटना की जानकारी जब परिजनों को हुई तब इसकी सूचना परिजनों ने बछरावां पुलिस को दिया। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव के कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही प्रारंभ की। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सुखराम उम्र 20 वर्ष ने संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक की मां के अनुसार युवक का प्रेम प्रसंग गांव की एक महिला से था बीते कई दिनों से वह उसे फोन पर बातें करता था उसी में किसी बात को लेकर ही सुखराम ने आत्महत्या की है।

## बिजली कटौती के खिलाफ व्यापार मंडल का हंगामा, पावर हाउस का किया घेराव



**हरचंदपुर, रायबरेली।** हरचंदपुर क्षेत्र में बिजली कटौती और अनियमित आपूर्ति से त्रस्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने विद्युत उपकेंद्र का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। गुस्साए व्यापारियों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की।

क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र की बदहाल स्थिति और अघोषित बिजली कटौती ने स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और किसानों का जीना मुहाल कर दिया है। रघुबीरगंज बाजार, हरचंदपुर और आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति इतनी खराब है कि दिन-रात में केवल 12-14 घंटे बिजली मिल रही है, जो शासन के 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति के दावों को खोखला साबित कर रही है। व्यापार मंडल और निवासियों ने इस संबंध में बार-बार शिकायतें की हैं, लेकिन विद्युत विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। हरचंदपुर उपकेंद्र पर बिना किसी शेड्यूल के मिनट-मिनट पर बिजली कटौती हो रही है। पीक आवर में आपूर्ति न होने से व्यवसाय, खेती और दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जर्जर तारों और कमजोर बुनियादी ढांचे के कारण बार-बार ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। उपकेंद्र पर कर्मचारियों की कमी के कारण फॉल्ट ठीक करने में देरी होती है, जिससे बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रहती है। शिकायतों के बावजूद न तो उपकेंद्र के अधिकारी फोन उठाते हैं और न ही जूनियर इंजीनियर या सब डिवीजनल ऑफिसर कोई कार्रवाई करते हैं। हरचंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली की कमी के कारण आपातकालीन सेवाएं, जैसे एक्स-रे और स्क्रीनिंग, प्रभावित हो रही हैं। अघोषित कटौती से नहरों में पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है, जिसका असर धान की रोपाई और सिंचाई पर पड़ रहा है।

## तहसील गौरीगंज के सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की करेंगी सुनवाई

अमेठी। . सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग डॉ प्रियंका मौर्या का दो दिवसीय जनपद अमेठी भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 9 व 10 जुलाई को प्रस्तावित है कार्यक्रम के अनुसार महिला आयोग की सदस्य द्वारा दिनांक 9 जुलाई 2025 को प्रातः 11:00 तहसील सभागार गौरीगंज में महिला उत्पीड़न संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगी। इसके साथ ही महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता चौपाल का कार्यक्रम भी किया जाना प्रस्तावित है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का व्यक्तित्व प्रेरणादायी है

**गौरीगंज, अमेठी।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित जनपद में सभी मंडलों में गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी का आयोजन डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर संपन्न हुआ। गौरीगंज मण्डल ग्रामीण में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, मुसाफिरखाना मंडल में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव, संग्रामपुर मंडल में पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा,जामों मंडल में भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह सभी प्रमुख मुख्य अतिथि ने मंडलों में गोष्ठियों को संबोधित किया। वक्ताओं ने गोष्टी को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद शिक्षाविद्, चिन्तक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे।



6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के अत्यन्त प्रतिष्ठित परिवार में डॉ॰ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे एवं शिक्षाविद् के रूप में विख्यात थे। डॉ॰ मुखर्जी ने 1917 में मैट्रिक किया तथा 1921 में बी॰ए॰ की उपाधि प्राप्त की। 1923 में लॉ की उपाधि अर्जित करने के पश्चात वे विदेश चले गये और 1926 में इंग्लैण्ड से बैरिस्टर बनकर स्वदेश लौटे। अपने पिता का अनुसरण करते हुए उन्होंने भी अल्पायु में ही विद्याध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएँ अर्जित कर ली थीं। 33 वर्ष की अल्पायु में वे कलकत्ता विवि के कुलपति बने। इस पद पर नियुक्ति पाने वाले वे सबसे कम आयु के कुलपति थे। एक विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद् के रूप में उनकी उपलब्धि तथा ख्याति निरन्तर आगे बढ़ती गयी। आगे कहा डॉ॰ श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। डॉ॰ मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। उन्होने बहुत से गैर कांग्रेसी हिन्दुओं की मदद से कृषक प्रजा पार्टी से मिलकर प्रगतिशील गठबंधन का निर्माण किया। इस सरकार में वे वित्तमन्त्री बने। इसी समय वे सावरकर के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिन्दू महासभा में सम्मिलित हुए। मुस्लिम लीग की राजनीति से बंगाल का वातावरण दूषित हो रहा था। वहाँ साम्प्रदायिक विभाजन की नौबत आ रही थी। साम्प्रदायिक लोगों को ब्रिटिश सरकार प्रोत्साहित कर रही थी। ऐसी विषम परिस्थितियों में उन्होंने यह सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया कि बंगाल के हिन्दुओं की उपेक्षा न हो। अपनी विशिष्ट रणनीति से उन्होंने बंगाल के विभाजन के मुस्लिम लीग के प्रयासों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। 1942 में ब्रिटिश सरकार ने विभिन्न राजनैतिक दलों के छोटे-बड़े सभी नेताओं को जेलों में डाल दिया। डॉ॰ मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वे मानते थे कि विभाजन सम्बन्धी उत्पन्न हुई परिस्थिति ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से थी। वे मानते थे कि आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं। हममें कोई अन्तर नहीं है। हम सब एक ही रक्त के हैं। एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। परन्तु उनके इन विचारों को अन्य राजनैतिक दल के तत्कालीन नेताओं ने अन्यथा रूप से प्रचारित-प्रसारित किया।

## विद्युत समस्या को लेकर व्यापारियों ने की बैठक

**सूरापुर, सुलतानपुर।** कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के सुरापुर बाजार में अघोषित विद्युत कटौती व विद्युत समस्या एवं बाजार में भीषण जाम को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने भारतीय उद्योग व्यापार मंडल सूरापुर अध्यक्ष वीके अग्रहरि की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया। ब्यापार मण्डल अध्यक्ष वीके अग्रहरि ने बताया कि कादीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गौतम को इस समस्या के अविलम्ब समाधान के लिए मांगपत्र दिया जा रहा है।

व्यापारियों की समस्या भीषण जाम, विद्युत व्यवस्था का समाधान नहीं हुआ तो सूरापुर के व्यापारी अपनी दुकान बंद करके अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन पर बैठेगा। बैठक में कृष्णा चौरसिया, बबलू बरनवाल, पवन सोनी, सतीश मोदनवाल अखिलेश जायसवाल पवन अग्रहरि, श्रवण वरनवाल सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

## बेनीमाधवगंज और सरेनी मंडल में मनायी गयी डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

**लालगंज, रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जेपी सिंह ने कहा कि आज पूरा देश ऐसे राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती मना रहा है जिन्होंने भारतीय राजनीति, शिक्षा और राष्ट्रवाद में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। उनका जन्म 1901 में कोलकाता में हुआ था, और उन्होंने महज 26 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे युवा उपकुलपति बनकर रिकॉर्ड बनाया ।मुखर्जी ने 1948 में भारत की पहली औद्योगिक नीति तैयार की, जो सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के संतुलित विकास पर केंद्रित थी।

उद्योग मंत्री के रूप में उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग और आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्य किया ।कांग्रेस की नीतियों के विरोध में उन्होंने 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो बाद में भारतीय जनता पार्टी में विकसित हुई। जिला मंत्री राधेश्याम पाल कहा कि श्री मुखर्जी ने जम्मू और कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की वकालत की, जिसे 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निरस्त किया गया। वरिष्ठ कार्यकर्ता सुशील शुक्ला ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर, हमें उनके योगदान और राष्ट्रवाद के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद करना चाहिए। डॉ मुखर्जी की जन्म जयंती बेनी माधवगंज और सरेनी मंडल मेंमनाई गई ।इस मौके पर वृक्षारोपण भी किया गया ।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नंदकुमार सिंह,पूर्व मंडल महामंत्री सुबोध बाजपेई सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसपीसीए/पीपुल्स फॉर एनिमल के वालेंटियर्स की बैठक, बनी रूपरेखा

जिला संवाददाता (vol)

**सुल्तानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और निवर्तमान सांसद मेनका गांधी के द्वारा सृजित संस्था पीपुल्स फॉर एनिमल की बैठक रविवार को पशु चिकित्सालय परिसर में आयोजित की गई, जिसमें परिसर में बने शेल्टर हाउस, स्टोर रूम आदि का निरीक्षण किया गया तथा भविष्य में आने जाने वाले बीमार , बेजुबान जीवों के लिए उपचार की व्यवस्था पर चर्चा की गई। निवर्तमान सांसद एवं केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में चर्चा करते हुए ₹पीपुल्स फॉर एनिमल₹ की कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही बैठक में मौजूद जीव प्रेमियों ने निर्बल/बीमार जीवों की सुरक्षा/स्वास्थ्य में समाजसेवियों की मदद लेने तथा संस्था से जुड़ने की बात कही गई।

### सक्रिय सदस्यों का बना साप्ताहिक क्लस्टर

**सुलतानपुर।** सोमवार से रविवार के लिए तैयार हुआ साप्ताहिक क्लस्टर। जनपद सुल्तानपुर में बीमार और निराश्रित जीवों के लिए प्रत्येक हफ्ते का क्लस्टर तैयार किया गया। जिसमें प्रातः और शाम की समय सारणी बनाई गई। इसके अलावा भविष्य में उच्चाधिकारियों से संपर्क करके असहाय जीवों के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए वांछित सहयोग मुहैया कराने की भी चर्चा पर सहमति बनी। फिलहाल अब (एसपीसीए/पीएफए) पीपुल्स फॉर एनिमल से जुड़े वॉलिंटियर सुबह शाम अपनी ड्यूटी पशु अस्पताल में देंगे तथा बीमार/ घायल पशुओं के शेल्टर हाउस में उपचार करने की भी रूपरेखा तय हुई।

### पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने फोन पर दी जानकारी

**सुलतानपुर ।** नगर के पंच रास्ते पर विद्युत तारों की चपेट में आने से लगातार दर्जनों ₹मैना चिड़िया₹ की मौत के मामले में पूर्व सांसद मेनका गांधी के प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने बताया की नग्न तारों को कवर के लिए अयोध्या मंडल से फाइबर की पाइप विद्युत महकमे द्वारा मंगाया जा रहा। शीघ्र ही समस्या दूर की जाएगी। इस मौके पर प्रशांत द्विवेदी, संगीता शुक्ला, जितेंद्र श्रीवास्तव, अविता अग्रवाल, हरीश उपाध्याय, योगेश कुमार यादव, आलोक गर्ग, अभ्यांशु कौशल, राजकुमार सोनी, विवेक राठौर, विशाल श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, महेश यादव, राहुल श्रीवास्तव, शिवराज तिवारी आदि मौजूद रहे।

## बिना मान्यता के संचालित स्कूलों के विरुद्ध कार्यवाही शुरू

- बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों दिये निर्देश कोई भी विद्यालय बिना मान्यता के संचालित न हो

जिला संवाददाता (vol)



**सुलतानपुर।** प्रदेश में 6 से 14 वर्ष के बच्चों की शिक्षा को बेहतर एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। अधिनियम की धारा-18 के तहत स्पष्ट निर्देश हैं कि बिना मान्यता प्राप्त किए कोई भी स्कूल न तो स्थापित किया जा सकता है और न ही संचालित किया जा सकता है। उ०प्र० निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली 2011 के तहत इस अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू किया गया है। यदि कोई व्यक्ति मान्यता प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना विद्यालय स्थापित करता है या संचालित करता है, तो उस पर एक लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। साथ ही उल्लंघन जारी रहने पर प्रतिदिन दस हजार रुपये तक का जुमार्ना भी बढ़ाया जाएगा।

खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 10 जुलाई तक अपने-अपने ब्लॉकों में सघन जांच कर सुनिश्चित करें कि कोई भी विद्यालय बिना मान्यता के संचालित न हो। यदि कोई गैर-मान्यता प्राप्त विद्यालय पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी एक प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करेंगे कि उनके विकास खंड में कोई भी बिना मान्यता का विद्यालय संचालित नहीं हो रहा है। इसके अतिरिक्त जिन विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी, उनकी विद्यालयवार सूची 15 जुलाई तक उपलब्ध करानी होगी। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने इस पूरे अभियान की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता एवं अधिकारों की रक्षा के लिए यह कदम अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों से पूरी ईमानदारी और तत्परता के साथ जांच कर नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है ।शिक्षा क्षेत्र में कानूनी व्यवस्था के पालन से ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित किया जा सकता है।

## डीएम साहब चरम पर है वृक्षों की कटान जगदीशपुर क्षेत्र बनेगा रेगिस्तान

**गौरीगंज, अमेठी।** सरकार एक तरफ पर्यावरण को संतुलित रखने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कराने का अभियान चला रही है तो वही जेबे भरने के चककर मे जिम्मेदार वन कर्मी व पुलिस वन माफियाओ से साठगांठ करके हरे भरे वृक्षो का सफाया करने मे रात दिन जुटे हुए हैं। जगदीशपुर विकास खंड के अंतर्गत स्थित हारीमऊ,हसवा सुरवन, नौडाड, देवकली, बगाही, गूंगे मऊ,हुसैनगंज कलां, अलमापुर, खैरातपुर, हरपालपुर, जलालपुर तिवारी आदि दर्जनों गांवो मे सागौन शीशम आम महुआ नीम जामुन गूलर समेत अन्य पर्जाति के हरे भरे वृक्षो को वन माफिया बेखौफ होकर रात दिन काटने मे जुटे हुए हैं लकडिया काट काटकर एकांत स्थान मे ढेर लगाकर वाहनो द्वारा बाहर भेजते रहते हैं इसके एवज मे जिम्मेदार वन कर्मी व पुलिस तयशुदा रकम जमा कराकर सबकुछ जानते हुए भी अंजान बने रहते हैं यदा कदा मामला उच्च अधिकारियो तक पहुंचने पर जिम्मेदार जुमार्ने की रसीद काटकर मामला रफा दफा करते रहते हैं इस खेल के चलते वन माफिया बेखौफ होकर अपने काम को अंजाम देने मे मस्त हैं गौरतलब हो कि यदि इसी रफ्तार से हरे भरे वृक्षो की कटान होती रही आला अफसरो ने ध्यान ना दिया तो वह दिन दूर नहीं है कि पूरा इलाका रेगिस्तान मे तब्दील होकर लोगो का जीवन जीना दुश्वार हो जाएगा यही नहीं पर्यावरण संतुलन बिगड कर पर्दूषण के चलते लोगो को सांस लेना मुहाल हो जाएगा ।इस संबंध मे वन क्षेत्राधिकारी ज्योतिमय शुक्ला ने बताया कि हरियाली नष्ट करने वाले वन माफियाओ के खिलाफ अभियान चलाकर जांच के पश्चात उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी वहीं यदि मेरे विभाग का कर्मी लिप्त पाया गया तो उसे भी नहीं बख्शा जाएगा।

# पर्यटन मंत्री ने किया स्कूल की भूमि का पूजन-शिलान्यास

● मंत्री नक किया फतेहाबाद मार्ग से रामदासपुरा यमुना नदी पुल तक मार्ग का चौड़ीकरण का शिलान्यास




**फिरोजाबाद।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के द्वारा लॉजिस्टिक योजनांतर्गत फिरोजाबाद फतेहाबाद मार्ग से रामदासपुरा यमुना नदी पुल तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इस स्वीकृत मार्ग की लम्बाई 9.5.किलोमीटर है जो 5631 लाख रुपए की लागत से निर्मित हो रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस मार्ग के चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से इस पिछडे इलाके का विकास होगा साथ ही रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। यहाँ के युवाओं को रोजगार हेतु अन्यत्र नही जाना पड़ेगा।हमारी सरकार में कानून का राज्य स्थापित होने से अपराधियों और आतंकियों का अंत हुआ है। यही कारण है कि हमारा प्रदेश ग्रोथ इंजन बनकर उभर रहा है।

उन्होने वहां उपस्थित पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण मार्ग के चौडीकरण ओर सुद्दढ़ीकरण के कार्य में 1 साल से ज्यादा का समय नही लगना चाहिए। इस अवसर डीएम ने कहा कि इस मार्ग के चौड़ीकरण व सुद्दढ़ीकरण से यहाँ के लोगो को आवागमन की सुविधा तो होगी साथ ही साथ औद्योगिक विकास की संभावनाएं भी बढ़ेगी इसके साथ ही साथ प्लेज पार्क इत्यादि की स्थापना से यहाँ के युवाओ को रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने भी इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुद्दढ़ीकरण होने से इस क्षेत्र में होने वाले विकास पर चर्चा की। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी एक्सईएन अतर सिंह खंड विकास अधिकारी नवीन और एसडीएम गजेंद्र पाल आदि अधिकारी उपस्थित रहे।इसके साथ ही पर्यटन मंत्री ने लगभग 25 करोड की लागत से ग्राम पंचायत पुलखडीत विकास खण्ड एका में निर्मित की जा रही नवीन मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विधालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उनके साथ जिलाधिकारी रमेश रंजन, सीडीओ शत्रोहन वैश्य भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह,ब्लाक प्रमुख जसराना संध्या लोधी भाजपा मण्डल अध्यक्ष उपेन्द्र बघेल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष एका शीलू सविता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमलेन्द्र लोधी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता देवेन्द्र पालीवाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का पर्यटन मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। क्षेत्र से आये नागरिकों ने इस अवसर पर मंत्री जी का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बोलते हुये मंत्री जी ने कहा कि यहां निर्मित किया जा रहा नवीन कम्पोजित विधालय आधुनिक तकनीक से लैस होगा। मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि पुलखडित विकास खण्ड एका में प्रथम मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विधालय की स्थापना की जा रही है। मुझे आशा और विश्वास है कि आने वाले समय में इस विधालय से प्रतिभाशाली छात्र निकलकर प्रदेश और देश में अपना नाम रोशन करेंगे क्योंकि भारत की प्रगति का आधार स्तम्भ यह बच्चे ही है किसी भी देश और प्रदेश का भविष्य बच्चों की क्षमता पर निर्भर करता है। इस अवसर पर बोलते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि इस भवन के निर्माण से कक्षा 1 से 12 तक की कक्षाओं का संचालन एक साथ किया जायेगा। यह कक्षायें आधुनिक तकनीक से लैस होंगी।यहां के बच्चों की डिजिटल एजुकेशन क्लैट फार्म एवं डिजिटल तकनीक के माध्यम से गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु स्मार्ट क्लास की स्थापना एवं डिजिटल उपकरणों की व्यवस्था की जायेगी। इसके अलावा मौडुलर कम्पोजिट लैब, ऑडिटोरियम हॉल, म्यूजियम रूम, एनसीसी रूम, रोबोटिक लर्निंग सेंटर के साथ मल्टी एक्टिविटी रूम, दिव्यांग शुलभ रैम्प, बाल पैन्टिंग अत्याधुनिक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जायेगा।

सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों के लिये भी पर्याप्त स्थल के साथ प्रार्थना स्थल और खेल मैदान का विकास किया जायेगा साथ ही साथ विधालय प्रांगण में फलदार, मौसमी युक्त एवं छायादार पेड पौंधों का रोपण किया जायेगा,सीडीओ शत्रोहन वैश्य और भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने अपने उदगार व्यक्त करते हुये इस विधालय की स्थापना पर हर्ष व्यक्त करते बच्चों के उन्नयन हेतु इसे जिले के लिये विशिष्ट उपलब्धि बताया।इस अवसर पर चयनित दो आशाओं को मंत्री जी के हाथों से नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।जिसमें वन्दना भारद्वाज और रजनी शंखवार है। इसके अलावा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत चन्द्रादेवी और श्रीमती देवी को टूलकिट वितरित किया गया। जवकि मुख्यमंत्री युवा उधमी विकास योजना के अन्तर्गत अजय कुमार और श्रेया शाक्य को बैंक चैक वितरित किया गया। जवकि चन्द्र वर्मा और फूला देवी को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की चाबी वितरित की गई।लता और मीरा देवी को आंगनवाडी किट वितरित किया गया। विधालय के प्रांगण में पर्यटन मंत्री डीएम एवं सभी विशिष्ट अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।इस अवसर पर एडीएम संगीता गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामबदनराम, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्रतिरपाठी बीएसए आशीष पाण्डेय, आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों से आई बालिकाओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

## नफरती भाषण मामले में पूर्व विधायक अब्बास अंसारी की दोषसिद्धि बरकरार

मऊ। जिले की विशेष सांसद-विधायक अदालत ने शनिवार को नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले में पूर्व विधायक अब्बास अंसारी की दोषसिद्धि बरकरार रखी, हालांकि इसने दो साल की सजा की अवधि को चुनौती देने वाली याचिका पर आगे की सुनवाई की अनुमति दे दी। दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं ने यह जानकारी दी। नफरत फैलाने वाले भाषण के आरोप में 31 मई को मऊके मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत से दो साल की सजा सुनाये जाने के बाद अब्बास अंसारी को विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया और उनकी सीट रिक्त घोषित कर दी गयी थी। वर्ष 1996 से लगातार 2017 तक पांच बार मऊसे विधायक रह चुके अब्बास के दिवंगत पिता, कथित बाहुबली मुख्तार अंसारी के जीवित रहते ही उनकी विरासत अब्बास अंसारी ने संभाल ली और 2022 में समाजवादी पार्टी के समर्थन से वह सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के सिंबल पर विधान सभा सदस्य बने थे।एक अधिवक्ता ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (त्वरित अदालताएमपी एमएलए कोर्ट) राजीव कुमार वत्स ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 30 जून को आदेश सुरक्षित रख लिया था और शनिवार को फैसला सुनाया। अदालत ने अंसारी को 50 हजार रुपये के मुचलके पर अंतरिम जमानत दे दी और उसकी सजा पर रोक लगा दी, लेकिन उसकी दोषसिद्धि बरकरार रखी। इस बीच अदालत ने अब्बास अंसारी के सह-आरोपी मंसूर को भी जमानत दे दी। सजा की अवधि के बारे में सत्र न्यायालय में अगली सुनवाई 25 जुलाई को होनी है। अब्बास अंसारी के अधिवक्ता दरोगा सिंह ने कहा कि अदालत ने अपने फैसले में दोषसिद्धि पर रोक नहीं लगाई। हालांकि अब्बास अंसारी और मंसूर को 50,000 रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी गई है। अब हम दोषसिद्धि के खिलाफ उच्च न्यायालय जाएंगे। वहीं सरकारी अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने अदालत के फैसले के बारे में विस्तार से बताया कि इससे पहले सीजेएम कोर्ट ने अब्बास अंसारी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। उसके खिलाफ उनके अधिवक्ता दरोगा सिंह ने दो आवेदनों के साथ अपील दाखिल की थी। जिसमें उन्होंने सजा और जमानत पर रोक लगाने की मांग की थी।

## शारीरिक अभ्यास करते समय जिम ट्रेनर ने की छात्रा के साथ छेड़छाड़

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में बिसरख कोतवाली क्षेत्र की चेरी काउंटी सोसाइटी में शनिवार को 17 वर्षीय एक नाबालिग लड़की के साथ कथित रूप से छेड़छाड़ करने पर एक जिम ट्रेनर को गिरफ्तार किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त एसीपी (सेंट्रल नोएडा) दीक्षा सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट चेरी काउंटी सोसाइटी के क्लब हाउस में शनिवार सुबह 11वीं कक्षा की एक छात्रा जिम में शारीरिक अभ्यास करने गई थी तथा जिम ट्रेनर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। छात्रा ने घर पर परिजनों को इस घटना के बारे में बताया जिसके बाद उसके पिता ने बिसरख कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। पीड़िता के पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है तथा पुलिस ने जिम ट्रेनर को गिरफ्तार कर लिया।

## वांछित अपराधी मुठभेड़ में घायल, तमंचा बरामद

मेरठ। जिले के सरधना क्षेत्र में रविवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया जो हत्या के प्रयास के मामले में वांछित है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) राकेश कुमार मिश्रा ने यहां बताया कि सुबह सरधना क्षेत्र में गश्त के दौरान सरधना-मुल्हैड़ा मार्ग पर छुर गांव के पास पुलिस ने एक युवक को संदेह के आधार पर रोकने की कोशिश की लेकिन उसने पुलिस पर गोलियां चला दीं। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बायें पैर में गोली लगने से युवक घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल अभियुक्त की पहचान सरधना के शोएब उर्फ सुहेब के रूप में हुई है तथा उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया है। शोएब शनिवार रात सरधना कस्बे में एक ठेकेदार पर हमला करने के मामले में वांछित था। अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## डंपर की टक्कर से दंपति की मौत

बाराबंकी। जिले में तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दंपति की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लखनऊगोमतीनगर विस्तार क्षेत्र के गड़रिया पुरवा भरवारा गांव के रहने वाला छोटू (35) अपनी रीता (30) और चार वर्षीय बच्चे को लेकर मोटरसाइकिल से देवा क्षेत्र में एक रिश्तेदार के यहां जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, चिनहट मार्ग पर जरूआ मोड़ के निकट एक डंपर ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दंपति की मौके पर मौत हो गई जबकि घायल बच्चे का उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया और उसे पकड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## देवरिया में महिला जिंदा जली

देवरिया। जिले के सलेमपुर कस्बे में रविवार सुबह घर में आग लगने से एक महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सलेमपुर कस्बे के सलाहाबाद मोहल्ले में सुनीता (45) अपने बेटे-बहू और बेटी के साथ रहती थी। रविवार सुबह आग लगने से वह जिंदा जल गई और उसकी मृत्यु हो गई। वह मूल रूप से असम की रहने वाली थी। पुलिस के मुताबिक असम के रहने वाले देवानंद ने दो शादी की थी। देवानंद की दूसरी पत्नी सुनीता अपने बेटे धनंजय एवं बहू रेशमा के अलावा बेटी सोनम के साथ सलाहाबाद मोहल्ले में किराये के मकान में पिछले तीन वर्षों से रह रही थी। पुलिस का कहना है कि सुबह बेटे एवं बेटी कहीं गए थे और घर में सुनीता एवं उसकी बहू रेशमा मौजूद थी। पूर्वाह्न करीब 11 बजे कमरे में आग लग गई, जिसमें सुनीता जिंदा जल गई। मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। सलेमपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक शुक्ला ने बताया कि मौके पर श्वान दस्ते को तैनात किया गया है और फोरेंसिक टीम घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर रही हैं। हम मृतका के बेटे और बहू के बयान दर्ज कर रहे हैं। सीओ ने कहा कि आग लगने का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है, पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने यूरिया व साइकिल बरामद की

सिद्धार्थ नगर। मोहाना थाने की पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम 04 बोरी यूरिया खाद व 01 अदद साईकिल बरामद कर अन्तर्गत धारा-11 के तहत कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्वेक्षण में एवं रोहित कुमार उपाध्याय थानाध्यक्ष मोहाना के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध नेपाल बार्डर से हो रही तस्करी की रोकथाम के द्दष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के तहत 05 जुलाई की रात्रि को थाना मोहाना पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम फसादीपुर पिलर संख्या 543/1 में चेकिंग के दौरान 04 बोरी यूरिया खाद व एक अदद साइकिल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्वाई हेतु कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।

## पास्को एक्ट में 5 अभियुक्त गिरफ्तार

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। जिले के डुमरियागंज थाने की पुलिस ने नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में वांछित 05 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा गया। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण व श्रीप्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के नियंत्रण के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना डुमरियागंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 124/2025 धारा 137(2),87,65(1),70(1) इठर व 5/6/11/12/16/17 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित 05 नफर अभियुक्तों को थानाक्षेत्र के बैदौला से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया। इकबाल पुत्र मोहम्मद इद्रीश निवासी वार्ड-13 लक्ष्मण नगर थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।, इकरार पुत्र नफीस निवासी वार्ड-13 लक्ष्मण नगर थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।, मेराज अहमद पुत्र नियाज निवासी वार्ड नंबर 13 लक्ष्मण नगर थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर, बदरे आलम पुत्र रईस निवासी वार्ड नंबर 13 लक्ष्मण नगर थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर, मोहम्मद अरमान पुत्र मोहम्मद शहबान निवासी वार्ड-02 सुभाष नगर थाना डुमरियागंज

संक्षेप

## 46 वारंटी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एनबीडब्लू एसआर वाँछित वारण्टी अभियुक्तों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस ने रात्रि में अभियान चलाकर 46 अभियुक्तों जिसमें 44 एनबीडब्लू 02 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियान अंतर्गत गिरफ्तार किए गए वारंटी अभियुक्तों में थाना उत्तर 04 दक्षिण 04रसूलपुर04 टूण्डला 02 रजावली 05 नारखी 01नगला सिंघी02 सिरसागंज 02 नगला खंगर01 नसीरपुर 02शिकोहाबाद 03खैरगढ़ 02 जसराना01 एका 04 फरिहा 2 मटसेना 02 लाइनपार 02 बसई मौहम्मदपुर 02इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 05 घण्टे में एनबीडब्लू वारंटियों, एसआर वांछित अन्य वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 46 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। थानावार की गई कार्यवाही में सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है।

## ट्रक की टक्कर से टैंपो पलटा, दस घायल

**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित चेतक एकेडमी के सामने आज सुबह मथुरा की ओर आते टैंपो में एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे टैंपो पलट गया और उसमें सवार दस लोग घायल हो गए। छाता कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित चेतक एकेडमी के सामने सुबह लगभग आठ बजे छाता से मथुरा की ओर आते टैंपो संख्या यूपी 85 बीटी 0954 में पीछे से अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी और मौकेसे भाग निकला। दुर्घटना में टैंपो पलट गया और उसमें सवार आठ महिला और दो पुरुष घायल हो गए। इनके चीखने चिल्लाने की आवाजें सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग एक घंटे तक आवागमन अवरुद्ध रहा। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों के उपचार के लिए केडी अस्पताल में पहुंचवाया। जहां से बबिता निवासी शेरगढ़ और तुलाराम निवासी पैगांव को गंभीर अवस्था में रेफर कर दिया गया।

## अवैध पेट्रोलियम पदार्थ सहित तीन गिरफ्तार



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस ने इंडस्ट्रियल एरिया में एक बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने बाड़ा/प्लॉट के-25 के पास से तीन लोगों को अवैध पेट्रोलियम पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में राजस्थान के भरतपुर जिले के जगन्नाथ (35), रामजीत (19) और मध्य प्रदेश के सागर जिले के धर्मेन्द्र (44) शामिल हैं।

पुलिस ने इनके पास से मारुति आल्टो कार (नंबर यूपी 80 एफएम 8987) व चार कट्टों में रखा लगभग 200 लीटर अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ बरामद किया। साथ ही एक कीप, पांच लीटर का कोनिकल नपना और डेढ़ मीटर लंबी प्लास्टिक पाइप भी मिली। मुख्य आरोपी जगन्नाथ का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उस पर पहले से एससी-एसटी एक्ट, आबकारी अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाना रिफाइनरी में मुकदमा संख्या 211/2025 के तहत ईसी एक्ट की धारा 3/7 में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## डॉ. मुखर्जी की जयंती पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा महानगर के सभी 12 मंडलों में राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले माँ भारती के अमर सपूत, भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने विभिन्न मंडलों में विचार गोष्ठियों का आयोजन कर डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण किया।

आज मधुवन मण्डल, भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित संगोष्ठी में, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अद्वितीय व्यक्तित्व एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा हुई। यह कार्यक्रम पुष्पांजलि, मथुरा स्थित पार्टी कार्यालय में संपन्न हुआ, जिसमें मुझे मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष ने डॉ. मुखर्जी के विचारों, उनके संघर्ष एवं ह्लएक देश, एक विधान, एक निशानह्न के सिद्धांत पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान देते हुए, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाकर उनके सपनों को साकार किया और कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जीवन हमें राष्ट्रहित में निस्वार्थ सेवा और अडिग संकल्प की प्रेरणा देता है। वहीं राधाकुंड एवं गोवर्धन मंडलों में आयोजित गोष्ठी में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं मथुरा-वृंदावन क्षेत्र के वर्तमान विधायक श्रीकांत शर्मा ने सहभागिता की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्रीकांत शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रतीक हैं। इसी क्रम में भाजपा महानगर कार्यालय, जुबली पार्क में होली गेट मंडल द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी न केवल एक महान शिक्षाविद् और प्रशासक थे, बल्कि वे भारतीय राजनीति के वो दीपस्तंभ थे जिन्होंने राष्ट्रवाद को एक नई दिशा दी। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती हम सभी कार्यकताओं के लिए आत्ममंथन और संकल्प का अवसर है। आज का भारत जिन मूल्यों पर आगे बढ़ रहा है, उनमें उनका अद्वितीय योगदान है।

## संस्कृति विवि-ह्यूटेक विवि वियतनाम शिक्षण को देंगे नये आयाम




**मथुरा।** वियतनाम के ह्यूटेक सायगॉन कैंपस में भारत के संस्कृति विश्वविद्यालय और वियतनाम के ह्यूटेक विश्वविद्यालय के बीच एक महत्वपूर्ण अकादमिक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक वैश्विक शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

ह्यूटेक विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. ली थिएन ट्रांग (उपाध्यक्ष), सुश्री गुयेन लान हुअंग (डिप्टी हेड, इंटरनेशनल रिलेशन व प्रोजेक्ट मैनेजमेंट विभाग), और सुश्री डाओ गुयेन डोंग थाओ (अंतरराष्ट्रीय संबंध अधिकारी) ने भाग लिया। वहीं संस्कृति विश्वविद्यालय की ओर से प्रोफेसर रतीश कुमार, हेड ऑफ ग्लोबल पार्टनरशिप्स, बैठक में शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से दोनों के मध्य संयुक्त अकादमिक कार्यक्रम की शुरूआत करने पर सहमति, विशेष रूप से हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट के क्षेत्र में एक संयुक्त कार्यक्रम शुरू करने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। दोनों विश्वविद्यालयों ने पाठ्यक्रम समन्वयन और ड्यूल डिग्री विकल्पों की संभावनाएं तलाशने पर सहमति जताई।साथ ही इंटर्नशिप के दौरान संस्कृति विश्वविद्यालय में छात्रों को आवास, भोजन और वजीफा प्रदान करने पर सहमति जताई गई। वहीं वियतनाम में इंटर्नशिप के दौरान छात्रों को भोजन और वजीफा देने की बात ही। डॉ रतीश ने बताया कि दोनों विश्वविद्यालयों के पास पहले से ही इनक्यूबेशन सेंटर हैं। ऐसे में छात्रों को संयुक्त स्टार्टअप परियोजनाओं और नवाचार आधारित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। ये कार्यक्रम भारत या वियतनाम, दोनों में आयोजित किए जा सकते हैं। दोनों पक्षों ने एक दो सप्ताह का ऑनलाइन एक्सचेंज प्रोग्राम मिलकर आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की, जिससे छात्रों के बीच सांस्कृतिक संवाद और शैक्षणिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। डॉ रतीश के अनुसार यह बैठक भारत-वियतनाम शैक्षणिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक अहम पहल है। आने वाले शैक्षणिक सत्र में इन प्रस्तावों को क्रियान्वित करने की दिशा में दोनों विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध हैं।

## मोहर्रम के द्दष्टिगत डीएम व एसपी ने किया भ्रमण

**अमेठी।** मोहर्रम के द्दष्टिगत शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आज जनपद भ्रमण के दौरान डीएम संजय चौहान व एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कस्बा मुसाफिरखाना, जगदीशपुर व जायस का भ्रमण कर मोहर्रम के जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित प्रभारी निरीक्षकों को दिशा निर्देश दिये गये तथा लोगों से शांति एवं सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने व अफवाहों पर ध्यान न देनें की अपील की।

## का तालाब में मिला शव

**तिलोई, अमेठी।** मोहनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम फूला में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे राम किशुन का बेटा अमन घर के बाहर खेल रहा था। वह अचानक गायब हो गया। परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आशंका होने पर गांव के एक गहरे तालाब में खोजबीन शुरू की गई। जिसमें बच्चे का शव बरामद हुआ परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## झमाझम बारिश से लोगों में मिली गर्मी से राहत, हुआ जलभराव



**मथुरा।** रविवार की दोपहर बाद अचानक झमाझम बारिश ने शहर की व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर दिया। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं शहर में जगह-जगह जलभराव की समस्या ने लोगों को परेशान कर दिया। शहर के प्रमुख मार्गों पर जलभराव से आवागमन बाधित हो गया। कंकाली रोड, नया बस स्टैंड, महोली रोड और भूतेश्वर रेलवे पुल के नीचे पानी भर गया। नाली चैक होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। भूतेश्वर रेलवे पुल के नीचे जमा गंदे पानी से होकर लोगों को गुजरना पड़ रहा है। कई दोपहिया वाहन चालक फिसलने से बचे। कुछ वाहनों में पानी भर जाने से उन्हें पैदल खींचना पड़ा। मथुरा वृंदावन नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। निगम द्वारा जलभराव रोकने के लिए किए गए दावे खोखले साबित हुए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या लगातार बनी रहती है, लेकिन अधिकारी कोई ठोस समाधान नहीं कर पा रहे हैं।

## मुड़िया मेला: एकादशी पर उमड़ा सैलाब

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** गोवर्धन में एकादशी के अवसर पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु दानघाटी मंदिर में गिरिराज महाराज के दर्शन के बाद परिक्रमा कर रहे हैं। पूरा गोवर्धन क्षेत्र ह्लगिर्राज धरण की जयह्न के जयकारों से गूंज रहा है। स्थानीय प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मुड़िया पूर्णिमा मेले के कारण पहले से ही यहां भक्तों की भीड़ बढ़ रही है। एकादशी से शुरू हुआ यह भक्ति पर्व पूर्णिमा तक चलेगा। इस दौरान श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। मान्यता है कि गिरिराज पर्वत की परिक्रमा से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इससे जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

मुड़िया पूर्णिमा मेला बीतीरात से गति पकड़ गया, श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही है। 21 किलोमीटर लंबे दोनों परिक्रमाओं के मार्ग में आस्था और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। गिर्राज महाराज के जयकारे परिक्रमा मार्ग में गूंजते रहे। विभिन्न प्रदेशों से महिला पुरूष गाते बजाते और राधाकृष्ण, गिरिराज महाराज का कीर्तन करते गिरि गोवर्धन धाम की परिक्रमा कर रहे हैं। मंदिरों के आसपास गिर्राज महाराज के चरणों में नभते शीष इस बात का प्रमाण हैं कि प्रभु के प्रति लोगों में भारी आस्था है। अभी मुड़िया पूर्णिमा मेले में तीन दिन हैं। लेकिन परिक्रमा का क्रम बीतीरात से तेज हो गई है। प्रशासन द्वारा तीर्थयात्रियों के लिये अच्छी व्यवस्थायें की गयी हैं लेकिन भारी संख्या में लगे भण्डारे और पीने के पानी की प्याऊओं ने नगर पंचायत और प्रशासन की लाज रख ली है। गरीब तीर्थयात्रियों का सहारा बने ये भण्डारे और प्याऊ उन श्रद्धालुओं के लिये महत्वपूर्ण हैं जो गरीबी में भी आस्था और भक्ति से जुड़े हैं। गिरिराज धाम में इनका जोरदार स्वागत करते दूर-दूर से आये श्रद्धालुओं के टोल परिक्रमार्थियों के भोजन पानी के लिये जुटे हुये हैं। परिक्रमा मार्ग में सफाई व्यवस्था अच्छी है और रोशनी के इंतजाम भी कुछ स्थानों को छोड़कर अच्छे ही थे। आज सुबह से ही गोवर्धन धाम में परिक्रमा का क्रम चल रहा है। मथुरा में जहां दोपहर बाद बरसात हुयी वहीं गोवर्धन में मेघों ने गिरिराज महाराज के आगे बरसना उचित नहीं समझा। बादल घिरे हुये हैं और परिक्रमार्थी आस्था के साथ परिक्रमा कर रहे हैं। दानघाटी मंदिर, मुकुट मुखारबिंद और जतीपुरा मुखारबिन्द मंदिर के अलावा राधाकुण्ड में भी श्रद्धालुओं की भीड़ है। आज देर रात परिक्रमा में भारी भीड़ जुटने की संभावनायें व्यक्त की जा रही हैं। गिरिराज धाम के लोगों का कहना है कि शनिवार की रात में जो भीड़ हुयी वह एकादशी की भीड़ थी। इससे मेले की रौनक काफी बढ गयी है।



संक्षेप

## भारतीय किसानों को जलवायु परिवर्तन से निपटने में सक्षम बनाने को 75 अरब डॉलर की जरूरत

नयी दिल्ली। भारत में छोटे किसानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने में सक्षम बनाने के लिए लगभग 75 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) के अध्यक्ष अल्वारो लारियो ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वित्त पहुंचाना दुनियाभर में और भारत में ग्रामीण समुदायों के लिए एक गंभीर चुनौती है। भारत में आईएफएडी के लिए तीन बड़े सवाल हैं, हम किसानों के लिए कृषि को अधिक लाभदायक कैसे बना सकते हैं, हम उत्पादकता को कैसे बढ़ा सकते हैं जबकि हम जलवायु झटकों से निपट रहे हैं और हम खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा की ओर कैसे बढ़ सकते हैं। वैश्विक खाद्य संकट के जवाब में 1977 में स्थापित आईएफएडी एक विशेष संयुक्त राष्ट्र एजेंसी और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान है। यह ग्रामीण समुदायों में भुखमरी और गरीबी से निपटता है। ग्रामीण क्षेत्रों, खासकर छोटे और सीमांत किसानों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में पूछने पर लारियो ने कहा कि यह एक प्रमुख चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि छोटे किसानों को कई तरह के जलवायु झटकों से निपटने के लिए कम से कम 75 अरब अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता है। वित्त वर्ष 2015-16 की 10वीं कृषि जनगणना के अनुसार, दो हेक्टेयर से कम भूमि वाले छोटे और सीमांत किसान भारत के सभी किसानों का 86.2 प्रतिशत हैं, लेकिन उनके पास खेती की केवल 47.3 प्रतिशत भूमि है।

## 12 से अधिक देशों के साथ सक्रिय बातचीत जारी

नयी दिल्ली। भारत एक दर्जन से अधिक देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश संधियों (बीआईटी) पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। इन देशों में सऊदी अरब, कतर, इजरायल, ओमान, यूरोपीय संघ, स्विट्जरलैंड, रूस और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसके अलावा ताजिकिस्तान, कंबोडिया, उरुग्वे, मालदीव और कुवैत के साथ भी बातचीत चल रही है। बीआईटी से एक-दूसरे के देशों में निवेश की सुरक्षा और संवर्धन में मदद करती हैं। भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और वैश्विक विनिर्माण का केंद्र बनने के करीब है। इसलिए सरकार निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठा रही है। अधिकारी ने कहा कि उम्मीद है कि अगले 3-6 महीनों में इनमें से कुछ देशों के साथ बीआईटी को अंतिम रूप दिया जाएगा और इसकी घोषणा की जाएगी। पिछले बजट में सरकार ने मौजूदा मॉडल द्विपक्षीय निवेश संधि को और अधिक निवेशक-अनुकूल बनाने और विदेशी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए इसमें सुधार करने की घोषणा की थी।

## टाटा ने शुरू किया नयी हैरियर ईवी का उत्पादन

बंगलुरु। टाटा मोटर्स ने आज भारत की सबसे ताकतवर, सबसे सक्षम और सबसे स्मार्ट एसयूवी हैरियर ईवी का उत्पादन शुरू कर दिया है। यह गाड़ी पूरे गर्व के साथ टाटा मोटर्स के अत्याधुनिक पुणे प्लांट की उत्पादन लाइन से बाहर निकली, जिसने इसका शानदार डेब्यू किया। तेज बुकिंग और जबरदस्त बाजार प्रतिक्रिया के साथ, हैरियर ईवी अब देश भर के डीलरशिप पर पहुंचने को तैयार है, और इसकी कस्टमर डिलीवरी जुलाई 2025 से शुरू होगी। हैरियर ईवी दो ड्राइव कॉन्फि गरेशन में उपलब्ध होगीक्वाड व्हील ड्राइव और रियर व्हील ड्राइव।

## एशियन पेंट्स का एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक लॉन्च



नई दिल्ली। भारतीय घरों की चहल-पहल और जीवंतता उनकी पहचान है, जिससे ऐसी आंतरिक सज्जा की मांग बढ़ती जा रही है जो न केवल सुंदर हो, बल्कि समय के साथ दाग-धब्बों का भी सामना कर सके। एशियन पेंट्स से बेहतर इस जरूरत को कोई नहीं समझ सकता। भारतीय घरों को बदलने के दशकों के अनुभव के साथ, पेंट्स और डेकोर में देश का अग्रणी नाम अब अपने नवीनतम इनोवेशन लोटस इफेक्ट टेक्नोलॉजी से युक्त एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक को पेश कर रहा है। यह अत्याधुनिक प्रीमियम इंटीरियर पेंट बेहतरीन दाग प्रतिरोधक क्षमता, अग्नि प्रतिरोधी विशेषता और सुंदर फिनिश के साथ आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप बनाया गया है। एशियन पेंट्स ने पिछले आठ दशकों में न केवल रंगों में, बल्कि तकनीक, सौंदर्य और प्रदर्शन के क्षेत्र में लगातार नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं।

# छह कंपनियों की पूंजी 70325 करोड़ घटी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 70,325.5 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 626.01 अंक या 0.74 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का बाजार मूल्यांकन बढ़ा। वहीं एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 19,284.8 करोड़ रुपये घटकर 15,25,339.72 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक के बाजार मूल्यांकन में 13,566.92 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 10,29,470.57 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 13,236.44 करोड़ रुपये घटकर 5,74,977.11 करोड़ रुपये पर और एलआईसी की 10,246.49 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,95,277.16 करोड़ रुपये पर आ गई। टीसीएस के बाजार पूंजीकरण में 8,032.15 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 12,37,729.65 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 5,958.7 करोड़ रुपये घटकर 11,50,371.24 करोड़ रुपये रह गई। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 15,359.36 करोड़ रुपये बढ़कर 20,66,949.87 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 13,127.51 करोड़ रुपये बढ़कर 6,81,383.80 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 7,906.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,49,757.36 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 5,756.38 करोड़ रुपये बढ़कर 7,24,545.28 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

# कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा




नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के नतीजों से तय होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित जवाबी शुल्क के निलंबन की 90 दिन की अवधि नौ जुलाई को समाप्त हो रही है। ऐसे में यदि वार्ता के नतीजे सकारात्मक रहते हैं, तो बाजार की धारणा को बल मिल सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

उनका कहना है कि इसके अलावा आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे और विदेशी कोषों का प्रवाह भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इस सप्ताह नौ जुलाई को भारत सहित दर्जनों देशों पर अमेरिकी प्रशासन द्वारा लगाए गए जवाबी शुल्क के निलंबन की 90 दिन की अवधि समाप्त हो रही है। अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया था, जिसे बाद में 90 दिन के लिए रोक दिया गया। यह सप्ताह न केवल भारतीय, बल्कि वैश्विक बाजारों के लिए भी महत्वपूर्ण है। सबसे अधिक महत्वपूर्ण घटनाक्रम नौ जुलाई की जवाबी शुल्क निलंबन की समयसीमा की समाप्ति है। इससे वैश्विक व्यापार के भविष्य को आकार मिलेगा। निवेशक उसी दिन फेडरल ओपन मार्केट कमेटी के बैठक के ब्योरे का भी इंतजार करेंगे। घरेलू स्तर पर निवेशकों की निगाह आईटी कंपनी टीसीएस और खुदरा क्षेत्र की दिग्गज एवेन्यू सुपरमार्ट्स के तिमाही नतीजों पर रहेगी। इसके अलावा कई अन्य कंपनियों के भी चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजे आएंगे। साथ ही ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी।

# दिवाला कानून पीएमएलए को नजर अंदाज नहीं कर सकता

नयी दिल्ली। दिवाला और ऋणशोधन अक्षमता संहिता के तहत धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) को नजरअंदाज नही किया जा सकता है। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने अपने आदेश में यह बात कही है।

अपीलीय न्यायाधिकरण ने यह भी कहा कि कर्ज में डूबी किसी फर्म की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कुर्क करने और सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसकी पुष्टि करने के बाद उसे समाधान योजना के लिए जारी नहीं किया जा सकता है। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने कहा कि दिवाला और ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की धारा 14 के तहत, समाधान के लिए ऐसी संपत्तियों पर रोक अवधि लागू है। हालांकि, अगर संपत्ति को अपराध की आय माना जाता है और पहले से ही दंडात्मक कानून के तहत सक्षम प्राधिकारी उस पर फैसला कर रहे हैं, तो ऐसी संपत्ति को स्वतंत्र रूप से उपलब्ध समाधान संपत्ति का हिस्सा नहीं माना जा सकता है। अपीलीय न्यायाधिकरण ने माना कि यदि प्रवर्तन निदेशालय पीएमएलए के तहत किसी संपत्ति को कुर्क करता है, और ऐसा वैध रूप से किया गया है, तो इसे आईबीसी के तहत समाधान के लिए नहीं लाया जा सकता।

# सरसों, सोयाबीन, मूंगफली तेल में सुधार



नयी दिल्ली। विदेशों में खाद्य तेल कीमतों में मजबूती के बीच घरेलू तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सरसों, सोयाबीन, मूंगफली तेल-तिलहन, बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ, जबकि कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल के दाम स्थिर बने रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम में मजबूती दिखी पर उसका स्थानीय कारोबार में कीमतों पर उतना कोई विशेष असर नहीं दिखा।

सूत्रों ने कहा कि मंडियों में सरसों की आवक कमजोर बनी हुई है। इसके अलावा कच्ची घानी की बड़ी तेल मिलों की मांग भी बढ़ी है। आगामी सरसों फसल के आने में भी अच्छा-खासा समय बचा हुआ है। सरकार या फिर किसानों के पास सरसों का स्टॉक है और आगे सरसों के बाजार का रुख या घट-बढ़ सरकार द्वारा उठाये जाने वाले कदम से ही तय होगा। अभी हाल में वर्ष 2025 की जो सरसों फसल सरकार ने खरीदी थी, उनके बिक्री के लिए सरकार द्वारा निविदा मंगाने की पहल से बाजार पर कुछ दबाव आया है। कुल मिलाकर फिलहाल सरसों का दाम अभी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से लगभग छह-सात प्रतिशत उंचा चल रहा है। उन्होंने कहा कि बीते सप्ताह विदेशों में सोयाबीन का दाम पहले के ।,130-।,135 डॉलर प्रति टन से बढ़कर ।,155-।,160 डॉलर प्रति टन हो गया। इस वजह से सोयाबीन तेल-तिलहन कीमतों में भी सुधार प्रतीत हो रहा है। वास्तव में कहें तो सोयाबीन के किसान और आयातक की हालत काफी बुरी है क्योंकि इसके हाजिर दाम एमएसपी से काफी नीचे (लगभग 15 प्रतिशत नीचे) हैं और इस वजह से किसानों की ओर से मंडियों में आवक भी कम हो रही है।

# 700 मेगावाट के पीएचडब्ल्यूआर को परिचालन मिला का लाइसेंस

नयी दिल्ली। भारत के परमाणु नियामक एईआरबी ने गुजरात के काकरापार परमाणु ऊर्जा स्टेशन (केएपीएस) में दो स्वदेशी 700 मेगावाट के दाबयुक्त भारी जल रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) के लिए परिचालन लाइसेंस दिया है।

केएपीएस-3 रिएक्टर को अगस्त, 2023 में पूरी क्षमता पर चालू किया गया था, जबकि केएपीएस-4 इकाई को एक साल बाद उसी महीने चालू किया गया। नियामक ने बयान में कहा कि परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एईआरबी) ने डिजाइन और निष्पादन सुरक्षा समीक्षा पूरी कर ली है और देश के पहले 700 मेगावाट के स्वदेशी दाबयुक्त भारी जल रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) केएपीएस-3 और केएपीएस-4 की इकाइयों तीन और चार के संचालन के लिए लाइसेंस जारी कर दिया है। चूंकि 700 मेगावाट का रिएक्टर अपनी तरह का पहला रिएक्टर है, इसलिए लाइसेंसिंग प्रक्रिया में रिएक्टर डिजाइन की कठोर बहु-स्तरीय सुरक्षा समीक्षा और मूल्यांकन किया गया। भारतीय परमाणु बिजली निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) को तीन जुलाई को एईआरबी से केएपीएस-3 और केएपीएस-4 के लिए पांच साल की अवधि के लिए परिचालन लाइसेंस मिला। लाइसेंस जारी होना एनपीसीआईएल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो 700 मेगावाट के 10 पीएचडब्ल्यूआर के निर्माण की अगुवाई कर रहा है।

# रुपये पर तस्वीर के लिए महात्मा गांधी पर बनी थी सहमति




नयी दिल्ली। रुपये पर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर लगाने के लिए रबीन्द्रनाथ टैगोर, मदर टेरेसा समेत कई नामों पर विचार किया गया था लेकिन सहमति महात्मा गांधी के नाम पर बनी थी। उसी आम सहमति का नतीजा है कि नोट पर गांधी की तस्वीर लंबे समय से बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कामकाज पर बने एक वृत्तचित्र में यह कहा गया है।

आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को लोगों के सामने लाने के लिए हाल में जारी वृत्तचित्र के जरिये यह भी बताया है कि वह प्रिंटिंग प्रेस से देश के हर कोने में रुपये को पहुंचाने के लिए ट्रेन, जलमार्ग, हवाई जहाज समेत बड़ी परिवहन प्रणालियों का उपयोग करता है। यह पहली बार है जब आरबीआई के कार्यों को वृत्तचित्र के रूप में लाया गया है। इसमें कहा गया है, बैंक नोट न केवल लेन-देन का साधन है, बल्कि देश की ताकत बयां करने के साथ संचार का प्रमुख जरिया भी है। आजादी से पहले ब्रिटिश भारत में रुपये पर उपनिवेशवाद और उससे जुड़े ऐतिहासिक और राजनीतिक संदर्भों का जिक्र होता था। इसमें वनस्पति और जीव-जन्तुओं (बाघ, हिरण) की तस्वीर होती थी...। रुपये पर ब्रिटिश साम्राज्य की भव्यता को सजावटी हाथियों और राजा के अलंकृत चित्रों के माध्यम से दर्शाया जाता था। आरबीआई के अनुसार, लेकिन जब भारत आजाद हुआ, धीरे-धीरे रुपये में छपी तस्वीरों में भी बदलाव आया। शुरू में रुपये पर अशोक स्तंभ के शेर के प्रतीक चिन्ह, चर्चित स्थलों आदि का उपयोग हुआ। धीरे-धीरे भारत के विकास और प्रगति के साथ रुपये ने चित्रों के माध्यम से विकास की कहानी को बयां करना शुरू किया। देश में विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति और हरित क्रांति की उपलब्धियों को नोट पर आर्यभट्ट और खेती करते किसानों आदि की तस्वीरों के जरिये बखूबी उकेरा गया। बाद में यह महसूस किया गया कि अगर बैंक नोट पर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर हो तो उसे पहचानना आसान हो जाता है। नकली नोट का अगर डिजाइन ठीक नहीं है तो प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर से लोगों के लिए असली और नकली नोट की पहचान करना सरल हो जाता है। भारतीय संदर्भ में नोट के डिजाइन और सुरक्षा विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए कई ऐसी हस्तियां थी, जिनकी तस्वीर नोट पर आ सकती थी। इसके लिए रबीन्द्रनाथ टैगोर, मदर टेरेसा और अबुल कलाम आजाद समेत कई प्रसिद्ध लोगों पर विचार किया गया लेकिन अंततः सहमति महात्मा गांधी पर बनी।

# चालू वित्त वर्ष में 50,000 कर्मचारियों की भर्ती करेंगे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक




नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अपनी बढ़ती कारोबारी जरूरतों और विस्तार के लिए चालू वित्त वर्ष में करीब 50,000 कर्मचारियों की भर्ती करेंगे। विभिन्न बैंकों से जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, कुल नई भर्तियों में से करीब 21,000 अधिकारी होंगे और बाकी लिपिक (क्लर्क) सहित अन्य कर्मचारी होंगे।

सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से सबसे बड़ा ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) इस वित्त वर्ष में विशेषज्ञ अधिकारियों सहित करीब 20,000 लोगों की नियुक्त करने जा रहा है। इस प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए, एसबीआई ने देशभर में अपनी शाखाओं में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पहले ही 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) और 13,455 जूनियर एसोसिएट्स की भर्ती कर ली है। 13,455 जूनियर एसोसिएट्स की भर्ती 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों को भरने के इरादे से की गई है। मार्च, 2025 तक एसबीआई के कुल कर्मचारियों की संख्या 2,36,226 थी। पिछले वित्त वर्ष के अंत तक बैंक में ।,15,066 अधिकारी कार्यरत थे। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति पूर्णकालिक कर्मचारी औसत भर्ती लागत 40,440.59 रुपये थी। एसबीआई से हर साल दो प्रतिशत से कम कर्मचारी नौकरी छोड़ते हैं। देश का दूसरा सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का ऋणदाता पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) चालू वित्त वर्ष में अपने कर्मचारियों की संख्या में 5,500 से अधिक की वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रहा है। मार्च, 2025 तक पीएनबी के कर्मचारियों की कुल संख्या ।,02,746 थी। एक अन्य सरकारी बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया चालू वित्त वर्ष के दौरान लगभग 4,000 कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बना रहा है।

पेज एक का शेष

### एलन मस्क ने

पंजीकरण कराना होता है। सीएनएन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि एफईसी की हालिया फाइलिंग में ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है। मस्क ने पहली बार पार्टी बनाने की संभावना ट्रंप के साथ अपने सार्वजनिक विवाद के दौरान उठाई थी। इसके बाद उन्होंने सरकारी दक्षता विभाग का अपना जिम्मा छोड़ दिया था। ट्रंप और मस्क के बीच सोशल मीडिया पर काफी तकरार देखने को मिली थी। इसी तनातनी के बीच मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट किया जिसमें उपयोगकर्ताओं से पूछा गया कि क्या अमेरिका में एक नयी राजनीतिक पार्टी होनी चाहिए जिसमें लोगों ने उनकी बात का समर्थन किया था।

### वैश्विक कल्याण

साउथ के सामने आने वाली चुनौतियों पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रमुखता से चर्चा होने की उम्मीद है। ब्राजील के राष्ट्रपति की ओर से शिखर सम्मेलन स्थल पर स्वागत किए जाने के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहारियो डी जेनेरियो में इस वर्ष के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए राष्ट्रपति लूला का आभारी हूं। ब्रिक्स आर्थिक सहयोग और वैश्विक कल्याण के लिए एक बड़ी ताकत बना हुआ है। भारत अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालेगा।

### भारत और

सचिव (पूर्व) पेरियासामी कुमारन ने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य, प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स सहित कई क्षेत्रों में भारत-अर्जेंटीना सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मोदी और मिलेई ने रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने पर भी सहमति जतायी। कुमारन ने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार का विस्तार और विविधता लाने की आवश्यकता पर चर्चा की। कुमारन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहते हुए भारत-एमईआरसीओएसयूआर व्यापार समझौते के विस्तार में अर्जेंटीना का समर्थन मांगा कि इससे दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध भी गहरे हो सकते हैं। तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) का उद्देश्य भारत और एमईआरसीओएसयूआर समूह के बीच आर्थिक संबंधों का विस्तार करना है, जिसमें अर्जेंटीना, ब्राजील, पैराग्वे और उरुग्वे शामिल हैं। मोदी और मिलेई ने एक-दूसरे के बाजारों में कृषि उत्पादों की पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया और संबंधित अधिकारियों को कृषि पर एक संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने के निर्देश जारी किए। फरवरी 2019 में अर्जेंटीना के तत्कालीन राष्ट्रपति मौरिसियो मैक्री की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। दोनों पक्ष व्यापार, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, तेल और गैस, परमाणु ऊर्जा, कृषि, संस्कृति और प्रौद्योगिकी जैसे कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं। भारत और अर्जेंटीना के बीच खनिज संसाधन क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहयोग है, विशेष रूप से लिथियम में। अगस्त 2022 में खनिज संसाधनों के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। समझौता ज्ञापन के ढांचे के तहत गठित संयुक्त कार्य समूह की पहली बैठक जनवरी में हुई थी। भारत-अर्जेंटीना द्विपक्षीय व्यापार में तेजी आई है। वर्ष 2019 से 2022 तक तीन वर्षों में व्यापार की मात्रा दोगुनी से अधिक हो गई।

### अलीगढ़ में तनाव

कि कुछ लोग दरगाह परिसर में चारदीवारी के एक हिस्से से घुसे थे जो कुछ समय से टूटी हुई थी। शांति भंग करने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि व्यस्त अलीगढ़-पलवल मार्ग पर स्थित इस क्षेत्र में अब सामान्य स्थिति बहाल हो गई है। दरगाह प्रबंधन समिति के प्रवक्ता शहजाद खान ने कहा कि मजार को नुकसान पहुंचाये जाने की खबर रविवार सुबह तब पता लगी जब श्रद्धालु मुहर्म के त्योहार के अवसर पर लोग कब्रिस्तान में फातिहा पढ़ने पहुंचे। उन्होंने कहा कि करीब तीन सप्ताह पहले भी कब्र को नुकसान पहुंचाने की ऐसी ही कोशिश की गई थी लेकिन उसके दोषियों को भी आज तक पकड़ा नहीं जा सका है। खान ने अधिकारियों से क्षेत्र के सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास करने वालों की पहचान करने और उन्हें दंडित करने का आग्रह किया है। बहरहाल, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और एहतियात के तौर पर घटनास्थल पर सुरक्षा बढ़ा दी है।

### अब गोवंश

ऊर्जा उत्पादन और सामाजिक स्वावलंबन जैसे पहलुओं को समाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और गांवों में सतत विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

### इजराइली हवाई

पर स्थित एक क्षेत्र है, जहां कई विस्थापित लोग तंबुओं में रहते हैं। इजराइली सेना ने इन हमलों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में गाजा पट्टी में 130 ठिकानों पर हमला किया। इसने कहा कि हमलों में हमास के कमान और नियंत्रण ढांचे, भंडारण केंद्रों और हथियारों को निशाना बनाया गया तथा उत्तरी गाजा में कई आतंकवादी मारे गए।

### मंडी में बादल

ठाकुर के निजी सुरक्षा अधिकारी हैं। बलवंत ने बताया, बच्ची हमारे पास है। उन्होंने कहा कि उप-विभागीय मजिस्ट्रेट ने बच्ची के नाम पर बैंक खाता खोलने की पेशकश की है और यह खाता कल खोला जाएगा। बलवंत ने कहा, उन्होंने (एसडीएम ने) कहा कि बहुत सारी कॉल आ रही हैं और लोग इस त्रासदी के बारे में सुनने के बाद बच्ची की मदद के लिए आगे आ रहे हैं।

बादल फटने से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र पवारा, थुनाग, बैदशाड़, कंडा और मुराद हैं। इन सभी पंचायतों में भारी तबाही हुई है, जहां सड़क, पानी और बिजली योजनाओं को काफी नुकसान पहुंचा है।

अधिकारियों ने बताया कि मंडी जिले में बादल फटने, अचानक बाढ़ और भूस्खलन की दस घटनाओं में अब तक चौदह लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 31 लापता लोगों की तलाश जारी है। बलवंत ने बताया कि रमेश ने भी मात्र छह महीने की उम्र में अपने पिता को खो दिया था। रमेश एक किसान था जिसकी कमाई अच्छी नहीं थी और घर के खर्च के लिए उसे पुर्नू देवी की तनख्वाह पर निर्भर रहना पड़ता था। पुर्नू देवी एक सरकारी स्कूल में चपरासी है और सात महीने में रिटायर होने वाली थी। नितिका की देखभाल के लिए उसके रिश्तेदारों को 25 हजार रूपये की राहत राशि दी गई है।

### 'जंगल सफारी' बना

संबंधों का प्रतीक है। हर लगाया गया पौधा मां के आशीर्वाद की तरह है, जो धरती को पोषण और जीवन प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने वनों एवं वन्यजीवों की रक्षा, संरक्षण और समृद्धि हेतु विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों को उत्तराखंड की जैव विविधता की सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका बताया। उन्होंने विभाग की मेहनत, निष्ठा और समर्पण को राज्य के प्राकृतिक सौंदर्य और हरियाली के संरक्षण के लिए आवश्यक बताया। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी है और सभी को इसमें भागीदार बनना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अपनी माँ के नाम पर अवश्य लगाए। मुख्यमंत्री ने यह भी दोहराया कि राज्य सरकार जल, जंगल और जमीन की अमूल्य धरोहर को संरक्षित रखने के लिए जनभागीदारी के साथ निरंतर कार्य करती रहेगी।

### यूपी के कुछ

तीन चार दिन पश्चिमी तराई और मध्य यूपी में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। सोमवार को भी लखनऊ को गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तो वहीं रात का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहने का पूवानुमान है। हवा में 90 से 60 फीसद तक नमी बनी रहेगी। आसमान में बादल छाए रहेंगे। कुछएक इलाकों हल्की बारिश हो सकती है। बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में। बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, बहराइच, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, विजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में।

### अपराध नियंत्रण

पर जोर दिया गया है।

गोयल ने पत्र में कहा कि कृपया समय-समय पर अपनी बैठकों में इसकी समीक्षा करें। नैटग्रिड समाधान में और अधिक सुविधाएंकार्यक्षमताएं जोड़ने का काम जारी रखे हुए है तथा नियमित प्रशिक्षणाप्रतिक्रिया सत्र आयोजित कर रहा है। नैटग्रिड, जहां भी आवश्यक हो, पुलिस अधिकारियों के लिए समर्पित प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित कर सकता है। पत्र में कहा गया है कि सहयोगात्मक प्रयासों से कई नए उपयोगकर्ताओं ने सक्रिय रूप से इस प्रणाली का उपयोग करना शुरू कर दिया है। नैटग्रिड समाधान के उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। गोयल ने पत्र में कहा कि मैं आंध्र प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र और असम द्वारा नैटग्रिड समाधान के निरंतर उपयोग को रेखांकित और उसकी सराहना करना चाहूंगा, जो जनवरी-जून 2025 की अवधि के लिए शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्य हैं। उन्होंने इन राज्यों के अलावा तमिलनाडु द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की, जिसने जून में एक महीने में कम से कम एक जानकारी प्राप्त करने की अर्जी देने वाले सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या में चार गुना वृद्धि की। मुंबई के 26।11 आतंकवादी हमलों के बाद नैटग्रिड की परिकल्पना की गई। यह अन्य एजेंसियों के अलावा खुफिया ब्यूरो, रिसर्च एंड एनलिसिस (रॉ), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी), राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) और प्रवर्तन निदेशालय को सूचना साझा करता है। इसमें रेलवे, बैंक, विमानन, क्रेडिट कार्ड कंपनियां और आव्रजन जैसी 20 से अधिक श्रेणियों में आंकड़े दर्ज हैं।

अधिकारियों ने बताया कि 2019 में अमित शाह के केंद्रीय गृह मंत्री बनने के बाद राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड (नैटग्रिड) की योजना तेजी से आगे बढ़ी।

## सेलेबी की याचिका पर फैसला सुना सकता है कोर्ट

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय तुर्किये की कंपनी सेलेबी की सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सोमवार को अपना फैसला सुना सकता है। बीसीएएस ने 15 मई को सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। इससे कुछ दिन पहले तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया था और पड़ोसी देश में आतंकी शिविरों पर भारत के हमलों की निंदा की थी। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने 23 मई को मामले में दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज और सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर जमीन पर रखरखाव और माल ढुलाई टर्मिनल संबंधी कार्यों की देखरेख करती हैं। केंद्रीय प्राधिकरण का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने विमानन सुरक्षा के लिए अभूतपूर्व खतरे की ओर इशारा करते हुए कार्वाई का बचाव किया।




# भारत ने इंग्लैंड को 336 रन से हराया

## बर्मिंघम में इंडिया की 58 साल में पहली जीत, आकाशदीप को 10 मिले, गिल के 430 रन

एजेंसी



बर्मिंघम । आकाश दीप ने जैमी स्मिथ, ओली पोप, हैरी ब्रूक, बेन डकेट और जो रूट के विकेट लिए। भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को बर्मिंघम के एजबेस्टन ग्राउंड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 336 रन से हरा दिया। इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। 608 रन के टारगेट का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम मैच के आखिरी दिन 271 रन पर ऑलआउट हो गई। यह इंग्लैंड की धरती पर रन के लिहाज से भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 279 रन से जीत का था। भारत ने 1986 में लीड्स में अंग्रेजों को इस अंतर से हराया था।

भारत ने बर्मिंघम में 58 साल में पहली जीत हासिल की है। इससे पहले यहां खेले 8 टेस्ट में से 7 में भारत को हार मिली थी और 1 मुकाबला ड्रॉ हुआ था। मैच के आखिरी दिन इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 72 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बारिश के कारण मुकाबला करीब 90 मिनट की देरी से शुरू हुआ। लंच तक अंग्रेजों ने तीन विकेट और गंवा दिए। दूसरे सत्र में बाकी बचे चार विकेट गिरे। भारत के लिए आकाश दीप ने 6, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा और रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया। भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 587 रन बनाए थे। शुभमन गिल ने 269 रनों की पारी खेली। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर सिमट गई। भारत ने अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 427 रन के स्कोर पर घोषित कर दी। गिल फिर टॉप स्कोरर रहे और 161 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने इस मैच की दोनों पारियों में मिलाकर 430 रन बनाए, जबकि आकाश दीप ने 10 विकेट झटके। आकाश दीप ने जैमी स्मिथ, ओली पोप, हैरी ब्रूक, बेन डकेट और जो रूट के विकेट लिए। भारतीय टीम बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट की पहली जीत से 2 विकेट दूर है। 608 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड ने 245 रन पर 8 विकेट गंवा दिए हैं। इंग्लैंड को 33 ओवर में 363 रन बनाने हैं। ब्रायडन कार्स और जोश टंग क्रीज पर हैं। जैमी स्मिथ (88 रन) को आकाश दीप ने वॉशिंगटन सुंदर के हाथों कैच कराया। वे 5 विकेट ले चुके हैं। आकाश ने ओली पोप (24 रन), हैरी ब्रूक (23 रन), बेन डकेट और जो रूट के विकेट भी झटके। प्रसिद्ध कृष्णा ने क्रिस वोक्स (7 रन), वॉशिंगटन सुंदर ने बेन स्टोक्स (33 रन) और मोहम्मद सिराज ने जैक क्रॉली को पवेलियन भेजा। रविवार को एजबेस्टन मैदान पर चल रहे मैच का 5वां दिन है और दूसरा सेशन जारी है। बारिश के कारण दिन का खेल डेढ़ घंटे देरी से शुरू हुआ।

इस कारण 10 ओवर कम किए गए। आज 80 ओवर ही फेंके जाएंगे। इंग्लैंड ने पांचवें दिन 72/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया। भारत ने अपनी दूसरी पारी 427/6 के स्कोर पर डिक्लेयर की। पहली पारी में भारत ने 587 और इंग्लैंड ने 407 रन बनाए थे। यहां भारत को पहली पारी में 180 रन की बढ़त मिली थी। 56वें ओवर में इंग्लैंड ने 8वां विकेट गंवाया। यहां जैमी स्मिथ (88 रन) को आकाश दीप ने वॉशिंगटन सुंदर के हाथों कैच कराया। वे 5 विकेट ले चुके हैं। आकाश ने ओली पोप (24 रन), हैरी ब्रूक (23 रन), बेन डकेट और जो रूट के विकेट भी झटके। 53वें ओवर में इंग्लैंड ने 7वां विकेट गंवा दिया है। यहां प्रसिद्ध कृष्णा ने क्रिस वोक्स को सिराज के हाथों कैच कराया। वोक्स 7 रन बनाकर आउट हुए। इसी ओवर में जैमी स्मिथ ऊफर लेकर छइह होने से बच गए। फील्ड अंपायर ने उन्हें भारत की अपील पर आउट दे दिया था। रिप्ले से पता चला कि बॉल स्टंप से ऊपर थी। जैमी स्मिथ ने वॉशिंगटन सुंदर के ओवर में 17 रन बनाए।

## हरविंदर के दोहरे स्वर्ण से भारत एशियाई पैरा चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहा



बीजिंग। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत पैरालंपिक चैंपियन हरविंदर ने दो स्वर्ण पदक के साथ पदक की हैट्रिक पूरी की जिससे भारत रविवार को यहां बीजिंग 2025 एशियाई पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप की पदक तालिका में मेजबान चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा। भारत ने प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक जीते। चीन 10 स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर रहा। पुरुष रिकर्व क्वालीफाइंग दौर में 663 अंक के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और नए चैंपियनशिप रिकॉर्ड के साथ शीर्ष पर रहे हरविंदर ने इससे पहले भावना के साथ मिलकर रिकर्व ओपन मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। प्रतियोगिता के अंतिम दिन हरविंदर ने रिकर्व पुरुष ओपन खिताब भी जीता जिससे प्रतियोगिता में उनके नाम तीन पदक रहे। हरविंदर और भावना ने चीन के झिहान गाओ और जुन गेन को फाइनल में 5-4 (14-8) से हराकर खिताब जीता। गाओ शूट ऑफ में चूक गए जिससे भारतीय जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। रिकर्व पुरुष ओपन फाइनल में हरविंदर ने थाईलैंड के हेनरुचाई नेतसिरी को 7-1 से हराकर भारत को प्रतियोगिता का तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया। भारत ने एक और स्वर्ण कंपाउंड महिला टीम स्पर्धा में जीता जहां शीतल देवी और ज्योति ने ल्यु झेंग और जिंग झाओ की चीन की जोड़ी को 148-143 से हराया। चीन की जोड़ी अंतिम अंतिम चरण में चूक गए जिसमें ल्यु एक निशाना लगाने में नाकाम रहीं। इससे पहले हरविंदर और विवेक चिकारा ने रिकर्व पुरुष युगल ओपन में रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी को जुन गेन और लीशुइ झाओ की चीन की जोड़ी के खिलाफ फाइनल में शूट ऑफ में 4-5 (17-18) से हार झेलनी पड़ी। राकेश कुमार और श्याम सुंदर स्वामी को भी रजत पदक से संतोष करना पड़ा जब यह जोड़ी कंपाउंड पुरुष युगल ओपन में आइ शिनलियांग और यिचेंग झेंग की चीन की जोड़ी से करीबी मुकाबले में 155-156 से हार गई।

## संक्षेप

### खाचानोव विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में

लंदन। रूस के कारेन खाचानोव ने रविवार को यहां विम्बलडन के अंतिम 16 दौर के मैच में विश्व रैंकिंग में 109वें स्थान पर काबिज कामिल माजचरजाक को शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सत्रहवीं वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचे माजचरजाक को सीधे सेटों में 6-4, 6-2, 6-3 से हराया। खाचानोव के सामने क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज या जॉर्डन थॉम्पथन की चुनौती होगी।

### भुल्लर मोरक्को में संयुक्त 24वें स्थान पर पहुंचे

रबात (मोरक्को)। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को के तीसरे दौर में दो अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद 12 स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 24वें पायदान पर पहुंच गये। एशियाई टूर पर 11 खिताब जीतने वाले भुल्लर ने तीसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाये। प्रतियोगिता कट में प्रवेश करने वाले एक अन्य भारतीय अजीतेश संधू 75 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 65वें स्थान पर है। इससे पहले खलिन जोशी (74-74), राशिद खान (77-72), एस चिक्कारंगप्पा (75-75), एसएसपी चौरसिया (74-76), युवराज संधू (76-74), राहिल गंगजी (75-75), विराज मडप्पा (78-76), करणदीप कोचर (78-80) और अमन राज (79-79) दूसरे दौर के बाद कट से बाहर हो गये थे।

### पहली ओडिशा प्रो टी 20 लीग सितंबर में

कटक। ओडिशा क्रिकेट संघ (ओसीए) ने रविवार को ओडिशा प्रो टी20 लीग शुरू करने की घोषणा की। इस फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग का सितंबर में पदार्पण होगा जिसमें छह टीम हिस्सा लेंगी। ओसीए ने कहा कि ओडिशा प्रो टी20 लीग को उभरती प्रतिभाओं को निखारने के लिए एक बेहतरीन मंच के रूप में डिजाइन किया गया है जो खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर की प्रतिस्पर्धा, प्रदर्शन और खेल के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करता है।

### दीक्षा आयरिश ओपन में संयुक्त 53वें स्थान पर

किल्डारे (आयरलैंड)। भारत की दीक्षा डागर तीसरे दौर में पार 73 के स्कोर से लेडीज यूरोपीय टूर के 2025 केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में तीन स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 53वें स्थान पर हैं। दीक्षा ने अब तक तीन दौर में 75, 73 और 73 के स्कोर से कुल दो ओवर का स्कोर बनाया है।

## क्लब विश्व कप के सेमीफाइनल में रियाल मैड्रिड व पीएसजी

एजेंसी



ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका), छह जुलाई (एपी) यूरोप के दो चोटी के क्लब रियाल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। रियाल मैड्रिड ने शनिवार की रात को खेले गए मैच में किलियन एमबाप्पे के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बाइसिकल किक से किए गए शानदार गोल की मदद से बोरूसिया डॉर्टमंड को 3-2 से हराया।

गोंजालो गार्सिया और फ्रान गार्सिया ने पहले 20 मिनट में गोल करके मैड्रिड को 2-0 की बढ़त दिला दी। इससे मैड्रिड की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन दूसरे हाफ का इंजरी टाइम घटना प्रधान रहा जिसमें तीन गोल हुए। डॉर्टमंड के मैक्सिमिलियन बेयर ने इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में गोल किया लेकिन एमबाप्पे ने एक मिनट बाद बाइसिकल किक से खूबसूरत गोल किया जिससे मैड्रिड ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। सेरहो गुइरासी ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदल दिया। डॉर्टमंड को डीन हुइजसेन के फाउल करने के कारण यह पेनल्टी मिली थी। रियाल मैड्रिड के खिलाड़ी को रेड कार्ड मिला और वह सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे। इससे पहले एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को 2-0 से हराया। पीएसजी की तरफ से डिजायर डोउ और ओसमाने डेम्बले ने गोल किए। प्रतियोगिता के एक अन्य सेमीफाइनल में यूरोप के क्लब चेल्सी का ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस से मुकाबला होगा।

## विंबलडन में 100 जीत दर्ज करने वाले तीसरे खिलाड़ी बने जोकोविच

लंदन। नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में 100 जीत दर्ज करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने तीसरे दौर में सर्बिया के हम वतन खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविच पर 6-3, 6-0, 6-4 से जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की। उनसे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे। जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं। उन्होंने शनिवार को केकमानोविच के खिलाफ सेंटर कोर्ट पर पहले सेट में 3-3 के स्कोर से लगातार नौ गेम जीतकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने कोर्ट पर दिए साक्षात्कार में कहा, मैं अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में जो भी इतिहास बनाऊंगा, उसके लिए मैं आभारी हूं।

## महिला टीम का लंदन के इंडिया हाउस में भव्य स्वागत



लंदन। अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला खेलने के लिए इंग्लैंड के दौरे पर आई भारतीय महिला क्रिकेट टीम का यहां इंडिया हाउस में एक समारोह में भव्य स्वागत किया गया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम और मुख्य कोच अमोल मजूमदार के नेतृत्व में सहयोगी स्टाफ शनिवार शाम को भारतीय उच्चायोग के प्रांगण में आयोजित समारोह में शामिल हुए। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दोरईस्वामी ने कहा, उन्होंने जो किया है, वह खेलों में क्रांति लाने वाला है और यह भारत में हर चीज में भागीदारी के विचार में क्रांतिकारी बदलाव है। उन्होंने टीम को संबोधित करते हुए कहा, आज ऐसा कुछ भी नहीं है जिसके बारे में भारत की युवा महिलाएं सोचती हैं कि वे ऐसा नहीं कर सकती हैं, क्योंकि आप और क्रिकेट खिलाड़ियों की एक पुरानी पीढ़ी ने ऐसा किया है। आपके पास जादू है और आप मैदान पर जहां भी खेलती हैं, इसे हमारे साथ साझा करती हैं, जिसके लिए हम बहुत-बहुत आभारी हैं। दोरईस्वामी ने कहा जब आप हमारी क्रिकेट टीम, हमारी हॉकी टीम या हमारी किसी भी खेल की टीम को देखेंगे तो पाएंगे कि यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने कहा ये सिर्फ़ हमारी बेहतरीन खिलाड़ी ही नहीं हैं, बल्कि ये वो लड़कियां हैं जो हमारे देश के हर कोने से भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं।

## साक्षी ने विश्व मुक्केबाजी कप में जीता स्वर्ण

अस्ताना। दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को यहां दूसरे विश्व मुक्केबाजी कप में महिलाओं के 54 किग्रा फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया।

चौबीस साल की साक्षी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और अमेरिका की योसलाइन पेरेज के खिलाफ सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की। भारतीय दल ने यहां विश्व मुक्केबाजी कप में अच्छा प्रदर्शन किया है और कुल 11 पदक पक्के किए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे। पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ने गति और सटीक पंच के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया।

इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में स्थानीय दावेदार नाजिम काइजाइबे को कड़ी चुनौती दी लेकिन 2-3 के खंडित फैसले से हार गयी। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) को भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जुगनू को कजाकिस्तान के बेकजाद नूरदौलेटोव के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा जबकि पूजा को आस्ट्रेलिया की एसिटा फ्लिंट के खिलाफ इसी अंतर से शिकस्त मिली।

## महिलाओं की 5000 और 1500 मीटर दौड़ में नये विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी




यूजीन (अमेरिका)। कीनिया की बीट्राइस चेबेट ने प्रीफॉन्टेन क्लासिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ 13 मिनट 58.06 सेकंड में जीतकर विश्व रिकार्ड बनाया। चेबेट इस स्पर्धा में 14 मिनट से कम समय निकालने वाली पहली महिला **एथलीट** बन गई है।

उन्होंने इथियोपिया की गुडाफ त्सेगे द्वारा बनाए गए 14:00.21 के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। त्सेगे ने 2023 प्रीफोंटेन क्लासिक में यह रिकॉर्ड बनाया था। कीनिया की ही फेथ किपयेगोन ने महिलाओं की ।,500 मीटर दौड़ तीन मिनट 48.68 सेकंड में पूरी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस स्पर्धा में तीन बार की ओलंपिक चैंपियन किपयेगोन ने 3:49.04 के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने पिछले साल जुलाई में पेरिस ओलंपिक खेलों के दौरान बनाया था।

**अनिमेष कुजूर, मोहम्मद अफसल ने यूरोप में अलग-अलग स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े**

नयी दिल्ली। स्टार धावक अनिमेष कुजूर ने शनिवार को यूनान में ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट एंड रिलेज मीटिंग प्रतियोगिता में 10.18 सेकेंड के शानदार समय के साथ 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। बाईस वर्षीय कुजूर ने यूनान की राजधानी एथेंस में गुरिंदरवीर सिंह के 100 मीटर के पहले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड 10.20 सेकेंड को बेहतर बनाया। यूनान के सोटिरियोस गारगागनिस (10.23 सेकेंड) और सैमुली सैमुएलसन (10.28 सेकेंड) विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर लेबल मीट में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

कुजूर के नाम अब 100 मीटर और 200 मीटर दोनों राष्ट्रीय रिकॉर्ड हैं। उन्होंने मई में दक्षिण कोरिया में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पुरुषों की 200 मीटर फ़ाइनल में 20.32 सेकेंड का समय निकाल पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। इससे पहले एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता मोहम्मद अफसल ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया और पोलैंड के पोजनान में मेमोरियल चेस्लावा साइबुलस्कीगो में पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में ।:45 मिनट के अंदर का समय निकालने वाले पहले भारतीय बन गए। अफसल ने हांग्झोउ में 2022 एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। उन्होंने ।:44.96 मिनट का समय निकाला और टूर्नामेंट की हीट ए। में छठे स्थान पर रहे।

**विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2029 और 2031 के लिए बोली लगाएगा भारत**

बेंगलुरु। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रवक्ता आदिल सुमारिवाला ने रविवार को कहा कि भारत इस साल के अंत में प्रक्रिया शुरू होने पर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 2029 और 2031 दोनों सत्र की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा जिससे उसे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के किसी एक सत्र की मेजबानी मिलने की उम्मीद है। खेल की वैश्विक संचालन संस्था विश्व एथलेटिक्स सितंबर 2026 में 2029 और 2031 दोनों सत्र के मेजबान की घोषणा करेगी। सदस्य देशों द्वारा मेजबानी रुचि व्यक्त करने की समय सीमा एक अक्टूबर 2025 है। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और एएफआई के पूर्व अध्यक्ष सुमारिवाला ने पीटीआई को बताया, हम 2029 और 2031 (चैंपियनशिप) के लिए रणनीतिक बोली लगाने जा रहे हैं। दोनों सत्र की मेजबानी एक साथ सौंपी जाएगी और जिस भी सत्र की मेजबानी हमें मिले वह ठीक है।

उन्होंने कहा, अब भी कुछ समय है (प्रक्रिया शुरू होने में)। हम बोलियां सौंपेंगे। सुमारिवाला शनिवार को दोहरे ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा द्वारा अपनी मेजबानी में जीते गए एनसी क्लासिक अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता के पहले सत्र के लिए यहां आए थे। विश्व चैंपियनशिप के लिए शुरुआती आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एक अप्रैल 2026 है। इच्छुक देशों को पांच अगस्त 2026 तक अंतिम बोली आवेदन प्रस्तुत करना होगा जिसके बाद विश्व एथलेटिक्स परिषद विश्व चैंपियनशिप के 2029 और 2031 सत्र के मेजबान शहरों की घोषणा करेगा। एएफआई ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की इच्छा के मद्देनजर कई प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं के लिए बोली लगाने का फैसला किया था। महासंघ ने पहले 2029 विश्व चैंपियनशिप के लिए बोली लगाने की बात की थी लेकिन 2031 सत्र के लिए रणनीतिक बोली लगाने का विचार इस कारण से भी हो सकता है कि एशिया इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के 2025 और 2027 दोनों सत्र की मेजबानी कर रहा है और भारत के लिए इसके अगले सत्र की मेजबानी प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है। विश्व चैंपियनशिप 2025 सितंबर-अक्टूबर में तोक्यो में आयोजित की जाएगी जबकि 2027 का टूर्नामेंट बीजिंग में होगा। ऐसी स्थिति में भारत के पास 2031 सत्र की मेजबानी हासिल करने का बेहतर मौका होगा। भारत को 2029 सत्र की मेजबानी देने का मतलब होगा कि एशिया लगातार तीन बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।

भारत को सबसे पहले 2028 में जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने का मौका मिल सकता है जिसके लिए एएफआई ने तब आशय पत्र सौंप दिया था जब विश्व एथलेटिक्स प्रमुख सबेस्टियन को ने 2024 के अंत में देश का दौरा किया था। सुमारिवाला ने कहा, हमने 2028 जूनियर विश्व चैंपियनशिप के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है। विश्व एथलेटिक्स दिसंबर 2025 में जूनियर विश्व चैंपियनशिप के 2028 और 2030 दोनों सत्र के मेजबानों की घोषणा करेगा। बोली आवेदन जमा करने की शुरुआती समय सीमा 22 सितंबर 2025 है।

## दीपिका का नीदरलैंड पर किया गया गोल मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका को 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सत्र के दौरान दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ किए गए मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकन शुक्रवार को जारी किए गए। विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया जाएगा। मतदान करने की अंतिम तिथि भारतीय समयानुसार 14 जुलाई सुबह तीन बजकर 29 मिनट है। इस पुरस्कार के लिए कुल तीन गोल को नामांकित किया गया है। दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया।

## सूर्यवंशी वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने, भारत ने जीती श्रृंखला



एजेंसी

वॉर्सेस्टर। प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी ने अपनी दमदार बल्लेबाजी से प्रभावित करना जारी रखते हुए युवा वनडे मैच का सबसे तेज शतक जड़ा जिससे भारत की अंडर-19 टीम ने शनिवार को यहां चौथे मैच में इंग्लैंड को 55 रन से हराकर श्रृंखला जीत ली। भारतीय अंडर-19 टीम ने इस तरह पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली। आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यावंशी ने 50 ओवर के प्रारूप में भी अपनी काबिलियत साबित की। उन्होंने सिर्फ 78 गेंदों की पारी में 13 चौके और 10 छक्कों की मदद से 143 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 183 का रहा जिससे भारत ने नौ विकेट पर 363 रन बनाये। फिर इंग्लैंड की टीम को 45.3 ओवर में 308 रन पर समेट दिया।

नमन पुष्पक ने 63 रन देकर तीन विकेट लिए। सूर्यावंशी ने अपना शतक 52 गेंद में पूरा कर सबसे तेज युवा वनडे शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह रिकॉर्ड पहले पाकिस्तान के कामरान गुलाम के नाम था। गुलाम ने 2013 में इंग्लैंड के खिलाफ ही 53 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। भारतीय खिलाड़ियों में यह रिकॉर्ड राज अंगद बावा के नाम था जिन्होंने 2022 में अंडर-19 विश्व कप में युगांडा के खिलाफ 69 गेंदों में शतक बनाया था। वह इसके साथ ही युवा क्रिकेट के सबसे कम उम्र के बल्लेबाज भी बन गए हैं। सूर्यवंशी की उम्र 14 साल और 100 दिन है। उन्होंने बांग्लादेश के नाजमुल हुसैन शान्टो का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 14 साल और 241 दिन की उम्र में तीन अंकों का आंकड़ा पार किया था। सूर्यवंशी ने इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए सिर्फ 35 गेंद में शतक जड़ा था। वह इस लीग के सबसे युवा शतकवीर बनने के साथ सबसे तेजी से शतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बने थे।

